4 रायपुर संभाग
जिला धमतरी भाजपा की हुई बैठक नेताओं ने दिया मार्गदर्शन

6 अभिमत
न्याय में देरी सुधार जरूरी

09 विविध
लाइनिंग में हुए भ्रष्टाचार में ठेकेदार की लीपापोती

10 संस्कारधानी
दर्जनभर से ज्यादा गांवों में डायरिया... 24 घंटे चल...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 08 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-346 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जयंती समारोह में मुख्य अतिथि होंगे धनखड़



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नौ एवं 10 अगस्त को राजस्थान की यात्रा पर रहेंगे और जोधपुर में न्यायिक अधिकारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ नौ अगस्त से जोधपुर, राजस्थान के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे।

### मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री निवास में होने वाला साप्ताहिक जनदर्शन का कार्यक्रम आज पूर्वाह्न 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जनदर्शन में आम जनता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रूबरू होकर अपने आवेदन/समस्या रख सकेंगे और समाधान प्राप्त कर सकेंगे।

### विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने नियुक्त किये प्रभारी

**रायपुर।** भाजपा ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

### भारतवासियों के लिए गौरव, विजेता और चैंपियन हैं विनेश : सीएम योगी



**लखनऊ।** पेरिस ओलंपिक-2024 में अयोग्य घोषित की गयी महिला पहलवान विनेश फोगाट को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ढाढस बंधाया है। विनेश ने कुश्ती में भारत के लिए पदक पक्का कर लिया था, लेकिन बुधवार को उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस निर्णय के साथ भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ओलंपिक से बाहर हो गई। योगी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा विनेश फोगाट जी, आप सभी भारतवासियों के लिए गौरव हैं, विजेता हैं, चैंपियन हैं। निराश मत होइए पेरिस ओलंपिक-2024 में आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने वैश्विक पटल पर मां भारती को स्वर्णिम आभा से दीप्त किया है। पूरा देश आपके साथ खड़ा है।

# गुरूघासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व गठित करने का निर्णय

## मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया फैसला, पर्यटन तथा रोजगार के खुलेंगे नए द्वार

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में गुरूघासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व गठित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अनुशंसा और भारत सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की सहमति के अनुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिलों में स्थित गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान तथा तमोर पिंगला अभ्यारण्य के क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए 2829.387 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल में गुरूघासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया है। इसके गठन की आगे की कार्यवाही हेतु वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को अधिकृत किया गया है। टायगर रिजर्व के गठन से राज्य में ईको-पर्यटन का विकास होगा साथ ही कोर एवं बफर क्षेत्र में स्थित ग्रामीणों के लिए गाईड, पर्यटक वाहन, रिसार्ट संचालन के साथ ही विभिन्न प्रकार के रोजगार सृजित होंगे। टायगर रिजर्व में कार्य करने के लिए राष्ट्रीय प्रोजेक्ट टायगर ऑथोरिटी से अतिरिक्त बजट प्राप्त होगा जिससे क्षेत्र के गांवों में आजीविका विकास के नए-नए कार्य किए जा सकेंगे।

# बंगलादेश में हालात चिंताजनक, 50 पुलिसकर्मियों की हत्या, अवामी लीग के दो सांसदों सहित 100 से अधिक नेताओं के घरों पर हमले

वार्ता ◀ ढाका
www.dailypioneer.com



बंगलादेश में हिंसक सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देकर देश छोड़ देने के कारण कानून प्रवर्तन और पुलिस व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गयी है तथा प्रदर्शनकारी हसीना की पार्टी अवामी लीग से जुड़े लोगों को लगातार निशाना बना रहे हैं। मीडिया में आयी रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले दो दिन में हिंसक भीड़ ने लगभग 400 थानों पर हमले किये हैं और कम से कम 50 पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। देश में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अधिकांश पुलिसकर्मी सुरक्षित स्थानों पर शरण ले चुके है, जिसके कारण देश के कई थानों एक भी पुलिसकर्मी नहीं है। इस बीच, प्रदर्शनकारियों ने लालमोनिरहाट जिले में अवामी लीग के दो सांसदों और 100 से अधिक समर्थकों के घरों पर हमले किये। हसीना के निर्वासन का जश्न मनाने के लिए निकाले गये जुलूस के दौरान लालमोनिरहाट -1 के सांसद एवं जिला अवामी लीग के अध्यक्ष मोताहर हुसैन और लालमोनिरहाट -3 के सांसद एवं जिला अवामी लीग महासचिव मोतिहार रहमान सहित कई नेताओं के घरों पर भी तोड़फोड़ की गयी। 'ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार पिछली सरकार के करीबी माने जाने वाले अधिकांश वरिष्ठ अधिकारी भूमिगत हो गये हैं। तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में नजरबंदी से रिहा होने के एक दिन बाद, पूर्व प्रधानमंत्री एवं बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी अध्यक्ष खालिदा जिया ने बुधवार को राजधानी के नया पलटन इलाके में पार्टी की एक रैली में वीडियो लिंक के जरिये भाषण दिया। फरवरी 2018 में भ्रष्टाचार के एक मामले में जेल जाने के साढ़े छह साल से अधिक समय बाद यह पहला मौका है।

# श्रीलंका ने भारत को 110 रन से हराया

एजेंसी ◀ कोलंबो
www.dailypioneer.com



अविष्का फर्नांडो (96) और कुसल मेंडिस (59) की शानदार पारियों के बाद दुनित वेल्लालगे (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम श्रीलंका ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 110 रन से हरा दिया है। इसकी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली हैं। 249 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पांचवें ही ओवर मे ए फर्नांडो ने शुभमन गिल (6) को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद आठवें ओवर में दुनित वेल्लालगे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आउट कर पवेलियन भेज दिया। उन्होंने 20 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुय (35) रन बनाये। विराट कोहली (20) भी वेल्लालगे का शिकार बने। ऋषभ पंत (6), श्रेयस अय्यर (8), अक्षर पटेल (2), रियान पराग (15), शिवम दुबे (9), कुलदीप यादव (6) रन बनाकर आउट हुये। वॉशिंगटन सुंदर ने 25 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। एक बार फिर भारतीय टीम श्रीलंकाई स्पिन गेंदबाजों के आगेभ भारतीय बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिये और पूरी टीम 26.1 ओवर में 138 रन पर सिमट गई।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की शीर्ष अदालत के खिलाफ अनुचित' टिप्पणियों को हटाया

वार्ता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की ओर शीर्ष अदालत के खिलाफ की गई टिप्पणियों को बिल्कुल अनुचित निंदनीय और अवमानना क्षेत्राधिकार के प्रयोग के बराबर मानते हुए बुधवार को उन्हें हटाने का आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने मामले पर सुनवाई के बाद कहा कि वह अपने संवैधानिक कर्तव्य के अनुसार इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए बाध्य है, क्योंकि टिप्पणियां उसके अधिकार को कमजोर करती हैं। शीर्ष अदालत ने टिप्पणियों को गंभीर चिंता का विषय मानते हुए कहा कि उससे न्यायिक प्रक्रिया को अपूरणीय क्षति हो सकती है, क्योंकि उसे उम्मीद है कि भविष्य में कुछ सावधानी बरती जाएगी। पीठ ने कहा, हमें उम्मीद है कि अदालत को भविष्य में उसी न्यायाधीश या इस देश के किसी अन्य न्यायाधीश के संबंध में इसी तरह के मामले में हस्तक्षेप नहीं करना पड़ेगा।

# सरकार की नीतियों से बढ़ा है करदाताओं का विश्वास : सीतारमण

वार्ता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग को कर राहत दी गई है और सैलेरी एवं वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती 50 हजार से 60 हजार की गई है जिसका सीधा लाभ इस वर्ग के लोगों को मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2024 (2) पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कोविड के समय विकसित देशों में कर की दर बढाई गई लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड खर्च के लिए कर नहीं बढाने के निर्देश दिये थे और उस निर्देश का पालन करते हुए सरकार ने 2020 से 2023 के बीच किसी तरह का कोई कर नहीं बढाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 में कर आतंकवाद की शिकायत की जा रही थी और लोगों से जबरन पैसा वसूले जाने की शिकायतें आ रही थीं लेकिन उस दौर को मोदी सरकार बहुत पीछे छोड चुकी है और करदाताओं का विश्वास बढाया गया है। एमएसमई को नये कर दाताओं का ज्यादा फायदा हुआ है इस बार के अंतरिम बजट में 19 लाख कर दाताओं पर कर की मांग हटा दी गई ताकि कर विवाद खत्म हो सके। बजट में एंजिल टैक्स को पूरी तरह से हटा दिया गया है जो कि 2012 में लाया गया था। उन्होंने कहा कि विपक्ष शोषण का बजट बताकर इसकी आलोचना कर रहा था जबकि कांग्रेस की सरकार के समय ही यह एंजिल कर लगाया गया था।

# रेलवे ने कवच तेजी से लगाने के लिए बनायी विशेष योजना

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे को टक्कर रोधी उपकरण कवच 4.0 से युक्त करने के लिए द्रुत गति से काम शुरू हो गया है जिसके तहत दो साल के भीतर 20 हजार से अधिक लोकोमोटिव अर्थात इंजनों में कवच उपकरण और नौ हजार किलोमीटर के मार्ग को कवच युक्त कर दिया जाएगा। वैष्णव ने यहां रेल भवन में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कवच के नये 4.0 संस्करण का एसआईएल-4 प्रमाणन होने के बाद उसके औद्योगिक उत्पादन की स्थिति आ चुकी है और तीन विनिर्माता को इसके लिए ऑर्डर जारी किये गये हैं। दो अन्य विनिर्माताओं को मंजूरी दिये जाने की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। इस प्रकार से पांच विनिर्माताओं की कुल उत्पादन क्षमता इतनी हो जाएगी जिससे एक निश्चित समय में रेलवे के समूचे नेटवर्क को कवच युक्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस समय देश में करीब 20 हजार ट्रेनें चल रहीं हैं। पहले चरण में एक साल में 10 हजार और दूसरे साल में 10 हजार इंजनों में कवच फिट कर दिया जाएगा। इसी समय देश के सभी 70 हजार किलोमीटर ट्रैक में प्रत्येक किलोमीटर पर कवच का रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान चिह्न लगा दिया जाएगा। इसके समानान्तर करीब 8000 स्टेशनों पर कवच उपकरण लगाने का काम शुरू हो जाएगा। दिल्ली मुंबई और दिल्ली हावड़ा मार्ग पर सबसे पहले कवच लगेगा और उसके बाद मुंबई चेन्नई और चेन्नई हावड़ा मार्ग को कवच युक्त किया जाएगा। तत्पश्चात दिल्ली चेन्नई और हावड़ा मुंबई मार्ग पर कवच लगेगा। दो साल में नौ हजार किलोमीटर कवच युक्त हो जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि स्टेशनों पर कवच लगाने का काम कठिन होता है क्योंकि एक यूनिट में 80-80 कंट्रोल टेबल डिज़ायन होती है। उन्होंने यह भी कहा कि 1465 किलोमीटर ट्रैक पर लगाये जा चुके कवच के पुराने संस्करण का भी 4.0 संस्करण के स्तर पर उन्नयन किया जाएगा। इसके लिए सॉफ्टवेयर अपडेट करने के साथ एंटीना में मामूली सुधार करना होगा।

# फोगाट को न्याय दिलाने के लिए जरूरी प्रयास करे सरकार

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि महिला पहलवान विनेश फोगाट का पेरिस ओलम्पिक में अपने खेल के फाइनल राउंड में तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और भारतीय ओलम्पिक संघ को इस मुद्दे को मजबूती से उठाकर देश की बेटी को न्याय दिलाना चाहिए। खडगे ने कहा,



भारत की शान विनेश फोगाट ने विश्व चैंपियन को हराया लेकिन तकनीकी कारणों से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है। वह बहुत कुछ झेल चुकी है। न्याय के लिए फुटपाथ पर विरोध प्रदर्शन से लेकर ओलंपिक के शिखर मंच पर पहुंचने तक, उनके साथ जो हुआ वह बेहद दुखद है। उन्होंने कहा, सरकार को अपील करने के लिए सभी प्रयास करने चाहिए और हमारे चैंपियन को न्याय प्रदान करें। हम लोग आपके साथ हैं विनेश फोगाट और हमारी प्रार्थनाएँ आपके साथ हैं। आपका साहस सदैव प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि आप अधिक दृढ़ संकल्प के साथ रिंग में वापसी करेंगी। गांधी ने कहा, विश्वविजेता पहलवानों को हरा कर फाइनल में पहुंची भारत की शान विनेश फोगाट को तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें पूरी उम्मीद है कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चैलेंज कर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा। उन्होंने कहा ÷विनेश हिम्मत हारने वालों में से नहीं हैं, हमें पूरा भरोसा है कि वह अखाड़े में और अधिक मजबूती से वापसी करेंगी। आपने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है विनेश। आज भी पूरा देश आपकी ताक़त बनकर आपके साथ खड़ा है। कांग्रेस पार्टी ने भी अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट किया विनेश आप देश का गौरव हैं।

# नेपाल में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में पांच लोगों की मौत, मरने वालों में चार चीनी नागरिक

वार्ता ◀ काठमांडू
www.dailypioneer.com



नेपाल में नुवाकोट जिले के शिवपुरी ग्रामीण नगर पालिका-7 में शिवचौर के पास बुधवार अपराह्न एयर डायनेस्टी का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण पांच लोगों की मौत हो गयी, जिनमें से चार चीन के नागरिक थे। स्थानीय अखबार 'द हिमालयन टाइम्स' ने बताया कि हेलिकॉप्टर 9एन-एजेडी के पायलट वरिष्ठ कैप्टन अरुण मल्ला थे। यह हेलिकॉप्टर सुबह 1:54 बजे काठमांडू से रवाना हुआ था और दुर्घटना के समय स्याफरुबेन्सी के रास्ते में था। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) के अनुसार घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद प्रभु हेलिकॉप्टर (9एन-एएनएल) को दुर्घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। हेलिकॉप्टर में पांच लोग सवार थे, जिनमें चार लोग चीन के नागरिक थे और दुर्घटना के समय रसुवा जा रहे थे। सीएएएन के अनुसार त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तीन मिनट बाद ही हेलिकॉप्टर का काठमांडू टॉवर से संपर्क टूट गया। नुवाकोट के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शांतिराज कोइराला ने बताया कि दुर्घटना स्थल से पाँच शव बरामद किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 24 जुलाई को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सौर्य एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## देश में असमानता बढ़ी है, मध्यम वर्ग को कोई राहत नहीं : दिग्विजय सिंह

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार के कार्यालय में अब तक पेश सभी 11 बजटों में संविधान की भावना का उल्लंघन किया गया है क्योंकि इस दौरान देश में असमानता बढ़ी है और गरीब अधिक गरीब हुआ है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में विनियोग (संख्याक दो) विधेयक 2024 और जम्मू-कश्मीर विनियोग (संख्याक 3) विधेयक 2024 को सदन में पेश किये जाने पर सिंह ने चर्चा की शुरूआत करते हुये कहा कि देश में सामाजिक और आर्थिक स्तर पर असमानता बढ़ा है जबकि यह देश अनेकता में एकता वाला है। विकास,प्रयास और विश्वास की बात तभी जो सकती है जब सभी वर्गों विशेषकर गरीबों की बात सुनी जायेगी।



## भक्तगण श्रीरामलला के दर्शन को लेकर बेहद उत्साहित हैं

# श्रीरामलला दर्शन योजना : 850 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना, काशी विश्वनाथ का भी करेंगे दर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 850 श्रद्धालुओं को लेकर मंगलवार को भारत गौरव स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से रवाना हुई। ये श्रद्धालु अयोध्या में श्रीरामलला के साथ ही काशी में बाबा विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। बिलासपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया। राज्य शासन के श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालु अयोध्या और काशी जा रहे हैं। यात्रा और दर्शन को लेकर श्रद्धालु काफी उत्साहित दिखे। स्टेशन पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। जय श्रीराम के जयकारे से पूरा स्टेशन राममय हो गया। पारंपरिक नृत्यों और बाजे-गाजों के बीच उन्हें अयोध्या के लिए रवाना किया गया। यात्रा के दौरान खान-पान सहित सभी सुविधाएं राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। भारत गौरव स्पेशल ट्रेन से श्रीरामलला और बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे लोगों ने श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार जताया। बिलासपुर की जोरापारा, सरकण्डा की रमा तिवारी ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें यह अवसर प्राप्त हो रहा है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हम श्रीरामलला के दर्शन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। कोरबा के प्रताप सिंह ने कहा कि यह योजना राज्य के लोगों की आस्था का सम्मान है। इससे प्रदेशवासियों को श्रीरामलला के दर्शन का सुअवसर मिल रहा है। रायगढ़ की राजकुमारी पटेल ने कहा कि हमें अयोध्या दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इसके लिए हम सरकार के आभारी हैं।

## विनेश फोगाट मुद्दे पर भारत ने जताया कड़ा विरोध : सरकार

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि विनेश फोगाट को तकनीकी आधार पर 50 किलोग्रामी श्रेणी की कुश्ती के फाइनल में खेलने के लिए अयोग्य घोषित किये जाने का भारतीय ओलम्पिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में इस बारे में दिये एक बयान में बुधवार को कहा कि विनेश का वजन 50 किलो 100 ग्राम पाया गया इसलिए उन्हें अयोग्य घोषित किया गया है। स्पर्धा के लिए वजन निर्धारित 50 किलोग्राम होना अनिवार्य है लेकिन फोगाट का वजन सौ ग्राम ज्यादा पाया गया इसलिए उन्हें बाहर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को भारत सरकार ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। भारतीय ओलम्पिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ से इसका कड़ा विरोध किया है। भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा भी पेरिस में है और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे इस बारे में बात की है और उचित कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।



# पराली से जैव बिटुमेन, बायो सीएनजी और बायो गैस बनायी जा रही है : गडकरी

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तथा आस पास के क्षेत्रों में प्रदूषण का कारण बनने वाली पराली से जैव बिटुमेन, बायो सीएनजी, बायो गैस और हवाई ईंधन बनाया जा रहा है। गडकरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में कहा कि सरकार की नीतियों और नयी योजनाओं से देश का किसान अब केवल अन्नदाता नहीं है, ऊर्जादाता भी है और केवल ऊर्जादाता ही नहीं, बिटुमेनदाता है और केवल बिटुमेनदाता ही नहीं, हवाई ईंधन दाता भी है। उन्होंने कहा कि एक टन पराली से 30 प्रतिशत जैव बिटुमेन , 350 किलो बायो गैस और 350 किलो बायोचाप बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बिटुमेन का इस्तेमाल सड़क निर्माण में किया जा रहा है। देश में 90 प्रतिशत सड़कों के निर्माण में अभी 88 लाख टन जैव बिटुमेन का इस्तेमाल किया जाता है और अगले वर्ष तक यह 100 लाख टन पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अभी 50 प्रतिशत बिटुमेन का आयात किया जा रहा है जिस पर 25 से 30 हजार करोड रुपये की लागत आती है। उन्होंने कहा कि अभी देश में पराली से बायो सीएनजी भी बनायी जा रही है। देश भर में इस तरह की 450 परियोजनाएं हैं, जिनमें यह कार्य किया जा रहा है और इनमें से अधिकतर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हैं। देश में पराली से प्रतिवर्ष एक लाख लीटर इथेनॉल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पराली से जैव हवाई ईंधन बनाने की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है और अगले पांच वर्षों में जैव हवाई ईंधन की मात्रा 20 प्रतिशत तक पहुंच जायेगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार की नीतियों का ही नतीजा है कि प्रदूषण के लिए जिम्मेदार पराली से मिलने वाले बायोचाप का इस्तेमाल जैव उर्वरक के रूप में किया जा सकता है और इससे किसानों की उपज बढ़ेगी। इसके अलावा किसानों को एक टन पराली के लिए ढाई हजार रूपये दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि ये सभी तकनीक किसानों के साथ साथ देश की ऊर्जा जरूरतों तथा ढांचागत निर्माण परियोजनाओं के लिए भी बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि इससे जीवाश्म ईंधन के आयात पर खर्च होने वाले 16 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक बोझ में भी कमी आयेगी। उत्तराखंड में चार धाम परियोजना के 100 किलोमीटर के प्राकृतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में सड़क की चौड़ाई कम रखने की मांग से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना का अभी 150 किलोमीटर काम बाकी है।

# आधुनिक तकनीकी का उपयोग कर खनिजों की करें खोज: सचिव पी. दयानंद

**वर्ष 2023-24 में लगभग 13000 करोड़ रूपए के खनिज राजस्व की हुई प्राप्ति, राज्य स्थापना वर्ष की तुलना में लगभग 30 गुना अधिक**

## राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल छत्तीसगढ़ की 24वीं बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मडल छत्तीसगढ़ की 24वीं बैठक खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद की अध्यक्षता में राजधानी रायपुर स्थित सिविल लाईन विश्राम भवन के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव पी. दयानंद ने कहा कि किसी भी देश एवं राज्य के विकास में खनिजों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। छत्तीसगढ़ में खनिज अधारित नये उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य में विद्यमान विभिन्न खनिजों का सतत् एवं व्यवस्थित तरीके से अन्वेषण किया जाना चाहिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित अन्वेषण कार्यों से संबद्ध सभी विभागों एवं संस्थानों से कहा कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास हेतु वे अपनी कुशलता, संसाधन एवं उपलब्ध नवीनतम् तकनीकियों का उपयोग कर प्रदेश में पाये जाने वाले खनिजों का अन्वेषण करे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में खनिजों के विकास के लिए कार्य करने वाली एजेंसियों के मध्य उत्पादित आंकड़ों को आपस में साझा करने और परस्पर समन्वय स्थापित किये जाने की सलाह दी है। पी. दयानंद ने बताया कि वर्ष 2023-24 में लगभग 13000 करोड़ रूपए के खनि राजस्व की प्राप्ति हुई है जो राज्य स्थापना वर्ष की तुलना में लगभग 30 गुना अधिक है। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने राज्य में खनिज अन्वेषण एवं खनिज दोहन के क्षेत्र में कार्यरत केंद्र और राज्य सरकार के विभागों एवं संस्थानों द्वारा वर्ष 2023-24 में किये गये भू-वैज्ञानिक कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वर्ष 2023-24 के सम्पादित कार्यों की उपलब्धियों पर चर्चा की गई और प्रदेश में पाये जाने वाले खनिजों की खोज के लिए वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित भू-वैज्ञानिक कार्यों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में भौमिकी तथा खनिकर्म विभाग के संचालक सुनील कुमार जैन सहित केन्द्र तथा राज्य शासन के विभिन्न विभागों और उपक्रमों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




## प्रदेश में चूना पत्थर और लौह अयस्क के नए भण्डार खोजे गए

भौमिकी तथा खनिकर्म विभाग के संचालक जैन ने वर्ष 2023-24 में सम्पन्न कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कुल 1050 मिलियन टन चूनापत्थर एवं लौह अयस्क के कुल 179 मिलियन टन भण्डार आंकलित किये गये। खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में एनएमईटी के तहत वर्ष 2023-24 में चूनापत्थर हेतु 01 अन्वेषण परियोजना की स्वीकृति प्राप्त हुई है। अधिसूचित निजी अन्वेषण संस्थान को एनएमईटी के तहत् राज्य के अन्वेषण कार्य हेतु तीन प्रस्ताव स्वीकृत किये गये थे। जिसमें दो ग्रेफाईट एवं एक दुर्लभ मृदा धातुएँ शामिल है। केन्द्र तथा राज्य शासन के विभिन्न विभागों, उपक्रमों के प्रतिनिधियों द्वारा भी छत्तीसगढ़ राज्य में किये गये खनिज अन्वेषण कार्यों की जानकारियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के उप महानिदेशक डॉ. सुदीप भट्टाचार्या ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में बाक्साइट, गोल्ड, कॉपर, ग्लूकोनाईट, ग्रेफाइट, बेसमेटल, डायमण्ड, लिथियम, आरईई, पीजीई फास्फोराइट, फ्लोराईट खनिज हेतु सर्वेक्षण कार्य किया गया है। वर्ष 2024-25 में विभिन्न खनिजों की कुल 25 परियोजनाओं पर कार्य लिया जा रहा है। संयुक्त संचालक (भौमिकी) संजय कनकने ने बताया कि संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़ द्वारा वर्ष 2024-25 में कुल 12 अन्वेषण परियोजना को सर्वेक्षण-पूर्वेक्षण कार्य हेतु अनुमोदित किया गया। जिसमें मैंगनीज पर 01, ग्रेफाईट पर 01, चूनापत्थर पर 03, लौह अयस्क पर 05 एवं बाक्साइट पर 02 परियोजना शामिल है। खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में एनएमईटी के तहत वर्ष 2024-25 में अधिसूचित निजी अन्वेषण संस्थान को राज्य में अन्वेषण कार्य हेतु दो प्रस्ताव स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें 01 लिथियम तथा 01 ग्रेफाईट का प्रस्ताव सम्मिलित है। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में विभिन्न संस्थानों द्वारा प्रदेश में 10 विभिन्न खनिजों की कुल 44 परियोजना अन्वेषण-पूर्वेक्षण कार्य हेतु अनुमोदित किया गया। जिसमें फास्फोराईट के 02, गोल्ड के 05, ग्लुकोनाईट के 06, EE (Lithium, Tantalum etc.) के 11, लेड-जिंक के 01, फास्फेट के 01, बॉक्साईट के 05, लौह अयस्क के 09, कॉपर के 02, ग्रेफाईट की 01 एवं लीथियम की 01 अन्वेषण-पूर्वेक्षण परियोजना शामिल है।

# जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रत्येक नागरिक प्रयास करें : राज्यपाल रमेन डेका

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्यपाल डेका ने राजभवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की परिचयात्मक बैठक ली। उन्होंने जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता पर जोर दिया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, सहित राजभवन के अधिकारी उपस्थित थे। राज्यपाल डेका ने कहा कि ऊर्जा की बचत के लिए सभी को प्रयास करना होगा। अनावश्यक बिजली खर्च नहीं करना चाहिए। इसके अलावा प्लास्टिक प्रदूषण से बचने के लिए पानी की बोतलों का यथासंभव कम उपयोग करना चाहिए। अपने आस-पास के वातावरण में स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत सभी को पेड़ लगाना चाहिए और अन्य लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। राज्यपाल डेका ने राज्य में विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में रेडक्रॉस की गतिविधियों को बढ़ाने पर बल दिया और कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु रेडक्रॉस सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करना होगा।

राज्य के आकांक्षी जिलों में जो कार्य चल रहे है उनकी नियमित रूप ये मॉनिटरिंग की जाए। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों में भर्ती के लिए कार्रवाई हेतु विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया जाए ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने कार्यालय में डिजिटाइजेशन और डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा सभी को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने और दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल डेका ने के समाचार पत्र में प्रकाशित नारायणपुर जिले में नक्सलियों से लड़ कर अपने पिता की जान बचाने वाली साहसी बालिका की खबर को जानकर, उसे राजभवन में बुलाकर सम्मानित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्यपाल के उप सचिव हिना अनिमेष नेताम एवं राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# संभागायुक्त कावरे ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**डॉक्टरों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर ईलाज करने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त महादेव कावरे ने रायपुर के पंडरी स्थित जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय में पदस्थ रेडियोग्राफर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, वाहन चालक, ऑक्सीजन ऑपरेटर, प्रयोगशाला सहायक, वार्डबॉय, लॉड्री मशीन ऑपरेटर, सफाईकर्मी सहित 21 कर्मचारियों की निर्धारित समय पर कार्य से अनुपस्थिति पर सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश अस्पताल के सिविल सर्जन को दिए। कावरे ने डॉक्टरों को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर मरीजों का ईलाज करने और कर्मचारियों को भी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपना-अपना काम करने की समझाईश दी। कावरे जिला अस्पताल के आपातकालीन विभाग, सर्जिकल वार्ड, शिशु वार्ड, महिला वार्ड, पोषण पुनर्वास केन्द्र सहित अन्य वार्डों में भी पहुंचे और यहां भर्ती होकर ईलाज करा रहे मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

संभागायुक्त ने उपस्थित डॉक्टरों से मरीजों का बेहतर से बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए। कावरे ने चिकित्सकों को अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई, नियुक्त डॉक्टरों की प्रोफाईल, उपलब्ध दवाओं आदि की भी जानकारी ली। अपने निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने वार्ड में भर्ती मरीजों के परिजनों से भी चर्चा की। उन्होंने अस्पताल में हो रहे ईलाज और सुविधाओं के बारे में पूछा। कावरे ने ज्यादा दिनों के ईलाज के लिए भर्ती मरीजों के परिजनों को अस्पताल परिसर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए।

संभागायुक्त ने अस्पताल के शौचालयों में चौबीस घंटे साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, मरीजों के पलंगों की चादर प्रतिदिन बदलने के साथ वार्डों में भी साफ-सफाई की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

# नियम विरुद्ध राशि आहरण करने पर मोहतरा सरपंच बर्खास्त

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कार्यों के भुगतान हेतु बिना पंचायत प्रस्ताव के 3 लाख 34 हजार 500 रुपये का आहरण नियम विरुद्ध करने पर जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा की सरपंच ईश्वरी साहू को छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) के प्रावधानो के तहत तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ पंचयती राज अधिनियम 1993 की धारा 40(2) के प्रावधानो के तहत 6 वर्ष की कलावधि के लिए पंचायत अधिनियम के अधीन निर्वाचन, सहयोजन के लिए निर्रहित घोषित किया है।

इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार ग्राम पंचायत मोहतरा के सरपंच सचिव के विरुद्ध 14 वें एवं 15 वें वित्त की राशि का दुरूपयोग करने की शिकायत पर जनपद पंचायत बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जाँच दल गठित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें ग्राम पंचायत मोहतरा की सरपंच ईश्वरी साहु द्वारा ग्राम पंचायत में सार्वजनिक शौचालय निर्माण, अहाता निर्माण, गोठान में वर्मी शेड निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, पेयजल, स्वच्छता कार्यक्रम कार्यो का भुगतान स्वयं एवं अपने पति तथा बिना पंचायत प्रस्ताव के 3 लाख 34 हजार 500 रूपये आहरण किया गया। सरपंच ग्राम पंचायत मोहतरा द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के अधीन छत्तीसगढ़ पंचायत लेखा नियम 1999 के प्रावधानो का पालन न कर अपने कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई जिसके कारण वह अपने कर्तव्य के निर्वहन में अवचार के दोषी तथा उनका पद पर बना रहना लोकहित में अवांछनीय है। उक्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर एसडीएम द्वारा सरपंच ग्राम पंचायत मोहतरा ईश्वर साहु को छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) के प्रावधानो के तहत तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया है।

## राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दुर्ग के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका औऱ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामयी मौजूदगी में दुर्ग के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। बी.आई.टी. के सभागार में आयोजित इस दीक्षात समारोह में 68 विद्यार्थियों को शोध उपाधि और 48 विद्यार्थियों को विभिन्न कक्षाओ में प्रावीण्य सूची में प्रथम आने पर स्वर्ण मंडित पदक प्रदान किया गया। इस अवसर पर सम्भाग आयुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेंद्र शुक्ला, कुलपति अरुणा पलटा, कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 709.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 709.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1602.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 333.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 597.8 मिमी, बलरामपुर में 891.3 मिमी, जशपुर में 535.3 मिमी, कोरिया में 599.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 598.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 644.5 मिमी, बलौदाबाजार में 774.9 मिमी, गरियाबंद में 703.5 मिमी, महासमुंद में 535.9 मिमी, धमतरी में 693.1 मिमी, बिलासपुर में 672.5 मिमी, मुंगेली में 707.3 मिमी, रायगढ़ में 589.5 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 378.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 644.5 मिमी, सक्ती 551.4 कोरबा में 815.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 649.9 मिमी, दुर्ग में 471.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 572.3 मिमी, राजनांदगांव में 774.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 892.8 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 530.0 मिमी, बालोद में 821.4 मिमी, बेमेतरा में 428.6 मिमी, बस्तर में 804.5 मिमी, कोण्डागांव में 758.9 मिमी, कांकेर में 977.9 मिमी, नारायणपुर में 890.2 मिमी, दंतेवाड़ा में 945.0 मिमी और सुकमा जिले में 1032.7 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर स्कूलों में होगा कार्यक्रमों का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, छत्तीसगढ़ ने सभी स्कूलों में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के उपलक्ष्य में विशेष गतिविधियों के आयोजन हेतु निर्देश जारी किए हैं। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के उपलक्ष्य में हर साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवाओं में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2024 के लिए थीम ''चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूनाः भारत के अंतरिक्ष गाथा'' है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर स्कूलों में होने वाले मुख्य गतिविधियों में एनसीईआरटी द्वारा विकसित विशेष 'चंद्रयान पर आधारित मॉड्यूल' प्रदर्शित करते हुए 22 और 23 अगस्त को 'चंद्रयान मॉड्यूल पर व्याख्यान' का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर और निबंध, मॉडल बिल्डिंग, क्विज एवं पेटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान संबंधित 30 मिनट का एक वीडियो स्कूलों में प्रदर्शित किया जाएगा।

# किसानों को मिला 6052 करोड़ रूपए से अधिक का अल्पकालीन कृषि ऋण

## गत् वर्ष की तुलना में अब तक 103 प्रतिशत कृषि ऋण वितरीत

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में किसानों को अब तक राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 6052 करोड़ 24 लाख रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रूपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक वितरित कुल राशि लक्ष्य का लगभग 83 प्रतिशत है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है।

जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 5 हजार 880 करोड़ रूपए के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किए गए थे। इसके अलावा किसानों को साहूकारों के चंगुलों से बचाना इसका एक प्रमुख उद्देश्य था। वर्तमान समय में इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं। इससे किसानों को प्रारंभिक जरूरतों के लिए न सिर्फ राहत मिली है, बल्कि फसलों के उत्पाद में लगातार वृद्धि भी हो रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर नगर पालिक निगम चिरमिरी को मिली विकास कार्यों की सौगात

**नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से 4 करोड़ 98 लाख रूपए के 35 निर्माण कार्यों की मंजूरी**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल से नगर निगम चिरमिरी को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से अधोसंरचना मद में 35 निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में निकाय क्षेत्रांतर्गत इन निर्माण कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 4 करोड़ 98 लाख 58 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गयी है। स्वीकृत निर्माण कार्यों में वार्ड क्र. 15. सरगुजा समिति के पास, हल्दीबाड़ी, धिरमिरी में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 12.05 लाख रूपए, वार्ड क्र. 16. भुरकुण्डी मुक्तिधाम के पास, हल्दीबाडी, चिरमिरी में भवन निर्माण के लिए 12.05 लाख रूपए, वार्ड क्र. 34, क्षत्रीय समाज भवन के पास, सोनाग्नी नाका, चिरमिरी में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रूपए, वार्ड क्र. 23, एसईसीएल पानी टंकी पास, छोटा बाजार, चिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपए, वार्ड क्र. 17, पुलिया के पार, मोहन कॉलोनी, हल्दीबाड़ी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रूपए, वार्ड क्र. 13, बब्लू डे के घर के पास, हल्दीबाड़ी, चिरमिरी में भवन निर्माण के लिए 12.05 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 39, गिरीडीह दफाई पो पास, डोमनहिल, चिरमिरी में भवन निर्माण के लिए 12.05 लाख रूपए, वार्ड क्र. 37, दुर्गा पण्डाल के सामने डोमनहिल, चिरमिरी में बाउण्ड्रीवाल निर्माण के लिए 11.65 लाख रूपए, वार्ड क्र. 39, संकट मोचन मंदिर के पास, डोगनहिल, चिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रूपए, वार्ड क्र. 21, मारिया स्कूल के पास, छोटा बाजार, चिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रूपए, वार्ड क्र. 35, टैक्सी स्टेण्ड के पास, डोमनहिल, चिरमिरी में उद्यान का सौदर्गीकरण कार्य 22.31 लाख रूपए, वार्ड क्र. 20, सुलभ शौचालय के पास, छोटा बाजार, चिरनिरी में अतिरिक्त हॉल निर्माण के लिए 12.05 लाख रूपए, वार्ड क्र. 20, लाहिड़ी कॉलेज के सामने, छोटा बाजार, बिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.50 लाख रूपए, वार्ड क्र. 07, सुलभ



कॉम्पलेक्स के सामने, कोरिया कॉलरी, चिर्तमेरी में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 12.05 लाख रूपए, वार्ड क्र. 13, रेल्वे स्टेशन शिव मंदिर के पास हल्दीबाड़ी, चिरगिरी में शेड निर्माण के लिए 5.55 लाख रूपए, वार्ड क्र. 20, दलगंजन दाई छोटा बाजार, चिरमिरी में पार्क निर्माण के लिए 25.44 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। वार्ड क्र. 07, फुटबॉल ग्राउण्ड के पास कोरिया कॉलरी, विरविरी में शेड निर्माण के लिए 5.55 लाख रूपए, वार्ड क्र. 07, मित्तल के घर के पास, कोरिया कॉलरी चिरमिरी में शेड निर्माण 5.55 लाख रूपए, वार्ड क्र. 40, टैक्सी स्टैण्ड के पार होमनहिल चिरगिरी में शेड निर्माण के लिए 15.22 लाख रूपए, वार्ड क्र. 20, गौरव भौय के घर के पार, छोटा बाजार, विरमिरी में सांस्कृतिक मंत्र निर्माण के लिए 12.05 लाख रूपए, वार्ड क्र. 13 शा. उ. मा. विद्यालय हल्दीबाड़ी के पास अतिरिक्त का निर्माण के लिए 12.05 लाख रूपए, वार्ड क्र. 18, मीना के घर के पास ईटा भट्ठा दफाई, हल्दीबाडी में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपए, वार्ड क्र. नोहर साय के घर के पास से तुर्रा तक, हल्दीबाड़ी, चिरमिरी में सी0सी0 नाली निर्माण के लिए, 3.99 लाख रूपए, वार्ड क्र. 18, जिम हॉल के पास, हल्दीबगड़ी, मिरमिरी में सी0सी0 नाली निर्माण के लिए 4.46 लाख रूपए, वार्ड क्र. 18, इन्द्रजीत के घर के पास से कृष्णा यादव के घर तक हल्दीबाड़ी, चिरमिरी में नाली एवं रिटेनिंगवाल निर्माण के लिए 30.64 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 18, ईटा भट्ठा दफाई, हल्दीबाड़ी में सी.सी. रोड निर्माण के लिए 10.89 लाख रूपए, वार्ड क्र. 18, महेश यादव के घर के पास से संतोष लहरे के घर तक, हल्दीबाड़ी. चिरमिरी में पेवर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य के लिए 8.43 लाख रूपए, वार्ड क्र. 11. हल्दीबाडी में छठघाट का सौदर्याकरण कार्य के लिए 15.51 लाख रूपए, वार्ड क्र. 01 से 40 तक, नगरपालिक निगम चिरमिरी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थलों में स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य के लिए 11.59 लाख रूपए, वार्ड क्र. 15, हल्दीबाड़ी चिरमिरी में शहीद राजेश पटेल स्मारक का सौंदर्याकरण कार्य के लिए 19.99 लाख रूपए, वार्ड क्र. 12, शिव मंदिर टैक्सी स्टैण्ड के पास, महुआ दफाई, हल्दीबाड़ी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य के लिए 9.14 लाख रूपए, वार्ड क्र. 13, शिव मंदिर के पास, हल्दीबाड़ी, चिरमिरी में शेड निर्माण के लिए 10.35 लाख रूपए, वार्ड क्र. 18, ब्राम्हण समाज के पास, हल्दीबाड़ी, चिरमिरी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10.42 लाख रूपए, वार्ड क्र. 35, शनि मंदिर के पास, डोमनहिल, चिरमिरी में आर.सी.सी. चबूतरा निर्माण के लिए 3 लाख रूपए, वार्ड क्र. 39, छठघाट के पास, डोमनहिल, चिरमिरी में सौंदयीकरण कार्य के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर किसानों को सुगमता से मिल रहा खाद-बीज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश के किसानों को उनकी मांग के अनुरूप सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण किया जा रहा है।

**अब तक 11.14 लाख मीट्रिक टन खाद और 8.81 लाख क्विंटल बीज का हो चुका वितरण**

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। प्रदेश के किसानों को अब तक 11.14 लाख मीट्रिक टन खाद जो लक्ष्य का 81 प्रतिशत वितरित हो चुका है। इसी प्रकार किसानों को 8.81 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 90 प्रतिशत है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में मानसून के साथ शुरू हुए खेती-किसानी में बोनी का रकबा भी निरंतर बढ़ते जा रहा है। प्रदेश में मानसूनी काफी अच्छी स्थिति है। राज्य में अब तक 43.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र याने 89 प्रतिशत क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफसीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है।

# बिहार से एचएमटी, महाराष्ट्र से सियाराम, पश्चिम बंगाल से विष्णुभोग

## सिमट रहा बारीक धान की खेती का रकबा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बिहार से एचएमटी, महाराष्ट्र से सियाराम और पश्चिम बंगाल से आ रहा है विष्णुभोग धान। चावल बनाने वाली इकाइयों ने यह व्यवस्था इसलिए बनाई हुई है क्योंकि प्रदेश में बारीक धान की खेती का रकबा लगातार घट रहा है। असर कमजोर होती आवक के रूप में देखा जा रहा है। समर्थन मूल्य के हर बरस बढ़ते जाने की स्थितियों को देखते हुए तय माना जा रहा था कि बारीक धान की खेती का रकबा कम होगा। यह अब स्पष्ट रूप से प्रांगण में तेजी से इस प्रजाति की कम होती आवक से महसूस किया जा रहा है। इसलिए बारीक चावल बनाने वाली ईकाइयों ने फौरी राहत के लिए नई व्यवस्था के तहत काम करना चालू कर दिया है।



### इसलिए घट रहा रकबा

महंगा बीज, अनिश्चित मानसून, अपर्याप्त सिंचाई, समय पर मजदूरों का नहीं मिलना। अंत में कीट प्रकोप जैसी व्याधियाँ बारीक धान की खेती में प्रति एकड़ लागत हर साल बढ़ा रही है। अंतिम कील वह मानी गई जिसमें मोटा धान का समर्थन मूल्य बढ़ा दिया गया। यह सब ऐसे कारक माने जा रहे हैं, जिसने इन सभी से मिलकर बारीक धान की खेती से किसानों को अलग किया हुआ है।

### संकट में इकाइयां

कमजोर आवक के बाद बारीक चावल बनाने वाली इकाईयां दैनिक संचालन में आ रही बाधा दूर करने के लिए अब बिहार, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से एचएमटी, सियाराम और विष्णु भोग धान की खरीदी कर रहीं हैं। खरीदी की मात्रा क्रमशः बढ़ाने की योजना पर गंभीरता से इसलिए विचार किए जाने के संकेत हैं क्योंकि नई फसल में इन प्रजातियों की हिस्सेदारी बीते साल से और भी कम होने के आसार हैं?

### जरूरत प्रोत्साहन नीति की

बारीक धान के घटते रकबे से चिंतित बारीक चावल बनाने वाली इकाईयों का मानना है कि धान की खेती में अब फौरन नीतिगत बदलाव की जरूरत है। ऐसी योजना बनाई जानी चाहिए, जिससे बारीक धान की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन मिले। यह समर्थन मूल्य की तर्ज में ऐसे किसानों तक पहुंचाया जा सकता है। इससे बारीक धान का घटता रकबा कम किया जा सकेगा और चावल मिलों की निर्भरता बाहरी राज्यों पर से कम की जा सकेगी।

### ऐसे हैं भाव

कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिवस प्रांगण में एचएमटी धान 2800 से 3000 रुपए, सियाराम 3000 से 3200 और विष्णु भोग में 3400 से 3600 रुपए क्विंटल पर सौदे हुए। मोटा धान में महामाया 2300 से 2350 रुपए और सरना में 2050 से 2070 रुपए क्विंटल पर बोली लगी।

# 16 लाख की लागत से बने अतिरिक्त कक्ष का शिवरतन शर्मा ने किया लोकार्पण




## शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का विकास संभव है : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल, सुरखी में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण विधिवत पूजा पाठ कर किया। इसके निर्माण पर लगभग 16 लाख रुपए खर्च हुए। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनने से निश्चित ही यहां के विद्यार्थियों को लाभ होगा। हमारी सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाई जा रही है। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णुदेव साय सरकार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए संकल्पित हैं। शासन द्वारा स्कूलों में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों को स्कूलों में निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक, सायकल आदि सुविधाएं मिल रही हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का विकास संभव है। शिक्षा ही मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाकर सुयोग्य नागरिक बनाता है। बच्चे मन लगाकर कर पढ़ें, शिक्षित हो और अपने सपनों को साकार करें। शिवरतन शर्मा ने विद्यालय के विद्यार्थियों से शिक्षा से सम्बंधित प्रश्न किये जिसका बच्चो ने उत्तर दिया, कुछ बच्चो के त्वरित उतर प्राप्त होने से शर्मा ने उन्हें प्रोत्साहित भी किया और उज्जवल भविष्य की सभी को शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, सतीश सोनी, पवन वर्मा, पोषण यादव सरपंच सुरखी, रोहित साहू, घाना राम ध्रुव, जगदीश ध्रुव, चंद्रशेखर वर्मा, लेखराम साहू, रश्मि शुक्ला, इंद्राणी साहू, दर्शन ठाकुर, संजय सोनी, दशरू सोनवानी, दीपक सिंह, आंकित बाजपेयी, प्रवेश मिश्रा सहित शाला स्टाफ, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जनसमस्या निवारण शिविर कुम्हारपारा में 124 और साकड़ीबेड़ा में 69 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निदेर्शानुसार छत्तीसगढ़ के समस्त नगरीय निकायों में आम नागरिकों को शासन के हितग्राही मूलक योजनाओं जैसे नल कनेक्शन, राशनकार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, पेंशन योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, भवन अनुज्ञा प्रमाण-पत्र, नाली सफाई आदि का लाभ दिलाये जाने एवं सड़क, बिजली, नाली सड़क मरम्मत जैसे मांग एवं समस्याओं के निराकरण हेतु नगर पालिका परिषद नारायणपुर के द्वारा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत् नगर पालिका परिषद नारायणपुर द्वारा 05 अगस्त को कुम्हारपारा और 06 अगस्त को साकड़ीबेड़ा में जन समस्या निवारण पखवाड़ा् का आयोजन किया गया, उक्त शिविर में राजस्व प्रकरण, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड एवं स्वनिधि से संबंधित कुम्हारपारा वार्ड क्रमांक 13 में 124 एवं साकड़ीबेड़ा वार्ड क्रमांक 14 में 69 आवेदन प्राप्त हुआ।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय हरंगढ़ में मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ पखाजूर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश के अनुशार सभी शासकीय विद्यालय में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक सम्मेलन किया गया,वही हरंगढ़ संकुल में भी कार्यक्रम किया गया है,इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता आदित्य कुमार ठाकुर एवं प्राचार्य श्यामल चन्द्र दे के अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया है,इस कार्यक्रम में बिभिन्न शिक्षक व शिक्षिका द्वारा पलकों को 12 बिंदु पर बिस्तर से जानकारी दिया

जिसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नई शिक्षा नीति के संबंध में पालकों को जानकारी देने के लिए आयोजन किया जा रहा है।पालकों की भागीदारी*: शिक्षा में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पालक-शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की भागीदारी मुख्यमंत्री स्वयं भी पालक-शिक्षक मीटिंग में शामिल हुए हैं। शिक्षकों का उन्मुखीकरण शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। पालकों की सहभागिता पालक शिक्षक बैठक का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई लिखाई और स्कूली गतिविधियों में शिक्षकों के साथ पालकों की सहभागिता सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम के अंत मे न्योता भोज के बाद सेकड़ो फ्लदार वृक्ष रोपल किया गया ,इस कार्यक्रम में हरंगढ़ सरपंच परशु राम नुरेटि, सचिव कल्पना नेगी, दुलेश्वरी नेताम, तानिया भट्टाचार्य, सुष्मिता नाथ, दीपशिखा साहू, बिना बिस्वास, प्रकाश पोद्दार, विकास चंद्र मंडल, गौरांक हावलादार, मनीषा सीदार, पिंकी लहरी, रीना तारम, टैलेश साहू, द्वारका दास श्याम, विनय कुमार ध्रुव, कंचन धांगर, नीलिमा साहू, दीपचरण पटेल, सुनील कोमरे, आनंददीप निकुंज तनुज चंदा निर्मल चन्द्र गाइन मनोज मंडल एवं पालकगण आदि उपस्थित रहे।



# ग्राम गुडेलिया में मेगा पालक-शिक्षक बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग आदेशानुसार मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नया रायपुर द्वारा जारी आदेश एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार, वि.वं शिक्षा अधिकारी भाटापारा से प्राप्त विभागीय दिशा-निर्देशानुसार ग्राम पंचायत गुड़ेलिया अंतर्गत शा.प्रा. शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला गुडेलिया के संयुक्त परिवार में संकुल केन्द्र मोपका का संकुल स्तरीय मेगा पालक बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संकेत अग्रवाल उपसरपंच ग्राम पंचायत गुडेलिया विशेष सहयोगी एवं न्यौता भोज के आयोजक रहे, संकुल प्राचार्य आरएन बया नोडल शिक्षक आर.पी. भोई प्रधानपाठक प्रा.शा. गुड़ेलिया के नेतृत्व में निर्धारित 12 बिन्दुओं सहित उल्लास साक्षर भारत, एनईपी-2020 पर पालको एवं शिक्षको की व्यापक एवं वृहद चर्चा सुझाव आमंत्रित किये गये। जिसमें संकुल मोपका के 8 विद्यालयों के संस्था प्रमुख सहित 33 शिक्षक 252 पालक, 15 जनप्रतिनिधिः 06 शिक्षाविद काउंसलर, बालमनो विज्ञानी, डॉक्टर, सहित 195 विद्यार्थी एवं अन्य में उल्लेखनीय सहयोग एवं प्रबंधन के लिए बधाई एवं आभार प्रेषित किया गया, 521 लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभी शाला के एनईपी अध्यक्ष एवं शिक्षा बिंद में प्रियादास मानिकपुरी, शंभु ध्रुव, हेमंल वर्मा, तेजनारायण ध्रुव, केशव साहू, रमेश नवरंगे, रोहित साहू मोपका सरपंच सीमा धनश्याम बंजारे, जनपद सदस्य नरेन्द्र यादव रमेश्वर ध्रुव, मोपका से डॉ कौशल पटेल, राजाराम धुर्वे संघ प्राध्या मोपका महा.वि. आरके साहू पटवारी, जिला नोडल एवं रिपा अधि. विनोद कंवर फार्मेसिस्ट मोपका आदि ने उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम के रूपरेखा का सफ्ल संचालन दिनेश वर्मा संकुल समन्वयक मोपका द्वारा संपादित की गया। अंततः उपसरपंच संकेत अग्रवाल को उल्लेखनीय सहयोग व प्रबंधन के लिये संकुल परिवार की ओर से बधाई एवं आभार जताया गया।

# कालिंदी नर्सिंग कॉलेज, राजापारा कांकेर में मनाया विश्व स्तनपान दिवस




पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

नर्सिंग कॉलेज में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा संस्था और मातृ एवं शिशु अस्पताल अलबेलापारा में विश्व स्तनपान कार्यक्रम आयोजित कर स्तनपान माताओं को उद्देश्य बताया गया जो कि शिशु के साथ-साथ माताओं के बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्तनपान के महत्व पर जोर देना था तथा माता-पिता को प्रारंभिक जीवन में अपने बच्चों के साथ पालन-पोषण और शिशु के साथ बेहतर संबंध बनाने में मद्द करना इस विषय पर विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा प्रस्तुत किया गया तथा संस्था में स्तनपान के थीम 2024 ÷अंतर को कम करना, सभी के लिए स्तनपान समर्थन के ऊपर रंगोली प्रतियोगिता एवं सराहनीय (नाटक) प्रस्तुत किया गया जिसमें जी.एन.एम. प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने माता के जीवन में स्तनपान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिसमे संस्था के प्राचार्य पूजा पाण्डेय एवं शिक्षक, शिक्षिका सुलोचना देवांगन, मीनाक्षी चौहान, टिकेश्वर निषाद, मनीषा नाग, अंकिता कठोलिया भी उपस्थित थे।

**कालिंदी नर्सिंग कॉलेज, राजापारा कांकेर में वृक्षारोपण :** संस्था में विद्यार्थियों ने एक विशेष वृक्षारोपण अभियान के साथ औषधीय पौधे लगाकर यह गतिविधि संचालित की, इस तरहा विद्यार्थियों द्वारा औषधीय पौधे के महत्व के बारे में बताया गया। यह पहल हरित भविष्य और स्वस्थ के प्रति हमारी प्रतिबध्दता को दशाती है, उत्साह और टीम वर्क के साथ हमारे विद्यार्थियों पेड लग्गतने के लिए आये जो पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सामुदायिक भागीदारी के प्रति हमारे समर्पण का प्रतीक है।

## राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी

# पश्चिम भारत विज्ञान मेला में कांकेर जिला टीम की सहभागिता

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com




राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र रायपुर के तत्वावधान में आयोजित 4 दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2024 का आयोजन जगतु माहरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में हुआ। कांकेर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में कांकेर जिला टीम के 20 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता दी। कांकेर जोन नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य कथानक समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अंतर्गत विभिन्न विषयों में कांकेर जिला के 20 प्रतिभागी और धमतरी जिला के 21 प्रतिभागी अपनी सहभागिता देकर संयुक्त रूप से कांकेर जोन का प्रतिनिधित्व किए।

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के अंतर्गत बालिका वर्ग से माही मजुमदार सेजस हरनगढ़ ने स्टेथोस्कोप, खुशी सिन्हा सेजस चारामा ने स्वास्थ्य, पूर्वी कटेंद्र सेजस नरहरपुर ने प्लास्टिक रोड, यामिनी यादव कन्या मिडिल स्कूल लखनपुरी स्प्रिंकलर ड्रिप विधि, सिद्धि देवांगन सेजस नरहरपुर ने दुर्घटना से बचाव (यू टर्न) और बालक वर्ग से माणिक सरकार हाई स्कूल ईरादाह ने जैविक कीटनाशक यंत्र, आकाश कुमार यादव मिडिल स्कूल इच्छापुर ने स्मार्ट प्रोजेक्टर(मिनी सिनेमाहॉल), हर्ष कुमार जैन शाउमावि मुरडोंगरी ने घरेलु देशी कुलर (ट्रैवलिंग कुलर) बनाकर अपने माडल प्रस्तुत किया। पश्चिम भारत विज्ञान मेला के अंतर्गत एकल प्रोजेक्ट में रागिनी सिन्हा ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, टीम प्रोजेक्ट में देविका जैन और दुर्गेशवरी सिन्हा ने जल संरक्षण में तीनों हायर सेकंडरी स्कूल मुरडोंगरी से तथा शिक्षक टी एल एम में शिक्षक राहुल देवांगन मीडिल स्कूल अजुनी ने संचार एवं परिवहन, शिक्षिका अंजलि नायक सेजस नरहरपुर ने नंबर लाइन (गणितीय खेल) में प्रस्तुति दी। विज्ञान सेमीनार में कु. लियांशी राजपूत शा उ मा वि मुरडोंगरी ने मिलेंटस पर, विज्ञान संगोष्ठी में शिक्षिका वैशाली सोनी सेजस नरहरपुर ने सिल्क वर्म का जीवन चक्र पर प्रस्तुति दी। विज्ञान संगोष्ठी में शिक्षक ओमप्रकाश डडसेना हाई स्कूल ईरादाह ने स्वास्थ्य एवं पोषण पर उत्कृष्ट प्रस्तुति दे कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रश्न मंच में समीक्षा कोड़ोपी, सानिया कांगे शाउमावि मुरडोंगरी और योगिता यदु, चेतना नेताम शा उ मा वि बागोडार ने प्रस्तुति दी। कांकेर जिला टीम प्रभारी शिक्षक आदित्य पूरी गोस्वामी और अंजू ध्रुव थे। मार्गदर्शक शिक्षक नमिता कोड़ोपी, खिलेंद्र खोब्रागढ़े, सनत कुमार पटेल, अरुणा मरकाम थे। इन सभी प्रतिभागियों को सहायक संचालक लक्ष्मण कावडे और प्रकाश सेन,सहा जिला परि अधिकारी समग्र शिक्षा वैभव मेश्राम, ए पी सी ऐमन जैन, प्राचार्यगण हरीश कुमार साहू, जीआर गुरुवर, चंद्र शेखर यादव, दिलेश्वर साव, श्यामल चंद्र डे, दीपक कुमार रायस्त, विकास श्रीवास्तव, मिदानी नाग, शिक्षकगण आबिद खान, विनोद राजपूत, दिनेश देवांगन, मनीषा साहू ने बधाईयाँ एवं शुभकामनाएं दी ।

# जनसमस्या निवारण शिविर में बनेगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निदेर्शानुसार जिले में आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविरों में अब दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि कलेक्टर द्वारा दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण हेतु मेडिकल बोर्ड की टीम को जनसमस्या निवारण शिविरों में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे दूरस्थ अंचलों में लगने वाले शिविरों में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों का उनके नजदीकी ग्राम में ही दिव्यांग प्रमाण बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता प्रतिशत वाले दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र शिविर में बन जाने से दिव्यांगजनों का यू डी.आई.डी. कार्ड, दिव्यांगता व निराश्रित पेंशन, सहायक उपकरण एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिये उन्हें लंबी दूरी तय कर जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा। शिविर आयोजन के दिन दिव्यांगजन को अपना पासपोर्ट साईज फोटो, जिसमें दिव्यांगता दर्शित हो, आधार कार्ड आदि लेकर आना होगा। उप संचालक ने बताया कि राज्य शासन दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील

## सिक्योरिटी गार्ड हेतु 12 अगस्त से प्लेसमेंट शिविर का आयोजन

**जगदलपुर।** केपस्टोन सर्विस लिमिटेड हैदराबाद के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से बस्तर जिले में सभी विकासखण्डों में सिक्योरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर के पद हेतु इच्छुक युवाओं के चयन के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है। चयनित उम्मीदवार को सिक्योरिटी गार्ड के रूप में उक्त कंपनी द्वारा अर्धशासकीय, निजी सहित राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय कंपनियों, होटल, मॉल, मेट्रो एवं एयरपोर्ट में नियुक्ति दी जावेगी।

# जिला धमतरी भाजपा की हुई बैठक नेताओं ने दिया मार्गदर्शन





## हर घर तिरंगा अभियान अब पूरे देश का अभियान है : अजय चंद्राकर

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के दृष्टिगत पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला कार्यालय में हुई। बैठक में मार्गदर्शन करने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर, भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, नीलू शर्मा, प्रकाश बैस, श्रवण मरकाम, नेहरू निषाद, निरंजन सिन्हा, ठाकुर शशि पवार, अर्चना चौबे, नरेंद्र रोहरा उपस्थित थे। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर अजय चंद्राकर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस अभियान को एक वृहद रूप देना है। 11, 12 और 13 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान को पूरी ताकत के साथ सफल बनाना है। इस अभियान का नेतृत्व युवा मोर्चा द्वारा किया जाएगा और यह अभियान प्रत्येक विधानसभा में होगा। कार्यक्रम में सभी को पूर्ण सहभागिता देनी है और इस कार्यक्रम को हमें पूरा करना है। चंद्राकर ने कहा कि 12, 13 एवं 14 अगस्त को हमें प्रदेश के सभी स्मारक सहित स्मारक युद्ध स्मारक एवं शहीद प्रतिमाओं में स्वच्छता अभियान चलाकर माल्यार्पण का कार्यक्रम भी करना है। देश की धरोहर इन स्मारकों में हमें स्वच्छता अभियान चलाना है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक क्षेत्र के प्रत्येक मंडल के हर बूथ में करना है एवं जिला स्तर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है। इसके लिए प्रचार.प्रचार भी आवश्यक है। सोशल मीडिया एवं नमो ऐप के माध्यम से कार्यक्रम की फोटो एवं वीडियो अपलोड करनी है। मीडिया में प्रदेश एवं जिला स्तर पर पत्रकार वार्ता भी आयोजित करनी है ताकि यह अभियान पूरी तरह कार्यकर्ताओं के परिश्रम से जनता में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत कर सके। संगठनात्मक दृष्टि से 10 अगस्त तक प्रत्येक जिला मंडल एवं बूथ स्तर तक यह बैठक संपन्न करनी है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस राष्ट्रव्यापी अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर राष्ट्र निर्माण में और जन कल्याण में सहयोग करेंगे। चंद्राकर ने कहा कि 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस वह काला दिन हैए जब देश को दो टुकड़ों में बाँटने का काम कांग्रेस ने किया। देश ने विभाजन का दंश झेला है। भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक स्तंभ को मानने वाली पार्टी है और इसी वजह से भारतीय जनता पार्टी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन कर रही है, जिसके तहत प्रत्येक जिलों में हमें विभाजन विभीषिका को लेकर एक सेमिनार करना है और इसके तहत हमें उक्त स्थान पर प्रदर्शनी भी लगानी है। चंद्राकर ने कहा कि विभाजन विभीषिका की वजह से 2 करोड लोग विस्थापित हुए थे और लाखों लोगों की हत्या हुई थी।

### अभियान में बच्चों की भागीदारी भी हो ताकि वे राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत रहें : रामू रोहरा

भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने कहा कि भाजपा के इस अभियान को बूथ स्तर तक सफल बनाने के लिए घर-घर सम्पर्क कर हर घर पर तिरंगा लहराने की योजना बनी है। इस अभियान के मद्देनजर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रैली निकाली जाएगी। इस अभियान के दृष्टिगत 11 से 14 अगस्त 2024 तक तिरंगा यात्रा का आयोजन रखा जाएगा जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा की अग्रणी भूमिका रहेगी। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक घर एवं व्यावसायिक केन्द्रों पर हर घर तिरंगा लहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इन कार्यक्रमों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि वे राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत रहें। रोहरा ने कहा कि 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आस.पास स्वच्छता का अभियान चलाया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जाएगा। रोहरा ने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। यह दिन भारत के विभाजन तथा अभूतपूर्व मानव विस्थापन, रक्तपात एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी कहता है। इस दिन विभाजन की सच्चाई से जन-जन को अवगत कराते हुए प्रदर्शनी लगाकर व संगोष्ठी, सम्मेलन कर विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम रखा जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों की तैयारी और सफल आयोजन की दृष्टि से 8 से 10 अगस्त तक जिला एवं मंडल स्तर पर बैठकें होंगी।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में 50 तिरंगा लगाने का लक्ष्य : प्रकाश बैस

धमतरी भाजपा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश-दुनिया में राष्ट्रीयता का भाव जागने के लिए भाजपा राष्ट्र के निर्माण एवं राष्ट्र सेवा को अपना लक्ष्य मानती है। देश विरोधी ताकतें देश को तोड़ने का काम करती हैं। राष्ट्र का अच्छे से संचालन हो, इसके लिए राष्ट्रीयता की भावना होना आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र निर्माण एवं समाज निर्माण के लिए कार्य करती है। बैस ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में 50 तिरंगा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और जहाँ बड़े कार्यक्रम होंगे वहाँ पर व्यावसायिक संस्थानों एवं समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति भी हो, इसके लिए भी कार्य करना है। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका प्रशासनिक स्तर पर भी सहयोग लेंगे। 15 अगस्त तक यह कार्यक्रम प्रत्येक ग्राम पंचायत में करना है और उसे हमारे कार्यकर्ता ही लीड करेंगे। यह कार्य हमें सामंजस्य के साथ करना है। बैस ने बताया की आगामी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु समितियों का निर्माण किया गया है जिसमे जिले महामंत्री अविनाश दुबे को घर घर तिरंगा अभियान का प्रभारी एवं भानु चंद्राकर, राजेंद्र गोलछा को सह्प्रभारी बनाया गया है उसी प्रकार विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के लिए महेंद्र पंडित को प्रभारी एवं उनके साथ नागेंद्र शुक्ला, त्रिलोकचंद जैन और रामस्वरूप साहू को सदस्य बनाया गया है एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के लिए गौकर्ण साहू को प्रभारी और श्यामा नरेश साहू को सहप्रभारी बनाया गया है। बैठक का संचालन जिला के महामंत्री अविनाश दुबे ने किया इस अवसर पर जिले के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### कांग्रेस ने हमेशा देश को और देश की नागरिकों को नुकसान पहुँचाने के लिए काम किया : नीलू शर्मा

जिला संगठन के प्रभारी नीलू शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा पर आधारित पार्टी है और देश सेवा, समाज सेवा और देश के विकास के लिए कार्य करती है। भाजपा की सरकार विचारधारा को लेकर बनती है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को हमेशा जाति, धर्म, तुष्टीकरण और वर्ग के आधार तोड़ने का काम किया है। कांग्रेस ने कभी आरक्षण तो सभी संविधान खतरे में है कहकर देश में झूठ फैलाने का काम किया है। कांग्रेस ने हमेशा देश को और देश की नागरिकों को नुकसान पहुँचाने के लिए काम किया है, वहीं भारतीय जनता पार्टी जनता के विकास और विश्वास के लिए कार्य करती है। देश भक्ति, राष्ट्र प्रेम के लिए लोगों में राष्ट्रीयता की भावना को और दृढ़तर करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र के लिए सोचने वाली पार्टी है और देश को जोड़ने का काम भाजपा ही करती है। शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक रूप से संचालित करने की योजना बनाई गई है। कांग्रेस का षड्यंत्र लोगों तक जाना चाहिए। भाजपा की विचारधारा से लोगों को जोड़ने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

# संकुल केंद्र बालसी में पालक शिक्षक मेगा बैठक का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com




छ. ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संभागीय संयुक्त संचालक रायपुर संभाग राकेश पांडे के निर्देश पर सहायक संचालक जाट जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, डीएमसी (समग्र शिक्षा) कमल नारायण चन्द्राकर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल के मार्गदर्शन में संकुल केन्द्र बालसी के अंतर्गत प्राथमिक शाला बालसी में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षकों एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों की पढ़ाई में मदद हेतु समाधान का एक उपाय सुझाने के साथ-साथ समस्त पालकों को शिक्षा विभाग से संबंधित शासन की समस्त योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से उक्त मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक पालको को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य जो. पी. पटेल ने 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। जिसमें मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक आदि विषय शामिल हैं। वहीं सेजेस प्राचार्य सरायपाली मनोज पटेल के द्वारा एनईपी-2020, एफएलएन, नवाजतन सहित शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को पूर्व वि. खण्ड. शिक्षा अधिकारी एम एस कश्यप एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता के.के. पाणिग्राही ने भी संबोधित किया। बैठक में पालकों के साथ जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, बच्चों की अकादमिक प्रगति, मेरा कोना, छात्र- दिनचर्या ,ड्रॉप आउट बच्चा आदि विषयों पर सामूहिक चर्चा की गई। साथ ही पालकों को संकुल समन्यक कामता पटेल के द्वारा विद्यार्थी विकास सूचकांक, जादुई पिटारा, मुस्कान पुस्तकालय,अंगना में शिक्षा, जाति प्रमाण पत्र, बालवाड़ी, दीक्षा एप, बढ़ते कदम, छात्रवृत्ति संबंधित विभिन्न योजना पर जानकारी देते हुए नवोदय, प्रयास, एकलव्य विद्यालय, एनएमएसएसई के संबंध में भी चर्चा की गई। उपरोक्त सभी चर्चाओं में पालकों की भी पूर्ण सहभागिता रही। इस दौरान पालकों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से निरीक्षण कर्ता के रूप में उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से पालकों एवं शिक्षकों के मध्य आपसी संबंध प्रगाढ़ होता है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी पालको एवं शिक्षको को उल्लास साक्षरता शपथ दिलाया गया।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पालक गण, गणमान्य नागरिक एवं संकुल के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

# नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के संयोजक मेघनाथ सिदार के निर्देशन में बीए,बीएससी एवं बीकॉम के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। विद्या की देवी सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजगीत का गायन लाजवंती साहू, काजल साहू,रूबीना नाग और सबिता भोई के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय के उपलब्धियां को रेखांकित करते हुए कहा यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है और यहां अध्ययन करने के लिए दूर दराज से भी छात्र पढ़ने के लिए लालाहित रहते हैं। विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण कक्षा संचालन में परेशानी होती है, सात स्नातकोत्तर विषयों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की आवश्यकता है तथा केंद्र सरकार राज्य सरकार की योजनाओं और महाविद्यालय के गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए ऑडिटोरियम की आवश्यकता पर बल दिया। महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख किया ।इस महाविद्यालय से अध्ययन कर राजनीतिक ,सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण पदों पर सुशोभित हो चुके हैं जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय स्तर में पहली बार दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को पूरे मनोयोग के साथ अपने अध्ययन के प्रति सजग रहना चाहिए। विद्यार्थी जीवन से ही अच्छे नागरिक बनने का गुण विकसित होता है उन्होंने हरिवंश राय बच्चन के कविता के माध्यम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इसके पहले सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया। अपने महाविद्यालय जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों को साझा करते हुए अपने जीवन में अर्जुन के जैसा बनने के लिए अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहना हेतु अपील किया। उन्होंने कहा कि स्व. बीएएस भाटिया के कुशल मार्गदर्शन में इस मुकाम तक पहुंची है तथा प्रत्येक व्यक्ति के कार्य को पूरा करने के लिए संकल्पित हैं। राजेन्द्र विपिन उपोबेजा जिला भाजपा उपाध्यक्ष ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जोर दिया और बालिका के शिक्षित होने से ही समाज परिवार एवं देश का सर्वांगीण विकास हो सकता है। उन्होंने महाविद्यालय को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रदीप कुमार गुप्ता ने अपने अध्ययन काल के अनुभव को बताते हुए कहा कि उसे समय की स्थिति और आज की स्थिति में बहुत कुछ बदलाव हो चुका है, राष्ट्रीय शिक्षा 2020 भी उसी के अनुरूप विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

# परसुली मे संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

छग शासन के निर्देशनुसार संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक शासकीय बुढादेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसुली में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच मोतीन आनंद चक्रधारी, ग्राम पंचायत परसुली, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। मुकेशचंद्र टांडिल्य प्रभारी शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसुली ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में लता कुम्हार, सरपंच ग्राम पंचायत पंडरीपानी, भोज राम चक्रधारी उप सरपंच परसुली उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती की छाया चित्र के समक्ष धूप दीप जलाकर कर पूजन अर्चन की गई इसके पश्चात अतिथि व पालकगणों का स्वागत रोली चंदन से टीका लगाकर किया। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे हैं प्रभारी प्राचार्य मुकेश चंद्र टांडिल्य के द्वारा शासन द्वारा निर्धारित चर्चा के लिए 12 बिंदुओं को क्रमवार पालकों व बुद्धिजीवियों के मध्य विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उन्होंने 12 बिंदुओं पर चर्चा की जिस पर पालको ने पारी पारी अपने सुझाव रखा। साथ ही जादुई पिटारा मोबाइल ऐप के बारे में जानकारी दी गई। और एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला परिसर मे पालको एवं शिक्षकों के द्वारा छायादार पौधा रोपण कर इसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। मेगा बैठक मे संकुल केन्द्र अनर्गत आने वाले पंद्रह स्कूल के व पालक नीलसिंह ठाकुर, नेमीचंद साहू, साजन तांडी, टेकराम ठाकुर, अमरसिंह पटेल, सीताराम सिन्हा, डीगम्बर मांझी, परमेश्वर पटेल, मेंघराज पांडे, सभापति पटेल, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन की घोषणा करते हुए परसुली संकुल समन्वयक भरत सिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

# आमापारा के अतिरिक्त बरसाती पानी से मकई तालाब होगा अब लबालब

## कलेक्टर की पहल पर पार्षद की मेहनत लाई रंग, 18 लाख की लागत से पाइप द्वारा पहुंचाया जाएगा पानी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



बरसात के दिनों में बालक चौक से आमापारा की ओर जाने वाली सड़क पर 3 फीट से ऊपर पानी भर जाने से आम लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, जिस पर एक लंबे समय से इस समस्या से निजात दिलाने हेतु समय-समय पर आवाज बुलंद हो रही थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने तत्काल 11 लाख रुपए की राशि स्वीकृत नगर निगम को करते हुए इस पानी को मकई तालाब तक पहुंचा कर जल संग्रहण को भी बढ़ावा देते हुए भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ाने के लिए भी एक सार्थक कदम उठाया। जिसमें आमापारा वार्ड के संवेदनशील युवा नेता पार्षद विजय मोटवानी की मेहनत भी रंग लाई और उन्होंने भी कलेक्टर के जल जगार जैसे पवित्र एवं महत्वाकांक्षी एक कदम आगे बढ़ाते हुए उक्त कार्य को संपन्न करने के लिए अपने पार्षद निधि से बिना कोई देरी किए 7 लाख रुपया स्वीकृति पत्र निगम को सौंपते हुए तत्काल कार्य को प्रारंभ करने हेतु स्वयं आगे आए जिस पर निगम भी त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए वर्क आदेश जारी कर या मनसा व्यक्त कर दी की अब बारिश के दिनों में जो अतिरिक्त पानी होगा उसे हर हाल में मकई तालाब जैसे शहर के प्राचीन एवं सबसे बड़े तालाब में पहुंच कर उसे लबालब करते हुए आम जनता को शहर के तालाबों की दुर्दशा को दूर कर एक सौंदर्ययुक्त तालाब के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। गौरतलब है कि आमापारा क्षेत्र में पानी भर जाने से शहर के यहां व्यस्ततम व्यापारिक मार्ग होने के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुका था अब इस पानी के डाइवर्ट हो जाने से आमापारा वार्ड वासियों को राहत तो मिलेगी लेकिन इसके साथ ही मोटर स्टैंड मकेश्वर वार्ड सहित शहर का प्रमुख व्यापारिक केंद्र गोल बाजार एवं सार्वजनिक जगह धन केसरी मंगल भवन जैसे महत्वपूर्ण स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए भी एक शुभ संकेत है।

# सट्टा खेला रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

थाना सिटी कोतवाली धमतरी पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति द्वारा मकई तालाब आर्य कन्या स्कूल के पास हार-जीत की दांव लगाकर सट्टा खेलाने की सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी तेजराम ढीमर मकेश्वर वार्ड धमतरी थाना सिटी कोतवाली जिला धमतरी के द्वारा लोगो से पैसे लेकर अवैध रूपये, पैसो का दांव लगाकर अंको वाली सट्टा पट्टी लिखते पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 311/24 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 (क) जुआ एक्ट कार्यवाही के तहत आरोपी से 1390 रूपये नगद एवं एक नग सट्टा पट्टी जिसमें विभिन्न अंको के आगे रूपया पैसा लिखा हुआए एक नग डॉट पेन को जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में कोतवाली से सउनि हेमंत ध्रुव, डायमंड यादव, मुकेश सिन्हा, भूपेंद्र पदमशाली एवं सायबर टीम से देवेंद्र राजपूत फनेश साहू मनोज साहू, विकास द्विवेदी, आनंद कटकवार विशेष योगदान रहा।

# कभी भी ईर्ष्या अकेले नहीं आता, ये अपने साथ अभिमान और बैर भी लेकर आता है

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com






परम पूज्य विशुद्ध सागर म सा ने अपने प्रवचन में फरमाया कि जो हमने देखा था वो नही है और जो देख रहे है वो आने वाले समय में नहीं दिखेगा, अर्थात संसार परिवर्तनशील है, अपेक्षित परिणाम पाने के लिए प्रयास भी अपेक्षित होना चाहिए। हमारे मन को विकास के कार्यों में रस कम आता है और पतन के मार्ग में रस ज्यादा आता है। हमारी आत्मा इसी कारण आजतक संसार में भटक रही है। जिस दिन हम तन और मन से अपेक्षित परिणाम के लिए प्रयास करने लग जायेंगे आत्मा भी अपने वास्तविक स्वरूप को प्राप्त कर लेगी। हम एक से अधिक मित्रो के साथ अलग अलग व्यवहार करते है जबकि परमात्मा कहते है पूरी वसुधा अर्थात धरती के जीवों के प्रति मैत्री का भाव रखना चाहिए। जब हम तपस्या करते है तो गृहस्थ धर्म को प्रभावित किए बिना जो भोजन का समय बचता है उस समय में परमात्मा को स्मरण करना चाहिए। लेकिन हम उस समय का उपयोग प्रमाद अर्थात आलस्य करने में लगा देते है। अगर हम जड़ नही जीव है तो हमे आत्मा के विकास के लिए विचार करना चाहिए क्योंकि जड़ पदार्थ विचार नहीं कर सकता। हमारे मन से पकड़ की अकड़ नही जा रही है इसलिए ये हमे संसार के मायाजाल में जकड़ने का काम करती है। जिस दिन ये पकड़ की अकड़ छूट जायेगी उस दिन संसार भ्रमण से हमारी आत्मा को भी मुक्ति मिल जाएगी। मैत्री भाव को तोड़ने का पहला कारण है ईर्ष्या अर्थात जलन, अपने नकारात्मक भावों की अभिवृद्धि ही ईर्ष्या है। ईर्ष्या के कारण हमारे मन में दूसरो के प्रति अहोभाव नही आता। कभी भी ईर्ष्या अकेले नहीं आता, ये अपने साथ अभिमान द्वेष और बैर भी लेकर आता है, अभिमान अर्थात अहंकार, ईर्ष्या हमारे अहंकार को पुष्ट करता है। द्वेष हमारा पीछा नहीं छोड़ता द्वेष के कारण हम दूसरो से दूर होते जा रहे है। कालांतर में यही द्वेष दूसरो के प्रति बैर का कारण बनता है। बैर के कारण आने वाला भव भी खराब हो जाता है और यही सब हमारे दुख का कारण है। अभिमान, द्वेष और बैर हमारे मन में बदले की भावना को जन्म दे देता है। बदले की भावना हमारा भव और भाव बिगाड़ने का काम करती है। बदले की भावना दूसरो के लिए हानिकारक हो या न हो किंतु स्वयं के लिए हानिकारक जरूर होता है। ईर्ष्या, अभिमान, द्वेष और बैर भाव हमे दिन-प्रतिदिन परमात्मा से दूर कर रहा है। बिना मैत्री भाव के आत्मा का विकास संभव ही नहीं है। मित्रता का वास्तविक अर्थ होता है दूसरो के हित की चिंता करना परमात्मा को हमेशा निश्छल भाव से निहारना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा हृदय पावन और पवित्र बनती है।

# धमतरी महिला मोर्चा की बहनों द्वारा भेजी हुई राखियां नक्सल क्षेत्रों में तैनात जवानों के कलाई में सजेगी

## पुलिस अधीक्षक के कलाई में राखी बांधकर भेजी जवानों के लिए राखी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा नक्सली क्षेत्र में तैनात जाबाज सैनिक भाइयों के लिए राखी और विजय तिलक पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय को राखी बांधकर उनके माध्यम से जवानों के लिए राखी भिजवा रही हैं ताकि राखी पर्व पर जाबाज सैनिक भाइयों की कलाइयां सुनी ना रहे। पुलिस प्रशासन अपना जीवन दाव पर लगाकर जनता की सुरक्षा के लिए तैनात रहता है। दूसरी तरफ जाबाज सैनिक भारतीय सीमाओं में तैनात होकर भारतीय सीमा की रक्षा के लिए अपना जान न्योछावर कर रहे हैं। धमतरी पुलिस देश की रक्षा के साथ-साथ अपना भी ख्याल रखें सभी बहनें आप सभी भाईयों की सुरक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं आप सभी सुरक्षित रहें तथा इस राखी को अपने कलाइयों में अवश्य राखी के त्यौहार में बांधना ईश्वर आपकी रक्षा करेगा महिला मोर्चा सभी बहने एसपी कार्यालय पहुंची और प्रतीकात्मक रूप से पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय को रक्षा सूत्र के रूप में राखी बांधी। इसके साथ ही साथ कार्यालय में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को भी रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला महिला मोर्चा वरिष्ठ भाजपा नेत्री पार्वती वाधवानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा, खिलेश्वरी किरण, अर्चना चौबे, कल्पना रणसिंह महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष चंद्रकला पटेलए महामंत्री मोनिका देवांगन, सुनीता पंजवानी, भारती खंडेलवाल, सुशीला तिवारी, नम्रता माला पवार, दमयंतीन गजेन्द्र, ईश्वरी पटवा, चंद्रिका साहू, गायत्री सोनी, संगीता जगताप, रेशमा शेख, अंजू मंधान, उषा कौशिक, सीमा चौबे, राजकुमारी मेश्राम, गीता शर्मा, संतोषी साहू, सरिता यादव, रुख्मणी सोनकर, अनीता यादव, रेखा शांडिल्य, ममता सिन्हा, ईश्वरी नेताम, डाली सोनी, नीतू त्रिवेदी, दमयंतीन साहू, पवित्रता दीवान, सरोज देवांगन, लता सोनी, आशा श्रोती, निर्मला ध्रुव, पुष्पा कश्यप, शीला सोनी, गीता शर्मा एवं साथ में अन्य लोग एस.पी. कार्यालय में पहुंचे।

# अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों का करें निराकरण : चौधरी

## प्रकरण निराकरण के संबंध में आवेदकों को कराये अवगत, कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। साथ ही निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन, कलेक्टर जनचौपाल और सार्थ-ई एप के लंबित आवेदनों का निराकरण अभियान चलाकर समयावधि में निराकृत करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर चौधरी ने कहा कि आवेदन के निराकरण अथवा निराकृत नहीं होने की स्थिति में इसकी जानकारी संबंधित आवेदक को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निराकृत प्रकरणों को लंबित सूची के विलोपित कराने अधिकारी आवश्यक पहल करें। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण की जानकारी ली। साथ ही संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा तथा जिला कोषालय द्वारा लगाई गई आपत्ति के तत्परतापूर्वक निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर चौधरी ने नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के वार्डों में स्वच्छता निरीक्षण हेतु अधिकारियों को पांच-पांच वार्डों का भ्रमण कर जानकारी संबंधित सीएमओ को अवगत कराने के दायित्व सौंपे गये हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिस प्रकार मेगा पीटीएम के मॉनिटरिंग हेतु अधिकारियों ने अपने रूचि प्रदर्शित की हैं। इसी प्रकार वे नगरीय निकायों के वार्डों के स्वच्छता मॉनिटरिंग की दायित्व भी सफलतापूर्वक करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्माण कार्य एजेंसी विभागों को अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार विगत वित्तीय वर्ष के जो निर्माण कार्य अप्रारंभ है, ऐसे सभी कार्य निरस्त हो गया हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास (शहरी) से संबंधित लंबित आवेदन का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जाए। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के हर वार्डों में उद्यान हेतु जमीन चिन्हांकित करने और पूर्व चिन्हित स्थानों पर उद्यान विकसित करने के कार्यों में प्रगति लाने संबंधित सीएमओ को निर्देशित किया। उन्होंने नगरीय निकायों में सड़क संधारण एवं पेच वर्क कार्य जारी रखने के निर्देश दिये। बैठक में अधिकारियों को छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित आगामी परीक्षाओं के लिए आब्जर्वर की ड्यूटी लगाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा गया। इसी प्रकार गतिशक्ति योजना से संबंधित जानकारी भी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने कहा गया है। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं विरेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत महाविद्यालय में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय महाविद्यालय व नवीन कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में समस्त संकायों के प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के दीक्षांत समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वल उपरांत राजकीय गीत गायन के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एन.के. देवांगन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के प्रावधान एवं उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बताया किया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में 03-04 वर्षीय बहु संकाय स्नातक पाठ्यक्रम है। इसमें समस्त पाठ्यक्रम क्रेडिट पर आधारित होने के साथ ही च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत होंगे। 03-04 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को विद्यार्थी अधिकतम 07 वर्षों में पूर्ण कर सकते है। बहुप्रवेश-बहुनिकास प्रावधान के अंतर्गत प्रथम वर्ष पूर्ण कर किसी कारणवश पढ़ाई छुट जाने की स्थिति में विद्यार्थी को उस संकाय के अंतर्गत प्रमाण पत्र दो वर्ष पूर्ण कर छोड़ने पर डिप्लोमा एवं तीन वर्ष पूर्ण करने पर स्नातक की उपाधि प्राप्त कर पाठ्यक्रम को छोड़ने की व्यवस्था है। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल भानु प्रकाश दीक्षित अतिथियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। विद्यार्थियों ने नई शिक्षा नीति के संदर्भ में उत्साह वर्धक पोस्टर व रंगोली बनाई गई थी।

# इंटरनेशनल कॉलोनी के शिविर में 3 को पेंशन का लाभ, 17 लोगों ने ईलाज के लिए बनाया कार्ड

पायनियर संवाददाता ‹ रिसाली
www.dailypioneer.com



तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी में लगाए जन समस्या निवारण शिविर में 3 हितग्राही को पेंशन का लाभ देने औपचारिकता पूरी की गई। तीनों वृद्धा पेंशन के हितग्राही थे। शिविर में कुल 207 आवेदन मिले। इसमें से 131 मांग में 49 और 76 शिकायतों में 14 का निराकरण किया गया। इंटरनेशनल कॉलोनी के शिविर में केजू राम, रामाधार और संतरा देवी ने वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। पात्र होने पर इस माह से पेंशन देने दस्तावेज पूर्ण किया गया। इसी तरह तालपुरी के चंद्रप्रकाश शर्मा ने मच्छर प्रकोप अधिक होने की शिकायत की थी। इस शिकायत का निराकरण करते स्वास्थ्य विभाग ने दवाई का छिड़काव किया। शिविर में पार्षद सविता ढवस, शीला नारखेड़े, सारिका साहू, रमा साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, धर्मेंद्र भगत, विधायक प्रतिनिधि के रूप में मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे, मंडल महामंत्री राजू जंघेल व दशरथ साहू उपस्थित थे।

**43 हजार निगम कोष में जमा :** शिविर में 25 लोगों ने आधार अपडेट कराया। वही एक ने आईडी जनरेट करा कर 43922 रुपए टैक्स की राशि निगम कोष में जमा कराया। इसके अलावा 32 लोगों ने सड़क, नाली, संधारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में वार्ड पार्षद ने अन्न प्राशन्न और गोद भराई की रस्म अदा की।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी 13 अगस्त को



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी किफायती आवास मोर आस-मोर मकान का आबंटन लॉटरी पद्धति से किया जाना है। भिलाई निगम क्षेत्र में किराये पर निवासरत या जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है, उनके लिए आवास पाने का यह सुनहरा अवसर है। नागरिको से पूर्व में आवास आबंटन हेतु आवेदन जमा कराया गया है। जिसमे पात्र हितग्राही है, उन्हे ही मकान आबंटन किया जाना है। निगम भिलाई क्षेत्र में सूर्या बिहार के पीछे खम्हरिया (1120/616), एनार स्टेट (476/630), माईल स्टोन स्कूल के पास (896/546), कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया (335/338) तथा स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद (444) में आवास निर्मित किया गया है। जिसका आबंटन 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किया गया है, उन्हे यह मकान आबंटन किया जायेगा। आवास का आबंटन नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में 13 अगस्त समय 11:00 बजे से किया जायेगा।

# संकुल स्तरीय मेगा पेटीएम का आयोजन





पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

संकुल स्तरीय मेगा पेटीएम बी आर जे शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में संकुल स्तरीय मेगा पेटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं से 12वीं तक के लगभग 200 पालक उपस्थित रहे। इस बैठक का उद्देश्य पलकों के साथ शिक्षक का बेहतर समन्वय स्थापित करने, उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु शासन द्वारा संचालित हितग्राही योजनाओं की जानकारी देना था, एवं जिले स्तर पर गुणवत्ता उन्नयन हेतु चलाए जा रहे विविध कार्यक्रमों एवं योजनाओं से पालकों को अवगत कराना था। शाला की प्राचार्य डॉक्टर कृष्णा अग्रवाल ने सरस्वती पूजन के पश्चात समस्त उपस्थित अतिथियों एवं फलों का स्वागत करते हुए बैठा के की महत्ता को बताते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जो की शिक्षा की गुणवत्ता के लिए आवश्यक है जानकारी दी एवं प्रतीक चिन्ह के रूप में विद्या का पेड़ देकर अतिथि गणों को सम्मानित किया इस महत्वपूर्ण बैठक में गुणवत्ता शिक्षा को प्रभावित करने वाले विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन देते हेतु अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने पालक शिक्षक और छात्र के मध्य समन्वय स्थापित करने का महत्व बताया शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य उपसंचालक पद से सेवानिवृत्त एच एस वर्मा ने विपरीत परिस्थितियों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु शाला की भूतपूर्व छात्र शवा अंजुम एवं संस्था से शिक्षा प्राप्त कर उच्च स्तर तक पहुंचने वाली छात्राओं का उदाहरण देते हुए पालकों को प्रेरित किया जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ प्रशांत अग्रवाल ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं पौष्टिक भोजन के संबंध में पालकों को जानकारी दी। सी एस शर्मा प्राचार्य साइंस कॉलेज पुलगांव में रचनात्मक सोच के साथ बच्चों में उच्च चरित्र निर्माण हेतु पालकों को प्रेरित किया वही संतोष शर्मा प्राचार्य दुर्गा द्वारा आत्म संवाद के साथ 12वीं के बाद कैरियर संबंधी चुनाव एवं अनुभवी लोगों से सकारात्मक संवाद स्थापित करने का सुझाव दिया समाज कल्याण विभाग दुर्ग से मॉनिटरिंग के लिए आए सहायक संचालक अमित परिहार ने पलकों व शिक्षकों के बीच संवादहीनता के कारण योजनाओं के लाभ से छात्रों का वंचित होना बताया गया।

# छग के कृषि मंत्री नेताम ने की केंद्रीय वन मंत्री से सौजन्य मुलाकात

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



हाथी विचरण वाले क्षेत्रों में सोलर लाइट और सुरक्षा उपायों के संबंध में जाति, अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने नई दिल्ली में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से सौजन्य मुलाकात की। बैठक में मंत्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि सरगुजा संभाग के आस-पास हाथियों का प्रायःविचरण होता है। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। व्ही मंत्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि हाथियों के विचरण से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में फसलें बर्बाद हो रही हैं और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। इस समस्या के समाधान के लिए,उन्होंने हाथी विचरण वाले गांवों में सोलर लाइट की सुविधा प्रदान करने की आग्रह किया। इसके साथ ही,उन स्थानों पर वर्टिकल सोलर फेंस स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मंत्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री से हाथी मित्र दलों के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने की भी मांग रखी। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इन सभी मुद्दों पर यथाशीघ्र उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के वन और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए हरसंभव केंद्रीय सहायता प्रदान की जाएगी।

# जलवायु परिवर्तन शमन के लिए सतत् ऊर्जा प्रणालियों पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 05 और 06 अगस्त 2024 को आयोजित जलवायु परिवर्तन शमन के लिए सतत ऊर्जा प्रणालियों विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। प्रोफेसर डॉ. एम. के. वर्मा (कुलपति, सीएसवीटीयू, भिलाई) के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, उद्योग पेशेवरों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाने के लिए आयोजित किया गया है ताकि सतत ऊर्जा के भविष्य के लिए अभिनव समाधानों पर चर्चा और खोज की जा सके। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रथम एवं द्वितीय सत्र में कई प्रतिष्ठित वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ शामिल हुए जिनमें मुख्य रूप से प्रोफेसर अनवर शहज़ाद सिद्दीकी (जेएमआई, दिल्ली) ने एकीकृत सौर ऊर्जा के साथ विद्युत प्रणालियाँ पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार (डीटीयू दिल्ली) ने सीमेंट उत्पादन के लिए स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से सीओ2 शमन क्षमता पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रोफेसर अभिषेक गांधार (डीन, बीवीसीओइ, दिल्ली) ने इलेक्ट्रिक वाहन, जलवायु परिवर्तन शमन के लिए एक प्रभावी संभावना पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकाश कुमार (एमएएनआईटी, भोपाल) ने अक्षय ऊर्जा, सौर ऊर्जा, टिकाऊ ऊर्जा पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके बाद, डॉ. आर.एन. पटेल, (निदेशक, सीएसवीटीयू फोर्टे) ने अपने व्याख्यान में सौर ऊर्जा का उपयोग घरो में खाना बनाने में, बिजली और खेतों में सिंचाई के लिए करने पर जोर दिया।

# मृतक के परिजनों को मिला 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसदा, कोडिया तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी कृष्णा यादव की विगत 03 दिसम्बर 2022 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम बठेना थाना व तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी गोपीनाथ वर्मा की विगत 13 अगस्त 2023 को आग में जलने से मृत्यु हो गई थी। ग्राम अरसनारा तहसील पाटन निवासी कुंजन लाल साहू की विगत 26 जनवरी 2024 को तालाब में डूबने, ग्राम मोतिपुर सांकरा थाना अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी मंगल सिंह की विगत 09 सितम्बर 2023 को तालाब में डूबने, ग्राम सिरसाकला तहसील भिलाई-3 जिला दुर्ग निवासी देवबती निषाद की विगत 29 जून 2021 को नाला के पानी में डूबने एवं वार्ड क्रमांक-16 जयंती नगर जिला दुर्ग निवासी जितेश साय की विगत 24 अप्रैल 2023 को नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. कृष्णा यादव के पिता दोमेन्द्र कुमार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। स्व.गोपीनाथ वर्मा की पत्नी सुमन वर्मा, स्व. कुंजन लाल साहू के पिता दिलेश्वर, स्व.देवबती निषाद की माता एवं स्व. जितेश साय की माता को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।


**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् दल्ली राजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

फोन नं./फैक्स नं. 07748-286524, ई-मेल : mcdallirajhara@rediffmail.com

क्रमांक/970/लो.नि.वि./नि.आ.सू./2024-25, दल्लीराजहरा, दिनांक 06/08/2024

**// मैन्युअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा वर्ष 2024-25 के लिये निम्नांकित सामग्री क्रय/प्रदाय हेतु पंजीकृत फर्म/अधिकृत विक्रेताओं से (बी फार्म में) स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 23.08.2024 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 12.08.2024 समय 4:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 16.08.2024 समय 4:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 23.08.2024 समय 3:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि :- 23.08.2024 समय 4:00 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्षिक पेयजल सामग्री प्रदाय (आयटम रेट) | 19.50 | कार्यादेशानुसार |

**टीपः-** उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा**


# स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के लिए अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

## जिला मुख्यालय में पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जिले में गरिमामयी एवं हर्षोल्लास के साथ जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों की बैठक में विभागवार जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने परेड की रिहर्सल प्रारंभ करने निर्देशित किया है। जिला आरक्षक बल, विशेष बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, होमगार्ड के जवान परेड में शामिल होंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समिति बनाने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी प्रारंभ करने कहा है। कार्यक्रम स्थल में बेरिकेटिंग एवं बैठक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, साफ सफाई, पेयजल, शौचालय सहित शामियाना, कुर्सियां, लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम दुर्ग/रिसाली को, विशिष्ट अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, कार्यक्रम स्थल में चबूतरा निर्माण, झण्डे आदि की व्यवस्था के लिए लोक निर्माण व रक्षित निरीक्षक को जिम्मेदारी दी है। मंच सजावट के लिए उद्यानिकी विभाग को, विद्युत कनेक्शन, जनरेटर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम एवं विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को, सम्मानीय अतिथियों की बैठक व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ध्वजारोहण पश्चात् रंग बिरंगी गुब्बारे आसमान में छोड़ने के लिए उद्योग विभाग को दायित्व दिए गए हैं। मुख्य अतिथि का परेड निरीक्षण के लिए वाहन व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन के लिए पुस्तिका की व्यवस्था के लिए जनसंपर्क विभाग को, कार्यक्रम स्थल में उद्घोषक के लिए शिक्षा, पर्यावरण एवं अदिवासी विकास विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। प्रमुख चौक-चौराहों पर देशभक्ति गीत-संगीत के प्रसारण के लिए नगर निगम दुर्ग-भिलाई को, कार्यक्रम का विडियो एवं फोटोग्राफी के लिए जनसंपर्क विभाग एवं खनिज विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस परेड ग्राउण्ड में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण की व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक दुर्ग और लोक निर्माण विभाग को दी गई है। आमंत्रण पत्रों का मुद्रण एवं प्रोटोकॉल अनुसार वितरण के लिए सी.ई.ओ. जिला पंचायत, वरिष्ठ लिपिक शाखा, प्रोटोकॉल शाखा को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं विरेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)**

**// नामांतरण सूचना विज्ञप्ति वर्ष 2024-25 //**

क्रमांक/09/रा.वि.बा./2024 दुर्ग, दिनांक 06/08/2024

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि छ.ग. नगर पालिक निगम, दुर्ग अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत निम्न लिखित व्यक्तियों को उनके नाम के सामने दुकान स्वामित्व परिवर्तन आवेदन किया गया है। संबंधित हित रखने वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन में 01 माह के अन्दर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण कर्त्ता का नाम | मोहल्ला | परिसर का नाम एवं दुकान क्रमांक | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री मोहम्मद अजीम कुरैशी आ. स्व. मो. हाजी शेख हनीफ निवासी -तकियापारा वार्ड क्रमांक 08, दुर्ग | श्री अजीम कुरैशी आ. हाजी शेख हनीफ निवासी -तकियापारा वार्ड क्रमांक 08, दुर्ग | तकियापारा दुर्ग | इंदिरा मार्केट मिनी ई. ब्लॉक स्थित दुकान क्रमांक- ई/05 दुर्ग | उत्तराधिकारी |

**बाजार अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, दुर्ग**

## संपादकीय

# न्याय में देरी सुधार जरूरी

**भारत के प्रधान न्यायाधीश** ने अदालतों में न्याय मिलने में देरी से पैदा निराशा को देखते हुए तत्काल सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने बहुत से लोगों द्वारा व्यक्त की जा रही चिन्ता का साझा किया है। भारतीय अदालतों में लगने वाले लंबे समय से जनता में भारी निराशा व्याप्त है जिससे 'न्यायिक प्रक्रिया' एक अवांछित परेशानी बन गई है। एक हालिया बयान में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा, 'लोग अदालतों में चलने वाली लंबी कार्यवाहियों से परेशान हो गए हैं और प्रक्रिया अपने आप में दंड बन गई है।' यह कठोर टिप्पणी भारत की कानूनी व्यवस्था में लंबित मामलों के परेशान करने वाले मुद्दे को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता उजागर करती है। भारतीय न्यायपालिका में भारी संख्या में मुकदमे लंबित हैं। यह लंबे समय से जनता में व्याप्त निराशा तथा विधिक विश्लेषण का विषय बनी हुई है। भारत के प्रधान न्यायाधीश का हालिया बयान इस मुद्दे की गंभीरता रेखांकित करता है। इससे स्पष्ट होता है कि अदालतों में विलंब से न केवल न्यायिक प्रक्रिया बाधित होती है बल्कि कानून व्यवस्था में जनता का विश्वास भी घटता है। हालिया अनुमानों के अनुसार, भारतीय न्यायपालिका में विभिन्न स्तरों पर 40 मिलियन से अधिक मुकदमे लंबित हैं और वर्तमान गति के अनुसार इनको निपटाने में 300 साल लग सकते हैं। इस भारी संख्या में दीवानी, आपराधिक और प्रशासनिक मामले शामिल हैं जिनमें से अनेक सालों या यहां तक कि दशकों से लंबित हैं।



ये लंबित मुकदमे एक बाधा पैदा करते हैं जिससे समय पर न्याय नहीं मिल पाता है, कानूनी लड़ाई लंबी खिंचती जाती है तथा वादी-प्रतिवादियों का खर्च बढ़ता जाता है। बहुत अधिक विलंब से न्यायपालिका पर विश्वास घट सकता है क्योंकि लोग कानूनी प्रक्रिया को धीमी और अक्षम मानने लगते हैं। अदालतों में बिना समाधान के मुकदमे लंबित रहने के कारण लोग न्यायिक व्यवस्था की प्रभावशीलता और विश्वसनीयता पर संदेह करने लगते हैं। कानूनी प्रक्रिया लंबी खिंचने के भय से बहुत से लोग अदालतों के माध्यम से न्याय की मांग करने से बचते हैं। यह अनिच्छा खासकर ऐसे लोगों में दिखती है जो लंबी मुकदमेबाजी का खर्च नहीं उठा सकते हैं या जो व्यक्तिगत या वित्तीय बाधाओं के कारण जल्दी समाधान चाहते हैं। असाधारण विलंब के कारण लोग विकल्प तलाशने लगते हैं तथा अक्सर विवादों के समाधान के 'न्यायेत्तर' तरीके खोजते हैं। इसके अलावा बिजनेसों और निवेशकों को अनुबंध लागू करने तथा विवादों के समाधान के लिए जीवन्त विधि व्यवस्था की आवश्यकता है। न्यायिक प्रणाली के प्रति निष्ठा तथा उसकी प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए मुकदमे निपटाने में विलंब दूर करना जरूरी है। इससे सुनिश्चित होगा कि न्याय तक सभी नागरिकों की समय पर पहुंच हो। भारत में लंबित मुकदमों के पीछे अनेक कारण हैं। बड़ी संख्या में न्यायिक पद खाली हैं। भारत में कानूनी प्रक्रियायें अत्यधिक जटिल हैं जो अक्सर अनावश्यक विलंब का कारण बनती हैं। अनेक अदालतों में आवश्यक ढांचागत संरचना तथा तकनीकी समर्थन की कमी है। लेकिन विलंब का सबसे बड़ा कारण बार-बार कार्यवाही रुकना है जिसके अक्सर बहुत मामूली कारण होते हैं। बालीवुड फिल्म का संवाद 'तारीख पे तारीख' इस पर सटीक बैठता है। हालांकि कुछ मुद्दों को 'भारतीय न्याय संहिता' के माध्यम से निपटाने का प्रयास किया गया है, पर बहुत कुछ करना अभी बाकी है। कहावत है कि 'न्याय में विलंब न्याय से इनकार है।' न्याय व्यवस्था को वर्तमान समय में तेजी से बदलते समाज की आवश्यकतायें पूरी करनी चाहिए।

# जापान की नई रक्षा रणनीति

दुनिया इस समय हिरोशिमा व नागासाकी पर 79 वर्ष पहले हुए आणविक हमलों की याद कर रही है। ऐसे समय जापान अपनी रक्षा रणनीति में व्यापक परिवर्तन कर रहा है।



संतोष मैथ्यू
(लेखक, असोशियेट प्रोफेसर हैं)



दुनिया इस समय हिरोशिमा व नागासाकी पर 79 वर्ष पहले हुए आणविक हमलों की याद कर रही है। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर जापान अपनी रक्षा रणनीति में व्यापक परिवर्तन कर रहा है। 6 और 9 अगस्त, 1945 को जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा गिराए गए अणु बमों से नष्ट हो गए थे। यह द्वितीय विश्वयुद्ध तथा युद्धों के इतिहास में परिवर्तनकारी मोड़ था। इस बमबारी से दसियों हजार लोग तत्काल मर गए थे, जबकि विकिरण के कारण बीमारियों व घावों से मरने वाले लोगों की कुल संख्या 200,000 से अधिक थी। पहले हिरोशिमा पर 'लिटिल ब्वाय' कहे जाने वाले अणु बम से हमला किया गया जिससे ज्यादातर शहर नष्ट हो गया।

इसके तीन दिन बाद नागासाकी पर 'फैट मैन' अणु बम गिराया गया। इस असाधारण विनाश और मानव जीवन की क्षति के कारण जापान ने 15 अगस्त, 1945 को आत्मसमर्पण कर दिया और प्रभावी रूप से द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हो गया। इन घटनाओं से 'नाभिकीय युग' की शुरुआत हुई जिसने आणविक आयुधों की भयानक विनाशकारी शक्ति स्पष्ट की तथा नाभिकीय नैतिकता, युद्ध और निशस्त्रीकरण पर दुनिया भर में बहस छेड़ दी। इन आणविक बम हमलों ने नाभिकीय टकराव के विनाशकारी परिणामों को उजागर किया। इसके साथ ही आणविक बमों के प्रयोग से दुनिया भर में शांति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का महत्व भी उजागर हुआ।

सिविलियनों की जान लेने वाले इन विनाशकारी नाभिकीय हमलों ने पूरे देश की सामूहिक चेतना पर अमिट छाप छोड़ी और एक 'शांतिवादी संविधान' की नीव रखी। इन भयानक घटनाओं के बाद जापान ने 'रक्षात्मक तटस्थता' की नीति अपनाई जिसे संविधान के अनुच्छेद 9 में शामिल किया गया। इसके अनुसार युद्ध को अस्वीकार करते हुए युद्ध के लिए रक्षा बलों के रखरखाव पर प्रतिबंध लगाया गया। शांतिवाद के प्रति यह प्रतिबद्धता जापान की पहचान का प्रमुख बिंदु बन गई। इससे उसे विश्व समुदाय में बहुत सम्मान प्राप्त हुआ तथा उसे कई बार नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लेकिन वर्तमान समय में जब दुनिया भू-राजनीतिक खतरों का लगातार सामना कर रही है, जापान ने अपनी रक्षा रणनीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की घोषणा की है। जापान सरकार ने अपनी जीडीपी का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने का निर्णय किया है जो लंबे समय से चले आ रहे शांतिवादी दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन है। उत्तर कोरिया और चीन से बढ़ते खतरों को देखते हुए इस परिवर्तन से जापान अब वैश्विक स्तर पर सऊदी अरब के बाद दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक बन गया है। जापान की नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति क्षेत्र में बढ़ते तनावों की प्रतिक्रिया है। उत्तर कोरिया ने पहले ही ऐसी मिसाइलों का परीक्षण किया है जो जापानी क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम हैं। इसके साथ ही दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और उसकी व्यापक क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं ने टोकियों में खतरे की घंटियां बजा दी हैं।

इन परिवर्तनों ने जापान को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपनाई अपनी रक्षा रणनीति पर पुनर्विचार के लिए मजबूर किया है। जापान के शांतिवादी संविधान की समीक्षा के मजबूत पैरोकार पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने तर्क दिया था कि क्षेत्रीय खतरों का मुकाबला करने के लिए किसी देश को पहले अपनी सैनिक क्षमतायें मजबूत करनी चाहिए। हालांकि, आबे के कार्यकाल में कुछ विधायी परिवर्तन कर मझोले दर्जे के 'आत्मरक्षा बल' के गठन की अनुमति दी गई, पर जनता के व्यापक विरोध के कारण अनुच्छेद 9 को पूरी तरह नहीं बदला जा सका। लेकिन इसके बावजूद मजबूत जापानी सेना का दृष्टिकोण लगातार वर्तमान नीतियों को प्रभावित कर रहा है।

'हाउस आफ कौंसिलिर्स' व 'हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स' में रह चुके वर्तमान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने अपना नया रक्षा एजेंडा सामने रखा है। लेकिन जनता की भावनायें मोटेतौर से इन परिवर्तनों के खिलाफ बनी हुई हैं। 'क्योदो न्यूज़ एजेंसी' के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश की 80 प्रतिशत जनसंख्या संविधान संशोधन के प्रयासों का विरोध कर रही है। इससे जापानी जनता में शांतिवाद के प्रति गहरी प्रतिबद्धता प्रकट होती है। हिरोशिमा और नागासाकी की वर्षगांठ पर रक्षा नीतियों में परिवर्तन का निर्णय खासतौर से महत्वपूर्ण है। नाभिकीय युद्ध की भयानक यादें युद्ध की विभीषिका तथा शांति के महत्व को याद दिलाती हैं। हिरोशिमा और नागासाकी का विनाश न केवल एक सैनिक रणनीति, बल्कि अभूतपूर्व मानवीय त्रासदी भी थी। अमेरिका ने युद्ध को समाप्त करने के नाम पर इन आणविक बम हमलों को सही ठहराया था, पर इन क्रूर वैज्ञानिक प्रयोगों ने अवर्णनीय पीड़ा तथा दीर्घकालीन परिणामों को जन्म दिया था।

अणु बमों के हमलों ने जापान को एक शांति-उन्मुख संविधान अपनाने को मजबूर किया, जिसमें टकराव पर निशस्त्रीकरण और संवाद को महत्व दिया गया था। अनुच्छेद 9 उम्मीद की किरण तथा जापान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है जो सुनिश्चित करता है कि ऐसा विनाश फिर कभी नहीं होगा। ऐसे में नीतिगत परिवर्तन जापान में शांतिवाद के भविष्य पर महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है। इसके साथ ही वह अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में जापान की भूमिका पर भी सवाल पैदा करता है। जापान द्वारा अपना रक्षा बजट बढ़ाने तथा अपनी सैनिक क्षमताओं का आधुनिकीकरण करने के साथ यह कदम एक जटिल व प्रतियोगी हथियारों की दौड़ शुरू कर सकता है। एक समय शांतिवाद की उम्मीद का किरण समझा जाने वाला देश अब स्वयं को एक दोराहे पर खड़ा पाता है। उसे शांति के प्रति अपनी ऐतिहासिक प्रतिबद्धता तथा लगातार बढ़ती समकालीन सुरक्षा चुनौतियों को संबोधित करने के बीच संतुलन स्थापित करना है। हिरोशिमा और नागासाकी की विरासत बनी हुई है। यह दुनिया को युद्ध, खासकर नाभिकीय युद्ध के विनाशकारी परिणामों के प्रति चेतावनी देते हुए शांति के स्थाई मूल्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता रेखांकित करता है। अपनी नई रक्षा रणनीति पर आगे बढ़ते हुए जापान को अपने अतीत और वर्तमान को एकसाथ रख कर देखना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि शांति और मानवता के सिद्धान्त उसकी राष्ट्रीय पहचान का प्रमुख अंग बने रहें। हिरोशिमा और नागासाकी की छाया में जापान की रक्षा नीति में परिवर्तन उसके इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय बनने जा रहा है। सारी दुनिया की नजर इस समय जापान पर है। वह देख रही है कि जापान लगातार बढ़ते अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य में अपना भविष्य सुरक्षित रखते हुए शांति के प्रति प्रतिबद्धता कैसे बनाए रखता है।

हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए भयानक अणु बम हमलों ने द्वितीय विश्व युद्ध में परिवर्तनकारी मोड़ पैदा किया था। इसके परिणामस्वरूप जापान ने आत्मसमर्पण कर दिया और युद्ध समाप्त हुआ। इन त्रासद घटनाओं ने जापान की राष्ट्रीय चेतना पर व्यापक प्रभाव डाला और उसे शांतिवाद के प्रति प्रतिबद्ध किया। इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने जापानी संविधान में शामिल किया गया। लेकिन उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों से बढ़ते भू-राजनीतिक खतरे तथा चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए वर्तमान समय में जापान के पास अपने 'शांतिवादी' दृष्टिकोण पर पुनः विचार करने के सिवा कोई और रास्ता नहीं है।

इस बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य तथा दुनिया में जारी युद्धों के कारण पैदा अस्थिरता से जापान को अपने शांतिवादी दृष्टिकोण पर पुनः विचार करना पड़ रहा है। इसके कारण जापान ने अपने रक्षा बजट में उल्लेखीय वृद्धि की है। जापान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है और वह अद्यतन तकनीक के मामले में भी किसी से पीछे नहीं है। ऐसे में जीडीपी का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने वाला जापान जल्द ही एक महत्वपूर्ण सैनिक शक्ति बन जाएगा। लेकिन इसके बावजूद देश में शांति के प्रति दीर्घकालीन प्रतिबद्धता पर बहस हो रही है।

# बांग्लादेश में उपद्रव भारत के लिए झटका

पारुल चंद्रा
(लेखक पेशे से पत्रकार हैं)



सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश से भागने पर मजबूर होना पड़ा, लेकिन बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के हटने का जश्न मना रहे हैं, लेकिन उनका हटना भारत के लिए एक बड़ा झटका है। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए न केवल नई दिल्ली-ढाका संबंध प्रगाढ़ हुए, बल्कि अवामी लीग की नेता भारत के सामरिक हितों के प्रति भी सजग रहीं। उन्होंने चीन के साथ संबंधों को संतुलित करते हुए भारत के सामरिक हितों को भी ध्यान में रखने की कोशिश की। उनके 15 साल के अखंड शासन के दौरान नई दिल्ली-ढाका संबंधों में स्थिरता और आपसी विश्वास दोनों ही रहे। लेकिन बांग्लादेश में सेना के कार्यभार संभालने और अंतरिम सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत के लिए चिंता की बहुत बड़ी वजह है। एक तो यह कि पिछले 15 साल में शेख हसीना सरकार के साथ बहुत सहज कामकाजी संबंध बनाने के बाद अब उसे नई सरकार से निपटना होगा। दूसरे, उसे इस तथ्य से भी जूझना होगा कि अंतरिम सरकार के रहते हुए भी वास्तविक नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। तीसरे, अगर बांग्लादेश में नई सरकार बनाने के लिए चुनाव होते हैं तो भारत को एक बिल्कुल नए राजनीतिक ढांचे से निपटना होगा। भारत ने शेख हसीना के पीछे अपना पूरा जोर लगा दिया है, ऐसे में उसे विपक्षी दलों के साथ संबंध बनाने में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

अगर पाकिस्तान समर्थक बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) सत्ता में लौटती है तो भारत भी मुश्किल में पड़ सकता है। इसने हाल ही में इंडिया आउट अभियान चलाकर बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाओं को भड़काया था, जो सौभाग्य से जल्दी ही खत्म हो गया। विपक्षी दल इन भावनाओं को फिर से हवा दे सकते हैं, खासकर यह देखते हुए कि नई दिल्ली की उनकी सरकार के साथ कितनी निकटता है।

दरअसल, नई दिल्ली के लिए ढाका के साथ संबंध शेख हसीना के तहत एक सोनाली अध्याय (स्वर्णिम अध्याय) रहे हैं, जिन्होंने नई दिल्ली की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए महत्वपूर्ण तीस्ता जल बंटवारे समझौते को पूरा करने में भारत की अक्षमता को कम करके आंका। लेकिन नई सरकार के सत्ता में आने के बाद यह सब बदल सकता है। इसलिए, नई दिल्ली को अब एक मुश्किल कूटनीतिक स्थिति से चतुराई से निपटना होगा। ऐसा करने के अलावा उसके पास कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि बांग्लादेश की स्थिरता में उसके आर्थिक से लेकर सामरिक तक सभी महत्वपूर्ण दांव लगे हुए हैं, एक ऐसे देश में जिसके साथ उसकी 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है।



यह भी उम्मीद की जाएगी कि बांग्लादेश में स्थिति जल्द ही स्थिर हो जाएगी, क्योंकि यह अच्छी तरह से पता है कि वहां लंबे समय तक अस्थिरता भारत के लिए गंभीर सुरक्षा और आर्थिक परिणाम हो सकती है। उदाहरण के लिए, नई दिल्ली की सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, शेख हसीना ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही बांग्लादेशी क्षेत्र में शरण लिए हुए पूर्वोत्तर के उग्रवादियों पर नकेल कसी थी।

उनकी सरकार द्वारा पाकिस्तान समर्थक बीएनपी के साथ-साथ उसके सहयोगी जमात-उद-दावा को लगातार निशाना बनाए जाने से भी भारत के सुरक्षा हितों को मदद मिली। भारत के लिए उतनी ही चिंता की बात बांग्लादेश में हिफाजत-ए-इस्लाम जैसे अन्य कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों का उदय है, जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले भारत विरोधी प्रदर्शन आयोजित किए थे। म्यांमार से भागकर बांग्लादेश में शरण लेने वाले दस लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी भी भारत के लिए सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय रहे हैं। अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की एक बड़ी संख्या पहले से ही भारत में है। इसलिए भारत को अपने संकटग्रस्त देश से भागने के इच्छुक शरणार्थियों की और अधिक आमद की भी चिंता होगी। पूर्वोत्तर में पांच भारतीय राज्य बांग्लादेश की सीमा से लगे हुए हैं, ऐसे में इस तरह की कोई भी आमद इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी सुरक्षा चुनौती बन सकती है।

इसके अलावा, वहां लंबे समय तक अशांति रहने से रेल संपर्क और समुद्री मार्ग का उपयोग करके बांग्लादेश के माध्यम से पूर्वोत्तर तक कनेक्टिविटी बढ़ाने के भारतीय प्रयासों को नुकसान हो सकता है। भारत लंबे समय से कमजोर सिलीगुड़ी कॉरिडोर को बायपास करने के लिए वैकल्पिक मार्गों की तलाश कर रहा है, जिसे अगर अवरुद्ध कर दिया जाता है तो यह पूरे पूर्वोत्तर तक भूमि पहुंच को काट सकता है। बांग्लादेश के माध्यम से पूर्वोत्तर तक छोटे मार्गों की मांग, जिससे माल की आवाजाही के लिए समय और लागत में कमी आएगी, को भी झटका लग सकता है। भूमि बंदरगाहों पर ट्रकों की आवाजाही ठप होने के बाद कोटा आंदोलन ने द्विपक्षीय व्यापार को पहले ही प्रभावित कर दिया है। हालाँकि अब सीमा पार व्यापार फिर से शुरू हो गया है, लेकिन दोनों तरफ़ से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। लंबे समय तक उथल-पुथल दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को और खराब कर सकती है।

बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2022-23 में, द्विपक्षीय व्यापार 15.9 बिलियन डॉलर था, हालाँकि यह भारत के पक्ष में भारी रूप से झुका हुआ है। भारत के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है क्योंकि उसका करीबी पड़ोसी अपने शासन और राजनीतिक परिदृश्य में कुछ बड़े बदलाव देख रहा है। इसका मतलब है कि उसे बांग्लादेश में नई व्यवस्था के प्रभारी व्यक्ति तक पहुँचने के लिए अपनी पूरी कूटनीतिक और राजनीतिक ताकत लगानी होगी।

## आप की बात

### मंदी का खतरा

**दुनिया** की सबसे बड़ी इकॉनमी अमेरिका और यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी जर्मनी में एक बार फिर मंदी की आशंका मंडराने लगी है। अमेरिका में हाल में आए रोजगार के आंकड़े उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे हैं। इससे वहां एक बार फिर मंदी की आशंका पैदा हो गई है। इस कारण सोमवार को भारत समेत दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली। भारत की इकोनॉमी मजबूत होने के बावजूद शेयर बाजार मैं निवेशकों का कुछ ही घंटे में 10 लाख करोड रुपए डूब जाना दर्शाता है कि भारत भी संभावित विश्वव्यापी मंदी से अछूता रहने वाला नहीं है। भारत सरकार को समय रहते ही इन परिस्थितियों को देख कर सुरक्षात्मक व्यवस्था कर लेनी चाहिए। रुपये का भी लगभग प्रतिदिन गिरना कोई अच्छा संकेत नहीं है। दुनिया में मंदी के कारणों में विश्व अर्थव्यवस्था पर युद्धों के कारण मंडराता खतरा भी शामिल है। रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पश्चिम एशिया में इस्राइल-हमास संघर्ष के कारण पहले से ही खाद्यान्नों, उर्वरकों, पेट्रोलियम उत्पादों, आदि की सप्लाई श्रृंखला प्रभावित हुई है। विड़बना है कि इन युद्धों के और विस्तार लेने का खतरा मंडरा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवारों को अपनी भावी आर्थिक नीतियों के बारे में कुछ कहना चाहिए।

–**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### शेख हसीना का भविष्य

**इतिहास** अपने आपको दोहराता है। बांग्लादेश और शेख हसीना के मामले में शायद यही हो रहा है। 15 अगस्त 1975 को जब भारत आज़ादी की 49 वीं वर्षगाँठ मना रहा था, उसी दिन बांग्लादेश की सेना ने बगावत कर बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान के लगभग पूरे परिवार की हत्या कर दी थी। शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना उस समय यूरोप में थीं और नरसंहार से बच गई। अब शेख हसीना ने विरोध के दबाव में न सिर्फ त्यागपत्र दिया बल्कि वे एक बार फिर भारत आने को मजबूर हुई हैं। पता नहीं वे यहाँ राजनीतिक शरण मांगेंगी या किसी यूरोपीय देश जाएंगी। अगस्त 1975 में वे सीधे भारत आयीं थीं और उनको दिल्ली के पंडारा रोड में शरण मिली थी। इंदिरा गांधी की सरकार ने हसीना को राजनीतिक शरण दी थी। वे अगले छह वर्षों तक पंडारा रोड स्थित घर में रहीं। क्या इस बार भी ऐसा होगा? भारत को लगता था कि हसीना ने अपने देश में मुस्लिम कट्टरवाद को काबू कर लिया है। लेकिन हसीना न केवल विफल रहीं, बल्कि हंगामी भीड़ द्वारा बंग बंधु मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तोड़े जाने से वहां मुक्ति संग्राम की विरासत तथा भारत के सहयोग पर संशय की स्थिति है। सवाल है कि शेख हसीना का भविष्य कैसा होगा?

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### धर्मांतरण पर कठोर कानून

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने नए धर्मांतरण-विरोधी कानून में सख्त नियम बनाए हैं। इस पर कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी सवाल खड़े कर रहे हैं। आजादी के बाद से ही सरकार की लापरवाही और अनदेखी के चलते बड़ी संख्या में गरीब और आदिवासी वर्ग के लोगों को मुफ्त सुविधाओं, शिक्षा और चिकित्सा के लालच में ईसाई व मुसलमान बनाने के कदम उठाए गए। विडंबना है कि प्रशासनिक व न्यायिक लापरवाही के कारण धर्म परिवर्तन के बावजूद ऐसे अनेक लोग जाति के नाम पर मिल रहे आरक्षण का भी भरपूर लाभ उठा रहे हैं। यह प्रवृत्ति अभी भी जारी है। मानव सेवा के लिए धर्मांतरण की कोई जरूरत नहीं है। हमारे देश के अनेक बड़े उद्योगपति और कई सामाजिक संस्थाएं गरीबों की सहायता कर रही हैं। विदेशों से वैध-अवैध तरीके से धन प्राप्त करने वाली अनेक संस्थायें भी गरीबों व निरक्षरों के धर्म परिवर्तन में लिप्त पाई गई हैं। उनका उद्देश्य भारत की जनसंख्या संरचना बदल कर उसकी एकता और अखंडता पर प्रहार करना है। ऐसे धर्मांतरण की अनुमति देना देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करना है। उत्तर प्रदेश की तरह दूसरे राज्यों को भी कठोर धर्मांतरण-विरोधी कानून बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### बांग्लादेश में तख्तापलट

**बांग्लादेश** में तख्तापलट के बाद उपद्रवियों ने राष्ट्रपिता मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तोड़ी हैं। इससे तख्तापलट में पाकिस्तान और चीन का हाथ होने की आशंका है। बांग्लादेश में लंबे समय से इस्लामवादी व जिहादी ताकतें शेख हसीना सरकार द्वारा लागू सेक्युलरिज्म का विरोध कर रही थीं। तख्तापलट के बाद हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हो रहे हमले बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के उभार तथा वहां सेक्युलरिज्म के समाप्त होने का खतरा पैदा करते हैं। यह स्थिति भारत व खासकर पश्चिम बंगाल सरकार के लिए चिन्ताजनक है। यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर होने वाले हमले बंद नहीं होते हैं तो बड़ी संख्या में वहां से हिंदुओं के भारत पलायन का खतरा बना हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें तथा कोई भड़काऊ बयानबाजी न करें। उन्होंने भारत सरकार से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। भारत सरकार ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को भी पूरी स्थिति से अवगत कराया है। उम्मीद है कि भारत के सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर पूरे घटनाक्रम पर गौर करेंगे।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सरकार की अनदेखी से दल्लीराजहरा की हो रही है दुर्दशा : गोविंद वाधवानी

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






उजड़ते हुए दल्ली राजहरा को बचाने के लिए राजहरा व्यापारी संघ के द्वारा अटल योग सदन राजहरा में प्रेस वार्ता रखी गई थी जिसमें खनिज न्यास निधि में बीएसपी के द्वारा प्रतिवर्ष लगभग करोड़ों रुपए देने और उसका उपयोग दल्ली राजहरा में ना करके अन्य जगह करने पर राजहरा की हो रही दुर्दशा के संबंध में विस्तृत से चर्चा की गई।

इस संबंध में राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने कहा कि सरकार दल्ली राजहरा को अनदेखा करते हुए खनिज न्यास निधि से मिलने वाली राशि को दल्ली राजहरा के बजाए अन्य जगहों पर खर्च कर रही है। जिसका सीधा नुकसान दल्ली राजहरा को हो रहा है द्य एक समय था जब राजहरा में 80 के दशक में सवा लाख से ऊपर के जनसंख्या हुआ करती थी।

दल्ली राजहरा में बीएसपी द्वारा संचालित प्राथमिक शाला और हाईस्कूल हुआ करते थे जिसमें बीएसपी हाई स्कूल क्रमांक 1 ,2 और 3 सहित प्राथमिक शाला क्रमांक 6, 22, 28, 30 और 32 तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक एवं हाई स्कूल सभी स्कूल बंद हो चुके हैं द्य राज्य सरकार द्वारा संचालित पूर्व माध्यमिक शाला पंडर दल्ली एवं पुराना बाजार है द्य वहीं हाई स्कूल के रूप में आत्मानंद स्कूल चल रहा है। दल्ली राजहरा के विकास की ओर कभी भी ध्यान नहीं दिया गया। राजहरा की स्थिति दयनीय होती जा रही है। केंद्र सरकार ने खनिज न्यास प्रभावित क्षेत्र के लिए एक नियम बनाया गया था। जिसके तहत प्रभावित क्षेत्र के आसपास के 15 किलोमीटर के दायरे में निवासरत लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, शुद्ध पेयजल, बच्चों के खेलकूद, सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया था। जिसके लिए खदान से फ़ंड के रूप मे सरकार के द्वारा लगभग 12 प्रतिशत की राशि सरकार द्वारा निर्धारित की गई है। इस 12 प्रतिशत की राशि से जो आय सरकार को प्राप्त होगी उसमें 40 प्रतिशत की राशि खनन प्रभावित क्षेत्र और 60 प्रतिशत की राशि सरकार अन्य क्षेत्र में खर्च कर सकती है। लेकिन यह सब कागजों तक ही सीमित रह गया है। अब बहुत हो गया हर बार हमारी मांग को अनदेखा कर दिया जा रहा है। इस बार पूरे राजहरा के सभी समाज सभी राजनीतिक दल, सभी श्रमिक संगठन और धार्मिक संगठन को एक करके एक विशाल रैली कलेक्टर ऑफिस के लिए निकाली जाएगी। कलेक्टर आफिस पहुंच कर खनिज न्यास निधि के नाम से जो राशि सरकार को दी जाती है उसे पूरे दल्ली राजहरा के विकास के लिए खर्च करने कलेक्टर के निवेदन किया जाएगा। समाज सेवी कृष्णा सिंह ने बताया कि कोविड सेंटर को 50 बिस्तर अस्पताल में तब्दील करने के नाम पर 10 करोड़ की राशि डीएमएफ फंड से आवंटित की गई है। वहां स्थिति जाकर देखें तो पुराने बीएसपी के भवन को 10 करोड़ रूपया खर्च करके किस तरह से उसको अस्पताल में तब्दील किया गया यह नजर आता है। अस्पताल के नाम पर मात्र दिखावा बन कर रह गया है जो सुविधा चाहिए वह वहां पर कुछ भी नहीं है। जबकि नियम के तहत केंद्र और राज्य सरकार के किसी भी योजना में डीएमएफ फंड की राशि को खर्च नहीं किया जा सकता है। सरकार द्वारा राजहरा के पूरे 27 वार्ड के लिए. प्रत्येक वार्ड के लिए 27 लाख रुपए की राशि फिल्टर प्लांट के नाम पर आबंटित किया गया है द्य लेकिन इस राशि का उपयोग राजहरा के वार्ड वासियों को अभी तक नहीं मिल पाया है। कृष्ण सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना इस क्षेत्र में लागू है लेकिन इस योजना का लाभ नगर वासी एवं आसपास के क्षेत्र वासियों को नहीं मिल रहा है। बताया गया कि दल्ली राजहरा खनन प्रभावित क्षेत्र है लेकिन प्रशासन शासन द्वारा बालोद जिले के 118 गांव को खनन प्रभावित क्षेत्र घोषित करके रखा हुआ है। हालांकि इसकी जानकारी प्रशासन खुले तौर पर नहीं देती है। यह भी कहा गया कि भिलाई में लगभग हर सेक्टर में शासकीय अस्पताल है लेकिन दल्ली राजहरा में नहीं है इधर बीएसपी राव घाट में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है परंतु राजहरा में नहीं के बराबर खर्च हो रहा है। बैठक में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी की वार्ड नंबर 26 की पार्षद टी. ज्योति ने बतलाया कि सरकार द्वारा वार्ड नंबर 26 में संचालित आत्मानंद स्कूल की स्थिति भी दैनिय होती जा रही है द्य करोड़ों रुपए खर्च करके वहां स्कूल को बच्चों के लायक बनाया गया लेकिन ठेकेदार द्वारा कितना भ्रष्टाचार किया जा रहा है वह स्कूल पहुंचकर देखने से ही पता चलता है। बाउंड्री वॉल को आधा अधूरा बनाकर छोड दिया गया है। सरकार यह तो मानती है की राजहरा का पानी मापदंड में खरा नहीं उतरता इसलिए पीने योग्य नहीं है। इसके बावजूद स्कूल में पढ़ने वाले छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए आरो का सिस्टम जो होना चाहिए वह भी नहीं लगाया गया है। पानी की समस्या को देखते हुए पार्षद निधि से स्कूल में बोर कराया गया है। ताकि बच्चों को कम से कम पानी तो उपलब्ध हो सके। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि हर कोई जानता है की शहर का दोहन हो रहा है। सांसद और विधायक भी, विकास के लिए कुछ भी नहीं कर रहे हैं। यहां की पूरी सुविधाएं डौंडी और बालोद में स्थानांतरित हो गई तब भी यहां के ट्रेड यूनियन, राजनेता और राजनीतिक पार्टी सब चुप बैठे हुए हैं। इस कारण सारी व्यवस्था राजहरा से बाहर चली गई। 70 प्रतिशत राजहरा खाली हो चुका है। अब एक नई शुरुआत हो रही है इसके लिए सभी ट्रेड यूनियन और सभी नागरिकों को आगे आना होगा। सच्चाई तो बस यही कहती है दल्ली राजहरा में कई श्रमिक संगठन है, राजनीतिक दल है। जिले का सबसे बड़ा शहर होने के बावजूद दल्ली राजहरा अछूत बन कर रह गया है। सरकार हमेशा राजहरा से सौतेला व्यवहार ही किया है। विकास के नाम पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ की दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों की तारीफ की जाए। दल्ली राजहरा में भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दोनों की सरकार बनी, लेकिन राजहरा सिर्फ वोट बैंक बन कर रह गया है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने कभी उजड़ते राजहरा को बचाने के लिए ऐसा कुछ भी प्रयास नहीं किया। राजहरा में लौह अयस्क के खनन लगभग 70 साल से ऊपर हो गया है। विकास के होने के बजाय धीरे-धीरे राजहरा उजाड़ रहा है। बीएसपी खनन के बदले में खनिज न्यास निधि के नाम पर साल में एक हजार करोड़ की राशि राज्य सरकार को दे रही है। लेकिन राज्य सरकार यदि प्रतिवर्ष 10% भी राजहरा के लिए खर्च करें तो राजहरा के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। देखें राजहरा उजड़ रहा है। सवा लाख की जनसंख्या लगभग 40-45 हजार में सिमट गई है। आगामी 5 सालों में यह और भी कम हो जाएगी। क्योंकि रोजगार के नाम पर सरकार की ओर से कुछ नहीं किया गया। जो की पूरी तरह से जनप्रतिनिधियों की लापरवाही दर्शाती है।

### जिले का बड़ा शहर होने के बावजूद, शासकीय स्तर पर कोई सुविधा दिखाई नहीं पड़ रही है

देर से ही सही लेकिन गोविंद वाधवानी के नेतृत्व में जो कदम उठाया गया है वह तारीफके काबिल है लेकिन इसके लिए पूरे राजहरा को पूरी तरह से भेदभाव भूलकर कर एक होकर मुट्ठी बांधकर काम करना होगा, तभी राजहरा का विकास होगा और राजहरा मानचित्र में बना रहेगा। नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब राजहरा भी कच्चे और महामाया की तरह उजड़ जाएगा।

# जनसमस्या निवारण शिविर में मिले आवेदनों का त्वरित निराकरण करे : आर के साहू



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार 06 अगस्त को जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर वार्ड क्रमांक 13, 20, व 21 के लिए आयोजित शिविर वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक दुर्गा मंच में आयोजित की गई । जन समस्या निवारण शिविर में लोगों ने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू ने अधिकारी कर्मचारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु कार्रवाई करने सुनिश्चित की । शिविर में 126 राजस्व विभाग से संबंधित, 67 लोक निर्माण विभाग से संबंधित, 3 पेंशन विभाग से संबंधित, 6 स्वच्छता विभाग से संबंधित, 2 प्रधानमंत्री आवास से संबंधित,4 आवेदन महतारी वंदन, 3 ई -श्रम कार्ड से संबंधित एवं 24आयुष्मान कार्ड से संबंधित इस प्रकार कुल 235 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा 66 आवेदनों का मौके पर त्वरित निराकरण करते हुए शिविर में राशन कार्ड, एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। जन समस्या निवारण शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, वार्ड पार्षद रोशन पटेल एवं विजय भान, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, खाद्य विभाग की एफ़ओ शशि सिंह, भाजपा नेता महेंद्र पिपरे, रमेश गुर्जर, किरण सिन्हा, सुखनतिन ठाकुर, भूपेंद्र श्रीवास सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# विधायक साहू ने 150 छात्राओं को किया साईकिल वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा संचालित सरस्वती साईकिल योजना कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय बेमेतरा मे साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू का बुके भेटकर शाला के प्राचार्य ने स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात 9 वी कक्षा के 150 बालिकाओं को विधायक दीपेश साहू के हाथो साईकिल वितरण किया गया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार में विकास की गंगा बहा रही है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता तक विकाश की राह पंहुचा रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें। यही छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। वहीं छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पर साइकिल की घंटी बजाकर बच्चों ने अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, एसडीएम तंवर, राजू देवांगन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष, पिंकी नेमा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, विकाश तम्बोली, डॉ भुनेश्वर साहू गौरव साहू, डॉ विनय साहू मीनू पटेल, दीनानाथ साहू शिक्षकगण अनीता मिश्रा, कविता वाजपेई प्राचार्य, रामेश्वर प्रसाद कंवर, दिनेश गौतम, थानेश्वर साहू, योगेंद्र वर्मा, डॉ पूनम साहू रेणुका अग्रवाल शिक्षक सहित छात्र छात्राये पालकगण उपस्थित रहे।

# लोलेसरा में संस्कार केंद्र का उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा द्वारा एक विद्यालय एक संस्कार केंद्र योजना अंतर्गत ग्राम लोलेसरा में केंद्रीय विद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य मालिक राम वर्मा ने संस्कार केंद्र का उदघाटन किया इस अवसर पर युवराज सोनी, राजकुमार कोठारी आचार्य एवं संस्कार केंद्र के नवनियुक्त आचार्य खिलेश कोठारी सहित चयनित 34 भैया बहिन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मालिक राम वर्मा ने अपने उद्बोधन में संस्कार केंद्र क्यों? तथा इसके खोलने के उद्देश्य व होने वाली लाभ के बारे में सारगर्भित रूप से बताया साथ ही युवराज सोनी ने संस्कार के विषय मे संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार कोठारी ने किया।

# संकुल स्तरीय पालक शिक्षक विद्यार्थी मेगा बैठक का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में पालक शिक्षक विद्यार्थी मेगा बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि माननीय विधायक दीपेश साहू एवं विशिष्ट तिथि अतिथि विजय सिंहा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दीपेश साहू के द्वारा मां सरस्वती पूजन से हुआ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान योगिता शर्मा 12वी कामर्स के द्वारा प्रस्तुत किया गया। संकुल प्रभारी एवं प्राचार्य कविता वाजपेई के द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई तथा ड्रॉप आउट बच्चो को शाला में पुनः आने के लिए पालको को प्रेरित किया। अनुविभागीय अधिकारी घनश्याम सिंह तंवर ने शिक्षा में सुधार के लिए समन्वित प्रयास पर जोर दिया प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे ने बैठक के 12 बिंदुओं से पलकों को अवगत कराया व्याख्याता दुर्गा राम साहू ने विभिन्न बिंदुओं एवं शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। रेणुका अग्रवाल ने बैठक की आवश्यकता से अवगत कराया। सेवानिवृत्त व्याख्याता दिनेश गौतम एवम् डॉक्टर विभा सिंह ने प्रेरक उद्बोधन से प्रेरित किया। जिला टॉप टेन में तृतीय स्थान प्राप्त टीनू श्रीवास एवम् प्रिया साहू ने अपनी पढ़ाई के तरीके से सभी को अवगत कराया। पालकों की ओर से रामाश्रय शर्मा, प्रकाश साहू विनोद साहू विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। बेसिक स्कूल में निशुल्क सेवा देने वाले भूतपूर्व सैनिक आनंद ने भी अपने उद्बोधन से सभी को प्रेरित किया। अतिथि विजय सिन्हा ने शासन की योजनाओं से अवगत कराते हुए सभी से बेहतर कार्य करने निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजनांतर्गत लाभान्वित छात्राओं को बधाई दी। विधायक दीपेश साहू ने शिक्षा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देते हुए जिला में शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक के द्वारा सभी को भारत सरकार के साक्षर भारत अंतर्गत संचालित उल्लास कार्यक्रम को सफल बनाने सभी को शपथ दिलाया गया। अंत में विधायक के करकमलों से निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजनांतर्गत पात्र छात्रों को साइकिल प्रदान किया गया। विधायक साहू ने स्वयं साइकिल चलाकर साइकिल की गुणवत्ता को परखा और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक पूनम साहू ने किया।

# स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को

**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगी। आऊटडोर स्टेडियम कवर्धा से शासकीय स्वामी करपात्री स्कूल एवं सरदार पटेल मैदान, भारत माता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, गुरूनानक चौक, बाजार से होते हुए ऋषभ देव चौक, एकता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, भारत माता चौक से होते हुए शासकीय स्वामी करपात्री स्कूल से होते हुए आऊटडोर स्टेडियम में समापन होगा। इस दौड़ में समस्त, मिडिल स्कूल, हाई स्कुल कॉलेज के विद्यार्थी एवं आम नागरिक गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी एवं जिले के समस्त पत्रकार स्वतंत्रता दौड़ में सम्मिलित हो सकते हैं।

# राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी 'मिलेट्स सुपर फूड' विज्ञान नाटिका प्रथम



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जगदलपुर बस्तर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2023-24 कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद शास. शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्य. विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न विधाओं में अपना प्रदर्शन किया तथा विज्ञान नाटिका 'मिलेट्स सुपर फुड' के मंचन में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले को गौरवन्ति किया। इस नाटिका में भाग लेने वाले विद्यार्थी ख्याति साहू, दिव्या वर्मा, अनुष्का तिवारी, झरना साहू, मानशी कुम्भकार, मुस्कान कुम्भकार. रिमझिम राजपुत एवं मोनिका वर्मा रहे। इस विज्ञान नाटिका का निर्देशन सुश्री दिप्ती पटेल, शिक्षक अंग्रेजी एवं वर्षा साहू प्राधान पाठिक सेजेस बेमेतरा द्वारा की गई थी। 31 जुलाई से 3 अगस्त तक जगदलपुर के जगतु माहरा शास. बहु.उ.मा.. विद्यालय में आयोजित यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सेजेस शिवलाल राठी से कुल 13 छात्रों ने कवर्धा जोन से अपनी सहभागिता दी। जिसमें विज्ञान सेमिनार अभिज्ञान वर्मा मॉडल प्रदर्शनी में रेणुका वर्मा, हिरामणी वर्मा, उत्तम साहू तथा शैलू साहू ने अपनी प्रस्तुति दी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे नोडल प्रभारी विज्ञान सूलोचन साहू नवागढ़ खिलावून वर्मा एमआईएस प्रशासक, प्राचार्य श्रीमती सुदेशा चटर्जी ने सभी प्रतिभागी छात्राओं तथा संस्था सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके सहयोग हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुम्हारी में हुई मेगा पालक शिक्षक बैठक

## सेंट्रल फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस का इंडियन स्टेट्स लेगिस नई दिल्ली द्वारा निरीक्षण सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुम्हारी में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार'मेगा पालक शिक्षक बैठक' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए सरस्वती वंदना के साथ की गई तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न मुख्य अतिथियों का स्वागत, स्वागतगीत के माध्यम से स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों में नगर पालिकापरिषद कुम्हारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, सांसद प्रतिनिधि राम कुमार सोनी, जन प्रतिनिधि लेखराम साहू, अश्वनी कुमार देशलहरे, अवधेश शुक्ला, मनोज वर्मा एवं पार्षद मनहरण यादव, थानेश पटेल, तथा विक्रम शाह (अध्यक्ष प्रेस क्लब ऑफकुम्हारी) इत्यादि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के निरीक्षण में दुर्ग डीपी आई से उपस्थित वी. प्रजापति (सहायक संचालक) दुर्ग ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया । कार्यक्रम में 489 पालक हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के तथा संकुल स्तर के ।1 शिक्षक सम्मिलित हुए । कुम्हारी संकुल के अंतर्गत विभिन्न विद्यालय क्रमशः सेजस कुम्हारी, शा.प्राथ. शाला रामपुर चोरहा, शा.प्राथ. शाला कुम्हारी, शा. पूर्व माध्य. शाला बालक कुम्हारी, शा.प्राथ. शाला खपरी, शा.पूर्व माध्य. शाला कन्या कुम्हारी, शा.पूर्व माध्य. शाला रामपुर चोरहा, शा.प्राथ. शाला मुर्रा, शा. कन्या हाई स्कूल कुम्हारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में एक्सपर्ट शिक्षक एवं मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों द्वारा चर्चा की गई। मेरा कोना, छात्र - दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता विहीन शनिवार, विद्यार्थियों के आयु / कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी, विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालक एवं छात्रों को अवगत कराना जैसे बिंदुओं के अंतर्गत डिजिटल शिक्षा के माध्यम से मीटिंग में सम्मिलित 48 पालकों से ई-लाइब्रेरी, दीक्षा, जैसे ऐप डाउनलोड कराया गया कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए मेधावी छात्रों द्वारा व उनके पालकों के द्वारा उनके अच्छे रिजल्ट के लिए विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया गया तथा अपनी दिनचर्या साझा किया गया । कुम्हारी की छात्रा रिया साहू कक्षा ग्यारहवीं ने पिछले सत्र कक्षा दसवीं में छत्तीस गढ़ में अपना दसवां स्थान प्राप्त किया है, उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। सेजस कुम्हारी हिंदी माध्यम के छात्र योगेश सोनकर द्वारा भी अच्छे अंक प्राप्त करने के पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त 50000 की छात्रवृत्ति प्राप्त की गई। कक्षा आठवीं में एन एम एम एस ई परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर कु.साक्षी देवांगन की माता एवं अंशुमन साहू के पिता बसंत साहू ने विद्यालय परिवार को आभार व्यक्त किया। शा.पूर्व कन्या माध्य. शाला कुम्हारी की बालिका कु.तारिणी वर्मा पिता जय प्रकाश वर्मा द्वारा मेधावी छात्र के रूप में अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय द्वारा आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों व प्राचार्य द्वारा बच्चों को भोजन कराया गया इसके उपरान्त विद्यालय की प्राचार्या लता रघुकुमार (कार्यक्रम संचालिका) द्वारा विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई । वहीं दूसरे दिन सेंट्रल फॉर इफेक्टिव गवर्नेंस का इंडियन स्टेट्स लेगिस नई दिल्ली टीम द्वारा सेजस कुम्हारी स्कूल का निरीक्षण दिल्ली से आए टीम में कृष्ण कुमार फील्ड मैनेजर, सुनिधि अग्रवाल सीनियर प्रोग्रामर एसोसिएट, अंशुल शर्मा एवं अनुपम कुमार प्रोग्राम एसोसिएट डिपार्टमेंट ऑफ़ गुड गवर्नेंस सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के आदेशानुसार विद्यालय निरीक्षण किया गया । विद्यालय की प्राचार्य लता रघु कुमार से विद्यालय का डाटा कलेक्शन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन डेटा के बारे में जानकारी ली गई एवं विद्यालय के प्राइमरी, मिडिल एवं हाई स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों से बातचीत के माध्यम से बच्चों की समग्र शिक्षा की जानकारी ली गई जिसमें बच्चों की एकेडमिक एवं नॉन एकेडमिक कक्षाओं का संचालन किस रूप में किया जा रहा है इसकी जानकारी ली। विद्यालय की कक्षा संचालन एवं व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। टीम द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया । बच्चों की संख्या विद्यालय के प्रशासनिक कार्य पर चर्चा एवं विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी ली एवं उन्होंने सभी कार्यों का अवलोकन कर उसकी सराहना प्रस्तुति करते हुए संतुष्टि पूर्ण फीडबैक लिखा । निरीक्षण टीम ने विद्यालय की सभी गति विधियों पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए विद्यालय की प्राचार्या लता रघु कुमार को अपनी शुभकामनाएं एवं धन्यवाद प्रेषित किया ।

# जनसमस्या निवारण शिविर में पार्षद ने दिये 101 आवेदन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषि उपज मंडी में आयोजित जनसमस्या निवारण में पार्षद नीतू कोठारी ने वार्ड एवं शहर की समस्याओं हेतु 101आवेदन किये है। जिसमें प्रमुख रुप से मीठा पानी, सड़क निर्माण, नाली निर्माण, डिवाइडर मरम्मत, आंगनबाड़ी मरम्मत, सुरक्षा हेतु शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने, कन्या महाविद्यालय में बाउंड्रीवाल, कृष्णा विहार कॉलोनी कों हेंडओवर करने, कृषि उपज मंडी में पानी टंकी निर्माण, डामरीकरण, कन्या हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी स्कूल खोलने बाबत, जिला चिकित्सालय में डॉक्टर की संख्या बढ़ाने हेतु, सीटी स्कैन की सुविधा प्रारंभ करने, कन्या शाला हिन्दी मीडियम आत्मानंद में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, जलभराव के निराकरण हेतु गुरुकृपा के बाजू नाला खोलने, डिजिटल आंगनबाड़ी खोलने, सरकारी स्थानों पर सोलर पैनल लगाने, डिवाइडर कों यातायात नियमों के अनुसार रंगरोहण करने, यातायात संकेत के बोर्ड लगाने, पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करवाने, पिंक टायलेट निर्माण आदि है।

# चार शिक्षक दस विद्यार्थी पे टिका है शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरेठीखुर्द






पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

अधिकांश निजी विद्यालय में छात्रों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है लेकिन शासकीय विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या नियमित घटती जा रही है। जिनका क्या कारण है तो हम देखते हैं कि एक शिक्षक को हजारों रुपए का वेतन शासकीय शिक्षक को मिलता है लेकिन कुछ हजार रुपए लेकर निजी विद्यालय के शिक्षक अपना नियमित एवं लगातार अध्ययन करा रहे हैं। जो कि विद्यालय की अपेक्षा निजी विद्यालय में छात्र देखने को मिलेगा। यहां पर क्या अभी बात आती है कि जो शासकीय विद्यालय के छात्र हैं वह शासकीय विद्यालय को छोड़कर निजी विद्यालय का शरण अपना रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि हजारों रुपए लेने वाले शासकीय शिक्षक केवल विद्यालय में जाकर केवल अपना उपस्थिति दर्ज करते हैं और छात्र पर ध्यान नहीं देते ना ही पढ़ाते हैं जिनकी वजह से शासकीय विद्यालयों की स्थिति दिन प्रतिदिन गिरती जा रही है। यदि शासकीय विद्यालय के शिक्षक विद्यालय नही जाने के उपरांत भी उन्हें पूरे माह का वेतन मिल जाता है। इसी कड़ी में हम शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरेठी खुर्द में जाकर यह देखते हैं कि चार शिक्षक एवं दस बच्चे ही शिक्षा अध्ययन कर रहे हैं। बाकी वही के निजी विद्यालय में शासकीय विद्यालय विद्यार्थी पढ़ते के लिए आतुर हैं, लेकिन शासकीय विद्यालय के शिक्षक उन्हें टी सी न देने के कारण उन्हें मजबूरन उसी विद्यालय में पढ़ना पढ रहा है इससे आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि शासकीय विद्यालय की क्या स्थिति हर जगह देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ शासन को तो ऐसे विद्यालय को बंद करके दूसरे विद्यालय में छात्र को भेजना चाहिए और शिक्षकों को भी दूसरे विद्यालय में अधिक विद्यार्थी हैं वहां उन्हें संलग्न करना चाहिए ताकि शिक्षक सही रूप से विद्यार्थियों को विद्या अध्ययन कर सकें।

# सांसद कमलेश जांगडे की पहल पर शक्ति बाराद्वार में मिला नई ट्रेन का स्टॉपेज

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com






जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी की सांसद कमलेश जांगड़े ने विगत दिनों भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर उन्हें वर्तमान में श्रावणी मास के पावन मौके पर रेल जोन बिलासपुर से झारखंड, बिहार तक एक नई श्रावणी मास स्पेशल ट्रेन चलाने का आग्रह किया था, तथा बकायदा सांसद ने लोकसभा में संसद सत्र के दौरान शक्ति रेलवे स्टेशन में विभिन्न रेल यात्री सुविधाओं सहित सुपरफास्ट ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग अपने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में भी की थी, जिस पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कमलेश जांगड़े की मांग पर एवं शिवभक्त कावड़ियों की जन भावनाओं को देखते हुए आगामी 9 अगस्त से प्रारंभ होने वाली गोंदिया-भागलपुर-गोंदिया श्रावणी मास स्पेशल ट्रेन का स्टॉपेज जांजगीर चाम्पा लोकसभा क्षेत्र के अकलतरा, चाम्पा, बाराद्वार एवं शक्ति रेलवे स्टेशन पर दिया है, तथा नवगठित शक्ति जिले के बाराद्वार एवं शक्ति रेलवे स्टेशन पर यह साप्ताहिक ट्रेन रुकेगी, जांजगीर चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े की इस पहल पर तथा उनकी पहल पर मिली इस बड़ी सफलता के लिए शक्ति जिले के रेल यात्रियों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि शक्ति जिले से हजारों की संख्या में प्रतिवर्ष शिव भक्त कावड़िये बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा पर जाते हैं, तथा इस ट्रेन के प्रारंभ होने से जहां श्रावणी मास के अंतिम सोमवार एवं आने वाले समय में भी लोगों को सीधी ट्रेन यात्रा का लाभ मिलेगा तो वहीं साप्ताहिक ट्रेनों का स्टॉपेज मिलना एक बड़ी उपलब्धि है, ज्ञात हो की बाराद्वार शहर में भी झारखंड, बिहार के लिए एक भी सीधी ट्रेन नहीं थी, तथा इस ट्रेन का स्टॉपेज मिलने से बाराद्वार क्षेत्र के रेल यात्री भी काफी उत्साहित है, एवं शक्ति जिले की विभिन्न स्वयंसेवी, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं ने भी जांजगीर चाम्पा लोकसभा की सांसद कमलेश जांगड़े का आभार व्यक्त किया है,ज्ञात हो की यह ट्रेन गोंदिया से बिलासपुर, शक्ति, रायगढ़ होते हुए भागलपुर तक चलेगी एवं यह जोड़ा ट्रेन एक ट्रेन 9 अगस्त को गोंदिया से रवाना होगी तो वहीं दूसरी ट्रेन 10 अगस्त को भागलपुर से रवाना होगी, तथा गोंदिया से भागलपुर के बीच कुल 29 स्टेशनों पर इस साप्ताहिक ट्रेन का स्टॉपेज होगा एवं इस ट्रेन के लिए 6 अगस्त को दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे बिलासपुर के परिचालन प्रबंधक कार्यालय ने आदेश भी जारी कर दिया है।

# रामनरेश ने किया शिव भक्त कावड़ियों का गमछा पहनकर सम्मान



पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी सक्ति जिले के कोषाध्यक्ष एवं शहर के प्रतिष्ठित आईसेक्ट कंप्यूटर के संचालक रामनरेश यादव ने 7 अगस्त को शक्ति रेलवे स्टेशन से बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा पर जाने वाले शिव भक्त कावड़ियों का गमछा पहनाकर सम्मान किया, इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव ने कहा कि हम सभी आपके सफल कावड़ यात्रा की मंगल कामना करते हैं, साथ ही आप सभी बाबा बैजनाथ को जलाभिषेक कर हमारे इस क्षेत्र की सुख, शांति समृद्धि की भी कामना करेंगे एवं इस अवसर पर शिव भक्त कावड़ियों में भी भारी उत्साह देखा गया तथा सभी के द्वारा लगाए गए बोल बम-बोल बम, बाबा बैजनाथ धाम जाना है के श्री घोष से पूरा रेलवे स्टेशन परिसर गूंज उठा, वही 7 अगस्त को रवाना हुए बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा में शिव भक्त कांवड़ियों में प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक-9 के भाजपा पार्षद गजेंद्र यादव पिंटू, अधिवक्ता पियूष राय, अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता मनोज जायसवाल, राजेश सिंह ठाकुर, अशोक जायसवाल, हरिश्चंद्र अग्रवाल कालू, बंटी शर्मा घड़ी वाले महाराज, श्याम सोनी श्याम फोटो स्टूडियो, वार्ड क्रमांक-11 के पूर्व पार्षद देवांगन, शासकीय महाविद्यालय खरसिया के में पदस्थ गोपेश पांडेय सहित काफी संख्या में शिव भक्त कावड़िये मौजूद थे जिला भाजपा कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव की इस पहल का शिव भक्तों ने भी स्वागत किया है।

# केल्हारी में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केल्हारी प्रांगण में पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की गई। केल्हारी संकुल के शिक्षकों एवं पालकों व गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति पीतांबर गुप्ता, अतिथि सरपंच आशा सिंह एवं राजस्व निरीक्षक रामप्रताप सिंह, दृगपाल सिंह सदस्य जिला पंचायत एवं भाजपा युवा मोर्चा के धीरज मौर्य रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं छत्तीसगढ़ राज्यगीत के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत स्वामी आत्मानंद शास. उच्च माध्यमिक विद्यालय केल्हारी के प्राचार्य आर.सी. नामदेव व संकुल समन्वयक पी.एन. यादव के द्वारा किया गया। तत्पश्चात बैठक के उद्देश्य के संबंध में संक्षिप्त रूप में प्राचार्य रामचंद्र नामदेव के द्वारा संबोधित किया गया। शासन द्वारा निर्धारित बैठक के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा संकुल स्तर पर संचालित सभी विद्यालय के विभिन्न शिक्षकों द्वारा की गई। मुख्यतः बिंदु जैसे मेरा कोना, छात्र दिनचर्या आदि की चर्चा विभिन्न व्याख्याताओं व शिक्षकों द्वारा की गई। इसी कड़ी में यह भी बताया गया कि कैसे बच्चों का सर्वांगीण विकास शासन द्वारा निर्धारित बैठक के इन बिन्दुओं पर चर्चा व विचार पर अमल करके किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की शिक्षिका अंजना लकड़ा द्वारा किया गया। बैठक के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा राजेंद्र श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार बघेल, शिव कुमार जांगड़े, सिलिना लकड़ा, संकुल समन्वयक पी. एन यादव. मनोहर सिंह, दीपक पटेल, देवन सिंह पावले आर. के. त्रिपाठी, उत्कर्ष सिंह व अंजना लकड़ा आदि शिक्षको के दवारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आशीर्वचन संबोधन मुख्य अतिथि पीतांबर गुप्ता एवं दृगपाल सिंह व धीरज मौर्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व पालकों का आभार नामदेव के द्वारा व्यक्त किया गया. राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय केल्हारी में हुआ दीक्षारंभ




**मनेन्द्रगढ़।** महाविद्यालय में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दृगपाल सिंह



उइके (जि.पं.सदस्य) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों के स्वागत एवं नवप्रवेशी छात्रों के तिलकवंदन के पश्चात् महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एस.के. मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक भारत सिंह के द्वारा महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों / प्रकोष्ठों के विषय में जानकारी दी गई। उन्होने इस मौके पर महाविद्यालय की शैक्षणिक व अन्य सुविधाओं के बारे में उपस्थितजनों को अवगत कराया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी छात्रों को आशीवर्चन देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मुख्य अतिथि व विधायक प्रतिनिधि ने महाविद्यालय की विभिन्न मॉगों को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट के रूप में रवि गुप्ता (विधायक प्रतिनिधि), आशा सिंह सरपंच केल्हारी, रवि गुप्ता, जीतू गुप्ता, अनुज तिवारी, संतोष तिवारी एवं महाविद्यालय स्टॉफ प्रो. भीम सिंह कंवर, ऑफिस हेड दीपक रजक, चन्द्रहास ध्रुव, अंजीता केरकेट्टा, धनई प्रसाद, जितेन्द्र कुमार, शिवनाराण, अजीत कुजूर, कमल कुमार तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मशरूम सेवन करने से एक ही परिवार के कई लोग बीमार




पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में मशरूम खाने से एक ही परिवार के कई लोग बीमार हो गए। वहीं पर इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में भर्ती किया गया। स्वास्थ्य केंद्र में डायरिया का प्रकोप से अस्पताल में मरीज आ रहे हैं। वहीं पर मशरूम खाने से इन्हें भी डायरिया हो गया। इस तरह से जैजैपुर विकासखंड के अनेक ग्राम पंचायत में डायरिया का प्रकोप मिलै है। वहीं पर बम्हनीडीह विकासखंड के लोग भी जैजैपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शरण ले रहे हैं डायरिया के प्रकोप को देखते हुए डॉक्टर 24 घंटा अपना डिप्टी बजा रहे हैं दो डॉक्टर के भरोसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है जिसमें ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डा. उमाशंकर साहू एवं डा. सौरभ भागीरथी के देख मै डायरिया के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इस तरह से मौसमी बीमारी के कारण पूरे छत्तीसगढ़ के सभी स्वास्थ्य विभाग में डायरिया के अधिकांश मरीज देखने को मिल रहे हैं।

# जे.एल.एन. डिग्री कालेज में मनाया गया दीक्षारंभ समारोह

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com






स्थानीय जे.एल. एन. डिग्री कालेज सक्ती मे 05 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के निर्देशानुसार दीक्षारंभ समारोह 2024 का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद सक्ती की पार्षद वार्ड क्रमांक- 03 एवं भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री सिद्धेश्वरी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में शक्ति शिक्षण समिति सक्ती के सचिव रोहिताश्वचंद दोहरे रहे, कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने की, नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर प्राध्यापको ने स्वागत किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। पालको की ओर से भूपेंदरी कसेरा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का स्वागत करते हुए नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की, दीक्षारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 से एन.ई.पी. के क्रियान्वयन के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं पालको को जानकारी दी एवं बताया कि इस क्षेत्र में एन.एस.एस. 1969 में प्रारंभ किया गया, जो अनवरत जारी है। जिसका लाभ छात्र/छात्राए ले सकते है, तथा प्राचार्य पाहवा ने बताया कि जेएलएनडी कॉलेज में निरंतर शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ के निर्देशानुसार वर्ष भर विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में ये समस्त कार्यक्रम काफी सहायक बनेंगे, मुख्य अतिथि सिद्धेश्वरी सिंह एवं अतिथि रोहिताश्वचंद दोहरे ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में क्रियांन्दित एनईपी-2020 एक प्रसंशनीय पहल है, जिसके लागू होने पर निश्चित रूप से राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं छात्रो के व्यक्तित्व में निखार आयेगा। कार्यक्रम का संचालन एनईपी के संयोजक डॉ. देवेन्द्र शुक्ला ने किया। डॉ शुक्ला ने एनईपी के संदर्भ में छात्र/छात्राओ को विस्तृत जानकारी दी। अंत में महाविद्यालय के प्राध्यापक अजित जॉन ने अतिथियों एवं अभिभावको का महाविद्यालय परिवार की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित की इस दिन को यादगार बनाने के लिए प्राचार्य, अतिथियों, प्राध्यापको, कर्मचारियों, अभिभावको एवं छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय प्रागंण मे पौधा लगाकर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया।

# 1 से 7 अगस्त स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया गया



**मनेन्द्रगढ़।** समाज सेवी संस्था वी क्लब समर्पण के तत्वावधान में 1 से 7 अगस्त स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया गया। क्लब के कार्यक्रम कुपोषण उन्मूलन में सभी सदस्य बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभा रही हैं। सप्ताह के अंतर्गत कुपोषण के शिकार बच्चो, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई जैसे आयोजन भी किये गये। इस अवसर पर वी क्लब अध्यक्ष श्वेता पोद्दार ने कहा कि इस तरह के आयोजन इस लिए किये जा रहे हैं ताकि हम निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की कुछ सेवा कर सकें। आयोजन के दौरान गर्भवती महिलाओ भी सम्मानित कर पोष्टिक आहार और नवजात शिशु को खिलौना देकर स्वलपाहार कराया गया। माइक्रो चेयरपर्सन अरुणा अग्रवाल के सहयोग से कुपोषित बच्चो को पोषित आहार बांटा गया।जिसमें वी क्लब अध्यक्ष श्वेता पोद्दार, प्रतिभा अग्रवाल, इंद्रा सेंगर, इंदु सैनी, रूपा पोद्दार रशिम जयसवाल, माधुर्य अग्रवाल, निधि, आदि लोग उपस्थित रहे। आयोजन के दूसरे दिन गोद भराई व स्तनपान सप्ताह के तहत पोष्टिक आहार वितरण किया गया।

# शासकीय नवीन माहविद्यालय बिर्रा में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर किया गया स्वागत

पायनियर संवाददाता ∢ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




बम्हनीडीह ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम बिर्रा में स्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय में बड़े ही धूमधाम से दीक्षारंभ कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ मुख्य अतिथि एकादशीया साहू के द्वारा माँ सरस्वती के पूजन से हुआ। सरस्वती पूजन के बाद छ.ग. के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का गायन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। जिसमें डॉक्टर मुकेश कुमार ने कहा कि समस्त छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार अब पढ़ाई करनी होगी। उन्होंने बताया कि अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सेमेस्टर प्रणाली चलाई जाएगी, जिसमें छात्रों की उपस्थिति अब अनिवार्य होगी। यह प्रणाली पूरी तरह से क्रेडिट बेस होगी। इसी प्रकार अब प्रथम सेमेस्टर मेँ पासिंग मार्क्स 33 के जगह 40 प्रतिशत होगी। प्राचार्य ने बताया कि अब कला के छात्रों को एक विषय विज्ञान या वाणिज्य का, विज्ञान के छात्रों को एक विषय कला या वाणिज्य का और इसी प्रकार वाणिज्य के छात्रों को एक विषय कला या विज्ञान का अनिवार्य रूप से चुनकर पढ़ना होगा, तथा एक विषय वेल्यू एडेड कोर्स भी पढ़ना पड़ेगा। मुख्य अतिथि एकादशीया साहू ने पढ़ाई जीवन मे आने वाली समस्याओं के बारे मेँ बताया तथा विद्यार्थियों को पढ़ाई के माध्यम से सतत रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि मनीलाल कश्यप ने छात्रों को पढ़ाई जीवन में कठिन मेहनत करने को कहा। इसी तरह विशिष्ट अतिथि सद्दाम हुसैन ने छात्रों को अपने कैरियर निर्माण के प्रति हमेशा सजग रहने के लिए कहा और अपने समाज एवं देश के प्रति सेवा भाव का आदर्श रखने को कहा। एकादशीया साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीलाल कश्यप, सद्दाम हुसैन, राजमहल बिर्रा से रितेश बाबा, महेंद्र महिपाल एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के प्राचार्य एफ एल साहू शासकीय नवीन महाविद्यालय के समस्त स्टाफ प्रोफेसर उत्तम सिदार, प्रोफेसर मोतीचंद्र अनंत, प्रोफेसर सौरभ शर्मा, योगेश टंडन, बाबूलाल कुर्रे, एवं अधिक संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे. कार्यक्रम का सफ्ल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोती चंद्र अनंत ने किया। दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर उत्तम सिदार ने आभार प्रस्तुत किया। प्रेमलाल कश्यप सभी लोग उपस्थित रहे है। दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। जिसमे सभी छात्रों ने बड़ी प्रसन्नता से एक एक पौधा लगाया। दीक्षारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में

# कृषि विभाग जिला शक्ति ने डॉक्टर खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु किये आवेदन आमंत्रित

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतिवर्ष डॉक्टर खूबचंद बघेल कृषक र पुरस्कार प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ चयनित कृषकों को दिया जाता है, तथा इसी श्रृंखला में इस वर्ष 2024 में भी शासन द्वारा यह पुरस्कार दिया जाना है, उप संचालक कृषि जिला शक्ति द्वारा शक्ति जिले के समस्त कृषकों को सूचित



करते हुए कहा गया है कि वर्ष 2024 हेतु डॉ खूबचंद बघेल, कृषक र पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रुप से भरे आवेदन पत्र वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सक्ती / डभरा/ मालखरौदा / जैजैपुर कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2024 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। निर्धारित प्रपत्र प्रारुप उप संचालक कृषि/ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सक्ती / डभरा / मालखरौदा / जैजैपुर कार्यालय से कार्यालयीन समय सुबह 10:00 बजे से 5:30 बजे तक निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। पुरस्कार की संख्या-एक, राशि रूपये 2 लाख एवं प्रशस्त्रि पत्र दिया जाएगा, उपसंचालक कृषि जिला शक्ति ने बताया कि उपरोक्त सम्मान के लिए संबंधित कृषक की योग्यता का मापदण्ड के अनुसार इस प्रतिस्पर्धा में केवल ऐसे कृषक ही सम्मिलित होने के लिए पात्र होगे जो विगत 10 वर्षों से कृषि का कार्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कर रहे हो,एवम छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हो,उनकी कुल वार्षिक आमदनी में से न्यूनतम 75 प्रतिशत आय कृषि से हो एवं तकाबी / सिंचाई / शुल्क / सहकारी बैंक का कालातित ऋण न हो, कृषि उपसंचालक ने बताया कि किसानों से प्राप्त होने वाले समस्त आवेदनों में चयन एवं मूल्यांकन का मापदण्ड कृषक का चयन एवं मूल्यांकन निर्धारित बिन्दुओं के आधार पर किया जावेंगा।

# सरस्वती शिशु ने विद्यालय परिवार के शिक्षकों को किया वस्त्रदान





पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ति शहर के प्रतिष्ठित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा इस वर्ष गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर विद्यालय के सभी शिक्षक परिवार को वस्त्रदान करने का निर्णय लिया गया था, तथा इस श्रृंखला में 6 अगस्त को विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा इस कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती तथा भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, इस दौरान कार्यक्रम के अतिथियों में विद्यालय में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कपूरचंद अग्रवाल, व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य बजरंग लाल अग्रवाल, प्राचार्य पूरन गिरी स्वामी एवं प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा शिक्षक वृंद के सम्मान में वस्त्रदान करने का निर्णय लिया गया था, तथा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, तथा विद्यालय प्रबंधन समिति आप सभी शिक्षक वृंद का आभार व्यक्त करती है एवं आप सदैव इस विद्यालय के हित में अपनी सेवाएं देते हैं, जिसके लिए आप सभी को यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है, साथ ही मांगेराम अग्रवाल ने विद्यालय के बच्चों को भी वर्तमान बारिश समय में अनावश्यक बारिश में ना भींगने तथा बरसाती जीव-जंतुओं से भी सचेत रहते हुए विद्यालय में पढ़ाई करने का आग्रह किया, साथ ही मांगेराम अग्रवाल ने कहा कि नया शैक्षणिक सत्र पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ प्रारंभ हो चुका है एवं हम सभी कड़ी मेहनत के साथ इस वर्ष अपने इस विद्यालय का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवन्वित करें तथा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में इस विद्यालय के बच्चे मेरिट की सूची में अपना स्थान बनाएं ऐसा हम सब विश्वास करते हैं।

# लाइनिंग में हुए भ्रष्टाचार में ठेकेदार की लीपापोती

## टूट फुट जगह को किया जा रहा रिपेयर, विभाग दे रहा ठेकेदार को शय

## हर साल मेंटनेंस नही किये जाने पर एसडी की जाएगी राजसात : ईई




पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

ग्राम भरदाकला से चीरचार तक नहर लाइनिंग कार्य में विभाग के संरक्षण में ठेकेदार ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। 2 माह पहले 8 किमी तक निर्मित लाइनिंग कार्य में भारी अनियमितता बरती की गई है, जिसका खामियाजा यहां के ग्रामीण किसान उठा रहे है। साढ़े 3 करोड़ से अधिक लागत से बनी नहर लाइनिंग, जिसमे 5 साल गारंटी है, उसने महज 2 माह में ही दम तोड़ दिया है। पायनियर में खबर प्रकाशन के बाद जल संसाधन विभाग हरकत में आया और ठेकेदार को निर्देश देते हुए लाइनिंग में हुए भ्रष्टाचार में लीपापोती करने जुट गया। टूट फुट हुए जगह में ठेकेदार के द्वारा खानापूर्ति कर संधारण (रिपेयर) किया जा रहा है। इस पूरे मामले में विभाग के द्वारा संबंधित ठेकेदार को शय देने की बात नही सामने आ रही है। वही लाइनिंग कार्य में किये गए भ्रष्टाचार में क्षेत्रीय विधायक कुँवर सिंह निषाद में ठेकेदार से विभाग के अधिकारियों के संरक्षण का आरोप लगाया है, उन्होंने कहा कि फोन में ईई से चर्चा हुई है, और ईई द्वारा संधारण कार्य करके जांच करने की बात कही हई हैं। तो वही पूर्व जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला ने विभाग के अधिकारियो को कठघरे में खड़े कर उनपर कार्यवाही किये जाने की बात कही है। और ठेकेदार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि ये विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार है, इस सरकार में किसी भी प्रकार से भ्रष्टाचार और अनियमितता बर्दाश्त नही की जाएगी। आपको बता दे की पायनियर ने 7 अगस्त को शीर्षक पहली बारिश ने खोली निर्माण कार्य के गुणवत्ता की पोल समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया था।

### संधारण नही किया गया तो एसडी की जाएगी राजसात : ईई

जल संसाधन विभाग के ईई पीयूष देवांगन ने बताया कि ठेकेदार को बोलकर टूट फुट जगहों को संधारण करवाया गया है। अगर ठेकेदार के द्वारा संधारण नही किया जाता है या फिर कोई लापरवाही बरती जाती है, तो एसडी (सिक्युरिटी डिपॉजिट) को रोक विभाग कार्य करवाएगा जाएगी। और भविष्य में अगर ऐसी लापरवाही बरती जाती या संधारण कार्य नही किया जाता है, तो ठेकेदार की एसडी राजसात की जाएगी। वही ईई पीयूष देवांगन में कहा कि 5 साल तक ठेकेदार लाइनिंग का मेंटेनेंस करेगा, जो मेंटनेंस के लायक नही रहेगा तो उसे फिर से तोड़ के बनवाएंगे। जब तक संधारण नही किया जाएगा तब सिक्युरिटी भी रिलीज नही की जाएगी। क्योंकि हर साल 20 प्रतिशत सिक्युरिटी रिलीज करने का नियम है, अगर ठेकेदार साल भर मेंटनेंस नही करेगा तो मैं उसका सिक्युरिटी रोक सकता हु, ये मेरा अधिकार हैं।

### जगह जगह से टूटी लाइनिंग, गुणवत्ता की खुली पोल

उल्लेखनीय हो कि गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खरखरा-मोहंदीपाठ नहर नाली से ग्राम भरदकला से चीरचार तक सीमेंट की पक्की नहर लाइनिंग का कार्य किया गया है। ठेकेदार के द्वारा बीते मई माह में कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। लेकिन महज 2 माह में ही सीमेंट से बनाई गई पक्की लाइनिंग जगह जगह से टूट फुट गई है। नवम्बर 2023 में कार्य प्रारंभ हुआ था, कार्य पूर्ण अभी मई 2024 में हुआ है। लाइनिंग की चौड़ाई दो फीट है, और 47 सेंटीमीटर यानी कि डेढ़ फीट गहराई है। 1 फीट प्री बोर्ड होता है। इसकी कुल लागत 3 करोड़ 71 लाख रुपये है। जिसमें दो माइनर था, माहुद और भरदाकला माइनर नम्बर एक। 5 साल तक ठेकेदार की एसडी राशि जमा रहती है। जो हर साल मेंटनेंस पश्चात 20-20 प्रतिशत राशि रिलीज की जाती है।

### गुणवत्ता का नही दिया गया ध्यान

यहां यह कहना गलत नही होगा कि लाइनिंग कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नही दिया गया है। निर्माण कार्य में विभागीय संरक्षण में ठेकेदार के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया गया हैं। जहां कुलापा लगना चाहिए, वहां कुलापा भी नही दिया गया है। पेड सोल जो क्रांकीट डालने के पहले बनाते है, उसमे भी मुरुम का उपयोग नही किया गया है। जो क्रांकीट की मोटाई होनी चाहिए वो नही है। जगह जगह लाइनिंग टूटने से किसानों के खेत भी बर्बाद हो रहे है। कही लेबल भी नही दिया गया है। लेबल नही देने से किसान सिचाई से वंचित होंगे।

### निर्माण की प्रमुख खामियां

इस कार्य में शुरुआत से ही पानी और सीमेंट की कमी की वजह से दरार आने लगी थी, जो इस लाईनिंग की मजबूती पर सवाल खड़ा करता है। पूरे काम में सीमेंट भी कम दिख रहा है। कंपेक्शन का काम ही नही किया गया हैं। वही स्लीपर कम बनाया गया है। जिससे मजबूती नही आएगी। मुरुम भी काफी लूज है। निर्माण से पहले मरम्मत का काम ही नही किया गया है। पूरे निर्माण में बड़ी बात ये है कि चौड़ाई के हिसाब से ढलाई कम की गई है। जो भ्रष्टाचार को साफदिखता है। जो झिल्ली लगाई गई है, वो हल्की क्वालिटी की है। साथ ही तराई काम भी नही हुआ है।

## उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक ने अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खोली अपनी नई शाखा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर में अपनी नई शाखा की शुरू की। इस नई शाखा की शुरूआत से, छत्तीसगढ़ में कुल शाखाओं की संख्या सैंतिस (20) और देश भर में कुल संख्या 930 तक पहुंच गई है। इस नई शाखा की शुरूआत के अवसर पर बोलते हुए उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, हमें इस बात की खुशी है कि हमारे बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार छत्तीसगढ़ में मजबूती से हो रहा है। नई शाखा इस बात का प्रमाण है कि हम राज्य में अपना विस्तार कर उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। बिलासपुर अपने सांस्कृतिक और आर्थिक योगदान के लिए मशहूर है, जहां विकास के सभी तरह के अवसर उपलब्ध हैं। इस नए बैंकिंग आउलेट के खुलने का लाभ सिर्फस्थानीय लोगों तक सीमित न होकर आर्थिक विकास, वित्तीय सहभागिता में भी महत्वपूर्ण होगा जिससे स्थानीय जनता को संबल मिलेगा। बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद- जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है। बैंक के पास बहुत ही अच्छा बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर है, डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं और एटीएम का नेटवर्क है जिससे बैंक अपने ग्राहकों को हर तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके अलावा बैंक दूसरे तरह की सुविधाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और काल सेंटर की सेवाएं भी उपलब्ध कराती है। उत्कर्ष एसएफबीएल का मकसद उन लोगों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है जिन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं नहीं पहुंच सकी हैं या कम पहुंची हैं।

## जो राष्ट्र के लिए अच्छा हैं, वह कंपनी के लिए भी अच्छा हैं : ओपी जिंदल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com







मंदिर हसौद मशीनरी डिवीज़न में जिंदल संस्थापक चैयरमैन ओपी जिंदल की जयंती मनाई गयी। ओपी जिंदल जिन्हे प्यार और सम्मान से बाउजी पुकारा जाता हैं वह एक दूरदृष्टा थे। ओपी जिंदल की जीवनी उनकी दूरदर्शिता और राष्ट्र के लिए देखे गए सपनो की याद ताज़ा कराता हैं जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया बाउजी ने अपने कर्मयोग से अनगिनत व्यक्तियों को राष्ट्र निर्माण में सामूहिक योगदान करने के लिए प्रेरित किया उनकी दूरदर्शिता का केंद्र बिंदु एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत था जो पुरे गर्व और स्वाभिमान के साथ विकसित औद्योंगिक राष्ट्र की कतार में खड़ा हो। बाउजी के दूरदर्शी आदर्श और सिद्धांत छ्स्क के लिए निरंतर प्रेणा के स्त्रोत हैं जो हमे न सिर्फ राष्ट्र के निर्माण बल्कि समुदायों के सशक्तिकरण का हौसला भी देते हैं। बाउजी एक जन्मजात इंजीनियर थे उन्होंने स्वदेशी तकनीक पर आधारित जिंदल इंडिया नामक एक पाइप मिल की स्थापना की जिसे आज जिंदल इंडस्ट्रीज के नाम से जाता हैं। 1970 में उन्होंने जिंदल स्ट्रिप्स लिमिटेड की स्थपना की और शुरू से ही अनुसन्धान पर ध्यान दिया। बाउजी की मौलिक सोच, बदलाव लाने का उनका जूनून और इन सबसे बढ़कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किये गए उनके प्रयास ने उन्हें मशीनों से बात करने वाले शख्सियत के रूप में विश्व विख्यात कर दिया। उनका जन्म भले ही हरियाणा में हुआ हो लेकिन पूरा भारत उनकी कर्मभूमि था। जिंदल ग्रुप जैसे विशाल औद्योगिक समूह के संस्थापक और अग्रणी राजनेता होने के बावजूद बाउजी ने कभी भी अपने कार्यालय का दरवाजा बंद नहीं रखा। आम हो या खास सभी के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले रहे। बाउजी ने राजनीति में आकर जनसेवा की एक नई परिभाषा प्रस्तुत की शिक्षा स्वास्थ और लोगो की सम्पन्नता के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। वे तीन बार हिसार के विधायक रहे उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से ह्क्क जिंदल ग्रुप जैसे विशाल औद्योगिक समूह की स्थापना कर राष्ट्र के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्ही के सिद्धांतो और विचारो को जिवंत कर मंदिर हसौद स्तिथ मशीनरी डिवीज़न में उनकी 94 वी जयंती मनाई गयी जहां सुबह भजन कीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। बाउजी को याद कर मशीनरी डिवीज़न स्तिथ हेरिटेज पार्क में कारखाने के कर्मचारियों द्वारा बाउजी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित किये गए। साथ ही इस अवसर पर कैंसर जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर व वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, तथा माना स्थित वृद्धाश्रम में भोजन फल एवं वस्त्रो का वितरण किया गया। इस उपलक्ष्य में मशीनरी डिवीज़न के अधिकारी सहित कर्मचारी मौजूद रहे, सभी ने बाउजी को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## भारतीय जन उपभोक्ताओं के बीच बढ़ रही है ई-कॉमर्स अपनाने की चाहत

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के एकमात्र वास्तविक ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने अपनी स्मार्ट शॉपर रिपोर्ट का पहला संस्करण जारी किया, जिसमें 2024 के प्रथम छमाही में देश के गतिशील ऑनलाइन शॉपिंग रुझानों का व्यापक विश्लेषण पेश किया गया। यह रिपोर्ट बड़े पैमाने पर ग्राहकों की बदलती आदतों और पसंद का पता लगाती है, जो वर्तमान में ऑनलाइन खरीदारी करने वाली आबादी का उल्लेखनीय 80त्र हिस्सा बनाते हैं। पिछले 9 सालों में, मीशो ने देश भर में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए ई-कॉमर्स को सुलभ बनाया है। अपने 15 करोड़ वार्षिक लेन-देन करने वाले ग्राहकों में से 80% टियर 2 और उससे आगे के शहरों से आते हैं, मीशो नए-नए ई-कॉमर्स उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन लाने में सहायक रहा है. यह प्लेटफॉर्म ई-कॉमर्स देश में सबसे बड़े जन उपभोक्ता आधारों में से एक है, जो भिलाई, इंफाल, जालंधर, झुंझुनू और नेल्लोर जैसे विभिन्न स्थानों में भी ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। भारत के सबसे ज़्यादा डाउनलोड किए जाने वाले शॉपिंग ऐप के रूप में, मीशो की स्मार्ट शॉपर रिपोर्ट विविध उपयोगकर्ता प्राथमिकताओं के बारे में सूक्ष्म जानकारी प्रदान करती है, जो भारत में जन उपभोक्ता खरीदारी की आदतों को परिभाषित करने वाले रुझानों पर प्रकाश डालती है. इन जानकारियों में गहराई से उतरकर, मीशो न केवल उपभोक्ता विकल्पों की वर्तमान गतिशीलता को उजागर करता है, बल्कि देश भर में जन उपभोग पैटर्न के एक विश्वसनीय संकेतक के रूप में काम करने का लक्ष्य भी रखता है। यहां कुछ मुख्य हाइलाइट्स दिए गए हैं जो बताते हैं कि 2024 में जन उपभोक्ताओं ने कैसे खरीदारी की।

## शोभितम ने किया इसाडोरालाइफ का अधिग्रहण, रेडी-टू-वियर साड़ी बाजार में सबसे बड़ा खिलाड़ी, साड़ी को वैश्विक बनाने का लक्ष्य



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

डी2सी एथनिक फैशन में वैश्विक अग्रणी और उद्योग में सबसे तेजी से बढ़ते ब्रांडों में से एक शोभितम ने रेडी-टू-वियर साड़ी बाजार में अग्रणी और इस क्षेत्र में सबसे बड़े ब्रांड इसाडोरालाइफ के रणनीतिक अधिग्रहण की घोषणा की है, जिसका लक्ष्य भारत की साड़ियों को जेन जेड और वैश्विक स्तर पर सभी के लिए सुलभ बनाना है। शोभितम और इसाडोरालाइफ ने दुनिया भर में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले पारंपरिक भारतीय परिधान साड़ी की पहुंच और आकर्षण को बढ़ाने के लिए हाथ मिलाया है। इस साझेदारी का उद्देश्य ड्रेपिंग से अपरिचितता की चुनौतियों का समाधान करना और दुनिया भर में विशेष रूप से युवा उपभोक्ताओं के बड़े जनसांख्यिकीय आधार तक पहुंच बनाना है, जिससे भारत और वैश्विक स्तर पर लोगों की अलमारी में साड़ियों को एक संपूर्ण 'जरूरी' परिधान के रूप में प्रदर्शित किया जा सके। यह रणनीतिक अधिग्रहण दो महिलाओं के नेतृत्व वाली स्टार्टअप्स को एक साथ लाता है, जहां एथनिक फैशन के लिए उनका गहरा जुनून दो अद्भुत उद्यमियों को एकजुट करता है अपर्णा त्यागराजन (शोभितम की सह-संस्थापक) जिनके पास माइक्रोसॉफ्ट से गहरी आईटी पृष्ठभूमि है, और नेहा टंडन शर्मा, (इसाडोरालाइफ की संस्थापक), 10 वर्षों की अनुभवी निवेश बैंकर, जो भारत और वैश्विक बाजारों में एक साथ साड़ी उद्योग में क्रांति लाएगी। और यह विस्तार और विकास के लिए रेडी-टू-वियर साड़ी बाजार में और अधिक नवाचार के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निवेश की शुरुआत का प्रतीक है, जो इस प्रमुख उत्पाद श्रेणी के लिए शोभितम की प्रतिबद्धता और अगले 2-3 वर्षों में इस स्थान को तेजी से विकसित करने के द्वारा समर्थित है। शोभितम की स्थिति को एथनिक फैशन में और मजबूत करने के लिए तीन प्रमुख मूल्य प्रस्तावों द्वारा संचालितः तेजी से बढ़ते वैश्विक बाजारों में प्रवेश नई साझेदारी के साथ, शोभितम अपने मौजूदा वैश्विक उपस्थिति और वितरण नेटवर्क का उपयोग करेगा ताकि इसाडोरालाइफ के लिए मजबूत आधार सुनिश्चित किया जा सके जो रेडी-टू-वियर साड़ियों की मांग और पसंद को तेज करेगा, ग्राहक संतुष्टि क्षेत्र में विशेषज्ञों की प्रतिभा पूल को शामिल करके।

## ज्ञानी आइसक्रीम ने शंकर नगर रायपुर में अपना विस्तार किया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के सबसे पसंदीदा आइसक्रीम ब्रांड में से एक ज्ञानी आइसक्रीम को शंकर नगर, रायपुर में अपने नए आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह विस्तार ज्ञानी मिशन में एक रोमांचक अध्याय है, जो देश भर के उत्साही लोगों के लिए आइसक्रीम की अपनी रमणीय और विविध रेंज को करीब लाने के लिए है। खन्ना खजाना टर्निंग पॉइंट चौक, शंकर नगर, रायपुर के बगल में स्थित, नया ज्ञानी आइसक्रीम आउटलेट आइसक्रीम प्रेमियों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनने के लिए तैयार है। वेनिला, चॉकलेट और बटरस्कॉच जैसे क्लासिक पसंदीदा से लेकर जेलाटो, शर्बत, शेक, सोडा और दिल्ली के प्रसिद्ध रबड़ी फालूदा तक की विस्तृत श्रृंखला के साथ-ज्ञानी आइसक्रीम का लक्ष्य हर स्वाद को पूरा करना है। आउटलेट में आइसक्रीम केक भी उपलब्ध हैं और आरामदायक और आकर्षक माहौल में 100त्र शाकाहारी विकल्प उपलब्ध हैं, जो इसे परिवारों, दोस्तों और शौकीनों के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है जहाँ वे अपने पसंदीदा व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। 1956 में स्थापित, ज्ञानी आइसक्रीम फतेहपुरी, दिल्ली में एक एकल स्टोर से बढ़कर पूरे भारत में एक मजबूत उपस्थिति के साथ एक राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त ब्रांड बन गई है। गुणवत्ता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाने वाली, ज्ञानी आइसक्रीम अपने विशिष्ट स्वादों को बनाने के लिए बेहतरीन सामग्री और पारंपरिक व्यंजनों का उपयोग करती है। नई दिल्ली के एक विरासत ब्रांड के रूप में, श्रीनगर में ज्ञानी का विस्तार देश के हर कोने में खुशी और मिठास फैलाने के लिए इसके समर्पण का प्रमाण है। ज्ञानी आइसक्रीम के निदेशक तरनजीत सिंह ने कहा, हम जवाहर नगर, श्रीनगर में अपना नया आउटलेट खोलने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह शहर हमारे दिलों में एक विशेष स्थान रखता है, और हम अपनी पसंदीदा आइसक्रीम को इसके निवासियों तक पहुँचाने के लिए उत्सुक हैं। हम श्रीनगर के लोगों के साथ मीठी यादें बनाने और उनके जीवन का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हैं।

### ग्राम पंचायत ढोलबज्जा में जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** हरेली पर्व के अवसर पर जनपद पंचायत बोड़ला के ढोलबज्जा ग्राम पंचायत में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के संपूर्णता अभियान तहत जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संपूर्णता अभियान के सभी संकेतकों को संतृप्त करने के लिए संकेतक के अनुसार हितग्राहियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वसहायता समूह को 15000 रूपए की चक्रीय निधि का चेक वितरण, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देकर मिट्टी को पौष्टिक बनाने के लिए उचित फर्टिलाइजर्स के उपयोग की जानकारी दी गई और गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को मासिक पूरक पोषण आहार का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति आदेश प्रदान कर पौधा वितरण किया गया।

### मंजीत कौर भामरा का निधन



**रायपुर।** गुलमोहर पार्क (रामनगर) स्थित मंजीत कौर भामरा उम्र 56 वर्ष, पति सरजीत सिंह भामरा का आकस्मिक निधन बुधवार 07 अगस्त को 4 बजे हो गया हैं। उनका अंतिम संस्कार 08 अगस्त को 1 बजे देवेंद्रनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज़ और खासतौर पर तैयार किए गए राखी स्टोर के साथ भाई-बहन के रिश्ते को दें मजबूती

**रायपुर।** भाई-बहनों के अटूट रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन बस कुछ ही दिन दूर है। अगर आप अपने भाई-बहनों पर प्यार और आशीर्वाद न्यौछावर करने की तैयारी कर रहे हैं, तो उन स्वादिष्ट व्यंजनों को भी याद रखें, जो इस खास मौके को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज़ में आपको स्वादिष्ट व्यंजनों की तैयारी के लिए खास प्रोडक्टय रेंज मिलेगी। साथ ही यहां आपको अपने भाई-बहनों के लिए एक बेहतरीन गिफ्ट हैम्पर खरीदने का सही मौका भी मिलेगा। ये गिफ्ट इस बात का इजहार करेंगे कि आपके लिए वे कितने मायने रखते हैं। यहां पर ताज़े फलों और सब्जियों से लेकर स्नैक्स, बेवरेजेस और रोज़मर्रा की ज़रूरत की वस्तुओं तक, उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला 45% तक की छूट के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। यहां ग्राहक अपने पसंदीदा डिलीवरी स्लॉट को चुन सकते हैं और सबसे स्वादिष्ट भोजन पकाने के लिए दावत, फॉर्च्यून और टाटा संपन्न जैसे लोकप्रिय ब्रांडों पर बड़ी बचत कर सकते हैं। प्राइम ग्राहक फलों और सब्जियों की खरीद पर 200 रुपये तक के कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही अमेजन ग्राहक अपने पहले चार अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 400 रुपये तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं।

### कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (जोन क्रं-10.)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

नामांतरण प्र.क्र. 13150/न.पा.नि./जोन क्रं-10/2024

रायपुर, दिनांक 01-08-2024

**-: इश्तिहार :-**

**नामांतरण प.क्रं. 13150**

**वार्ड का नाम- बाबू जगजीवन राम वार्ड 53**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड 53 वार्ड स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. **RPR446M91034** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **M/S BALAJI BUILDERS AND DEVLOPERS** पिता/पति श्री/श्रीमती **Late Dhalumal Ji Kotwani** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **Sunita Bisui** पिता/पति श्री/श्रीमती **Pramotho Bisui** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

''सूचना जारी करें''

मुहर

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

### Name Change

It is informed to general public that I, RAJIYA BEGUM D/O WALI MOHAMMAD resident to QTR NO-11/8, NORTH NAGAR, VASUNDHARA BHILAI-3, DURG, CHHATTISGARH PIN 490021 have changed my old name RAJIYA BEGUM D/O WALI MOHAMMAD so in future I should be recognized by my new name that is RAJIYA BEGAM W/O SHEIKH SAMAD in all Government and other documents.

**RAJIYA BEGAM**

QTR NO-11/8, NORTH VASUNDHARA NAGAR, BHILAI-3, DURG, CHHATTISGARH PIN 490021

### ESAF SMALL FINANCE BANK

REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

**GOLD AUCTION NOTICE**

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION : **13-08-2024** TIME : **2 PM TO 5 PM**
AUCTION VENUE : **THROUGH E-AUCTION**
AUCTION ADDRESS : **https://egold.auctiontiger.net**
Contact No. **6351896640**

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site

**BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS**

**Akaltara:** 75230001386444, 75240000033548 **Bagbahara:** 63230000284331, 296668, 75230001455345, 1510033, 1612891, 1635877 **Balod:** 75230001487624, 1535675, 1554259, 75240000017179 **Bhatapara:** 63230000271125, 287995 **Bhilai:** 63230000269140, 317041, 321423, 336144, 337673, 75230001398532, 1515453, 1651676, 75240000004414, 6670, 6690, 56744, 59559, 61564, 61654, 61764 **Bilaspur:** 63230000606827, 75230001395487, 1413085, 1499382, 1592246, 1600983, 1662585 **Champa:** 75230000258543, 1374227, 1535615, 1548851, 1555337, 1557263, 1560097, 1652764 **Chandigarh:** 63230000335656, 587191, 75230001633221 **Dhamdha:** 75230001630446 **Dhamtari:** 75240000007038, **Donagargarh:** 63230000580463, 63240000008104, 8484, 9512, 9662, 75230001370834, 1433257 **Durg:** 63230000268292, 270887, 288773, 301161, 313238, 328540, 1357720 **Katghora:** 63230000575323 **Kawardha:** 75230001608959, **Kharsia:** 75230001564410, 1599703 **Korba:** 63230000304435, 75230001571486, 1578843 **Mahasamund:** 63230000307850, 343021, 478466, 479274, 512653, 518053, 519421, 579876, 580013, 600748, 612095, 75230000714636, 714686, 1227435, 1227575, 1227675, 1227945, 1275273, 1306867, 1397393, 1551334, 1581517, 1598225, 1598295, 1660449, 1674163 **Mungeli:** 75230001438938, 1651006 **Pakhanjore:** 63230000280028, 302799, 326513, 335046, 336154, 75230001485148, 1514545, 75240000008156 **Pithora:** 63230000267603, 282894, 75230001446383, 1487474, 1554279, 1635177 **Raigarh:** 63230000581422, 595135, 75230001482713, 1498183, 1539168, 1551814, 1672526, 1673254, 1675791 **Raipur:** 75230000944483, 1529117 **Rajnandgaon:** 63230000281386, 518393, 573477, 573657, 581742, 607415, 608923, 63240000004841, 75230000109515, 1209030, 1221946, 1493223, 1573023 **Sarangarh:** 63230000312080, 322871, 324497, 333310, 576622, 587421, 63240000003543, 75230001444766, 1576637, 1632473, 1632963 **Shivrinarayan:** 63230000315924, 75230001665810, 75240000043309.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.

Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: **08-08-2024**

Sd/-
Authorized Signatory

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

क्रमांक 09/लो.नि.वि./न.पा.नि./जोन क्र.02/2024

रायपुर, दिनांक 05/08/2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्र. 02 अंतर्गत साफ-सफाई कार्य हेतु प्लेसमेंट के माध्यम से कलेक्टर दर पर कुशल/सकुशल कर्मचारी उपलब्ध कराने निविदा आमंत्रित की जाती है। प्लेसमेंट एजेंसी जिनका श्रम लायसेंस का जीवित पंजीयन हो, लिफाफा ''अ'' में सीलबंद निविदायें तथा लिफाफा ''ब'' में एफ.डी.आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र दिनांक 22.08.2024 को संध्या 4.00 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.08.2024 को संध्या 4.00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक-02 में जमा किया जाएगा। प्राप्त समस्त निविदायें उसी दिवस को संध्या 5.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणित राशि रू. (लाख में) | अमानती राशि | समयावधि नाम | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्रमांक 02 अंतर्गत आफिसर कालोनी में साफ-सफाई कार्य हेतु 10 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट एजेंसी के तहत कलेक्टर दर पर 01 वर्ष के लिए रखे जाने हेतु। | 15.72 | 70000=00 | 01 वर्ष | वेतन/सफाई मद |
| 2 | जोन क्रमांक 02 अंतर्गत वार्डों में विशेष सफाई कार्य हेतु 10 स्वच्छता कमाण्डों (अकुशल श्रमिक) कलेक्टर दर पर 06 माह के लिए रखे जाने हेतु। | 8.26 | 70000=00 | 06 माह | वेतन/सफाई मद |
| 3 | प्लेसमेंट एजेंसी के तहत् जोन क्रमांक 02 अंतर्गत समस्त विभागीय कार्यों के लिए 04 कम्प्यूटर आपरेटर कलेक्टर दर पर 01 वर्ष के लिए रखे जाने हेतु। | 7.94 | 8000=00 | 01 वर्ष | वेतन मद |
| 4 | प्लेसमेंट एजेंसी के तहत् जोन क्रमांक 02 अंतर्गत साफ-सफाई कार्य हेतु 05 अकुशल श्रमिक कलेक्टर दर पर 01 वर्ष के लिये रखे जाने हेतु। | 7.73 | 70000=00 | 01 वर्ष | वेतन/सफाई मद |

1. निविदा संबंधी अन्य शर्ते एवं जानकारियाँ जोन क्र. 02 कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, शहीद स्मारक स्कूल परिसर, बीएसएनएल आफिस के पास, के.के.रोड, रायपुर से कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

जोन आयुक्त
जोन क्र. 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

# दर्जनभर से ज्यादा गांवों में डायरिया... 24 घंटे चल रहे कैंप गांवों से लिए गए पानी के सैंपलों की रिपोर्ट अब तक नहीं आई

## गांवों में पानी के स्त्रोत पर ध्यान नहीं दिया गया, पानी टंकियों की भी सफाई नहीं

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





जिले में डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दर्जनभर से ज्यादा गांव संक्रमण की जद में हैं। लगभग ऐसे सभी गांवों में पेयजल की आपूर्ति के स्त्रोत बरसात में गंदे हो जाने के चलते ये हालात बने हैं। स्वास्थ्य महकमे ने जिले भर में दस से अधिक गांवों में मेडिकल कैंप लगा रखा है। आंकड़ों की ओर ध्यान दें तो मौजूदा समय में जिले में 200 से अधिक मरीज संक्रमित हैं। इनमें से कई निजी अस्पतालों में और कई मेडिकल कॉलेज में उपचार करवा रहे हैं।

राजनांदगांव के करीब ग्राम कांकेतरा में डायरिया के तकरीबन 30 मरीज हैं। यहां 4 जुलाई को संक्रमण फैलने की जानकारी मिली। स्वास्थ्य विभाग ने यहां कैंप लगा दिया है जो कि 24 घंटे काम कर रहा है। आरएमए भावेश सोनटके ने बताया कि आज ही 28 लोगों की जांच हुई। इनमें से 5 केस डायरिया के थे जिनमें से 3 को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि, अब यहां संक्रमण नियंत्रित है। यहां ग्रामीण सार्वजनिक बोरिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पानी की टंकी जिस बोर से भरी जा रही थी वह नाले में डूब गया है। माना जा रहा है कि, इसके चलते ही पानी दूषित हो गया और ग्रामीण संक्रमण की चपेट में आ गए। मौजूदा समय में गांव वाले सार्वजनिक बोरिंग के पानी इस्तेमाल कर रहे हैं। राजनांदगांव में कांकेतरा, टेड़ेसरा, सोनेसरारमें कुछ मरीज अब भी सामने आ रहे हैं। जबकि देवादा, खपरीखुर्द, डुमरडीह खुर्द, मोहंदी, गिधवा, घुमका इलाके में डायरिया के केस अब नहीं के बराबर रह गए हैं। घुमका बीएमओ नंदकिशोर टंडन ने बताया कि, वर्तमान में कांकेतरा में ही मामले बढ़ रहे थे। लेकिन वहां भी तेजी से रिकवरी देखने को मिली है। इसके अलावा किन्हीं नए गांवों में ऐसा प्रकरण नहीं मिले हैं। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम डोंगरगांव, बम्हनीभाठा, रामपुर, रीवागहन, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बसंतपुर सहित अन्य प्रभावित ग्रामों में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी समय सीमा की बैठक में जिले में मिल रहे डायरिया के मामलों को लेकर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने स्वास्थ्य महकमे में को पूरी सतर्कता बरतने और 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

### स्त्रोतों में गंदगी, जलजीवन मिशन के काम अधूरे

अधिकतर जिन ग्रामों में डायरिया की समस्या आ रही है वहां पेयजल के स्त्रोतों के गंदा होने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे गांवों में पानी टंकियों की साफ-सफाई नहीं हो रही है। जिस बोर से ये टंकिया भरी जा रही हैं उसके आसपास की गंदगी नहीं हटाए जाने से भी पेयजल दूषित हो रहा है। जल जीवन मिशन के तहत नई बनी पानी टंकियों से पानी की आपूर्ति अब भी कई गांवों में शुरु नहीं हो सकी है। अगर इन्हें तैयार कर लिया गया होता तो भी संक्रमण के मामलों में कमी आ सकती थी।

### सब्जियों का सेवन संभल कर

डायरिया के कुछ मामले दूषित पानी नहीं बल्कि बरसात के दौरान नहीं खाई जाने वाली चीजों के कारण भी बढ़ रहा है। मसलन, हेल्थ एडवाइजरी के मुताबिक बारिश के दौरान किसी भी तरह की भाजी खाने से परहेज किया जाना चाहिए। दूसरी साग-सब्जियों का इस्तेमाल भी पूरी एहतियात से साफ-सफाई के बाद करनी चाहिए। चिकित्सक बताते हैं कि कई मामलों में परिवार डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं जिनकी वजह उनके भोजन के तौर पर सामने आ रही है।

### मितानिनभी मोर्चा संभाल रहीं

जिन गांवों में डायरिया की शिकायतें सामने आ रही हैं वहां मितानिन को पानी के सैंपल लेने और उनकी जांच की प्राथमिक जानकारी भी दी जा रही है। ग्राम कांकेतरा में मेडिकल कैंप के साथ यह काम भी जारी है। यहां मौजूद मितानिनों ने बताया कि, घरों-घर जाकर भी सर्वे किया जा रहा है। मरीजों से अपील की जा रही है कि लक्षणों पर अपनी जांच कराने में देरी न करें। गांव में मुनादी भी कराई जा रही है।

### सैंपल की रिपोर्ट अब तक नहीं आई

पानी के सैंपलों की जांच रिपोर्ट चार दिन बीतने के बाद भी नहीं आ पाई है। 4 अगस्त से जिले के अलग- अलग हिस्सों में डायरिया के मामले सामने आने शुरु हुए। बेहद जरुरी तौर पर ऐसी जगहों से पानी के सैंपल लिए गए। पीएचई को लैब टेस्ट के बाद इसकी रिपोर्ट देनी थी। लेकिन 4 दिन गुजर जाने के बाद भी इन सैंपलों की रिपोर्ट नहीं आ पाई है।

### निजी क्लिनिक, अस्पताल के कारण आंकड़े नहीं सामने आ रहे

डायरिया के अधिकतर मामलों में मरीज निजी क्लिनिकों का रुख कर रहे हैं। जिन्हें अस्पताल में उपचार की जरुरत पड़ रही है वे भी निजी अस्पतालों में ही ईलाज करवा रहे हैं। इस स्थिति के चलते भी डायरिया के मरीजों के असल आंकड़े सामने नहीं आ रहे हैं। दूसरी ओर मरीजों की डायरिया से मौत को भी स्वास्थ्य महकमे ने नकार दिया है। उनके मुताबिक जो दो मामले सामने आए हैं वे दूसरी गंभीर बीमारियों से भी पीड़ित थे जिसके चलते उनकी मौत हुई है।

### डायरिया प्रभावित गांवों तक पहुंचे सीएमएचओ

डायरिया के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य महकमा भी एहतियात बरत रहा है। बुधवार को स्वयं सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन पूरी टीम के साथ डोंगरगांव ब्लॉक के अलग-अलग प्रभावित गांवों तक पहुंचे। यहां उन्होंने हालात का जायजा लेते हुए जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रभावित गांवों में 24 घंटे कैंप चल रहे हैं। किसी भी वक्त मरीज को ईलाज की जरुरत होने पर उपचार मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, बारिश में ऐसे हालात से निपटने के लिए विभाग पूरी तैयारियां के साथ जुटा हुआ है।

---

## पीड़िता को धमका कर बलात्कार, गिरफ्तार



**डोंगरगांव।** पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया है। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के इस मामले में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे धमकाकर कई बार उसका शोषण किया। बताया गया है कि आरोपी उसका सहकर्मी है। पुलिस ने धारा 376 (2) (ढ) , 506 के तहत मामला दर्ज किया। इस बीच आरोपी दिनेश कुमार यादव के फरार होने पर उसकी तलाश की गई। अंततः पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## नाबालिक से छेड़खानी कर जान से मारने की धमकी

■ अर्जुनी के दो युवकों पर हुई पॉक्सो एक्ट की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के ग्राम सालिगझिटिया से अजुनी इलाके में इन दिनों अशांति का माहौल बन गया है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा राहगीरों से मारपीट व चाकूबाजी की घटना के दो दिनों बाद ही एक नाबाकिग से छेड़खानी व चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हालांकि छेड़खानी के आरोपी दोनों युवकों के जमकर पिटाई की खबर है।

पुलिस द्वारा आधिकारिक जानकारी मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम सालिगझिटिया में दो युवकों द्वारा एक नाबालिग से छेड़खानी की गई। वहीं चाकू टिकाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। नाबालिग प्रार्थिया की शिकायत पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। नाबालिग की शिकायत आधार पर दोनों युवकों को पुलिस ने पकड़कर थाना लाकर पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में अपराध स्वीकार करने पर आरोपी राजकुमार पिता यादवराम निषाद, 19 वर्ष, एवं भुषण पिता संतराम सोनकर, 20 वर्ष, साकिन ग्राम अजुनी, थाना डोंगरगांव को गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी गई। दोनों आरोपी युवकों पर 74 , 351 (2) 3 (5) बीएनएस एवं 8 पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

### दोनों युवकों की जमकर पिटाई

ग्रामीणों की माने तो सालिगझिटिया से अजुनी क्षेत्र में इन दिनों असामाजिक तत्वों का आतंक बना हुआ है। शराब तस्कर के गुर्गे राहगीरों से बदसलूकी में उतर आए हैं। 2 दिनों पुर्व ही सलिगझिटिया के माखन व टोकेश के साथ चाकूबाजी हुई है। ग्रामीण पुलिस थाना तक पहुंचे थे। पुलिस ने चाकूबाजी मामले में भी कार्रवाई की है। सूत्र बताते हैं कि उक्त घटना में शामिल अपराधी शराब तस्करी से जुड़े हैं।

## तलवार दिखा कर जान से मारने दी धमकी

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




आपसी रंजीश के चलते मारपीट और तलवार लहराने के मामले में डोंगरगांव पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी छन्नुलाल खरे (25), टीकम खरे (20), करण भारती (20), सुखचंद भारती (18) द्वारा घटना को अंजाम दिया गया जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी ने लिखाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की जिसमें आरोपियों के कब्जे से एक तलवार भी बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 118(1), 190, 191(2), 191(3) बीएनएस, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

---

## कलेक्टर ने ली महाविद्यालयों के जन भागीदारी समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में संचालित महाविद्यालय के अंतर्गत जनभागीदारी समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में महाविद्यालयों में उपलब्ध संसाधन, सुविधा, सेवा एवं कमियों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में शिक्षा सत्र 2023-24 के अंतर्गत परीक्षा परिणाम की जानकारी ली। इसके साथ ही नया शिक्षा सत्र 2024-25 के अंतर्गत महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम और प्रवेशित विद्याथीयों की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि महाविद्यालय संचालन में आने वाली समस्या को दूर करने के लिए प्रस्ताव तैयार करें। महाविद्यालयों में उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने के निर्देश दिए हैं। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता परीक्षा के लिए महाविद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा स्तर पर तैयारी करने के लिए सभी महाविद्यालयों में आवश्यक तैयारी कराने कहा है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा, महाविद्यालयों में आधुनिक लाइब्रेरी की व्यवस्था करने और बच्चों को विषय पाठ्यक्रम के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा स्तर की किताबें उपलब्ध करायें।

## अनाधिकृत अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

■ लंबित आवेदनों का परीक्षण कर करें शीघ्र निराकरण

पायनियर संवाददाता ◂ मोहला
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिलाधिकारियों की बैठक में विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ सभी प्रकरणों का परीक्षण कर उचित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में महतारी वंदन योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्रहियों को एक पेड़ मां के नाम पर लगाने के लिए पौधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। योजना अंतर्गत हितग्राहियों को आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलो, अपने घर के आसपास या गांव की शासकीय भूमि पर वृक्षारोपण करने कहा गया है। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

थाना गंडई क्षेत्र के ग्राम चकनार में रोड किनारे अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 40 से 45 साल का शव मिला है। आसपास के ग्रामीणों से पता चला है मृतक अज्ञात व्यक्ति मानसिक बीमार था। 5 अगस्त को ग्राम चकनार के कोटवार ने थाना जानकारी दी कि पुल के पास एक व्यक्ति मृत हालत में पड़ा हुआ है। अज्ञात पुरूष का शव लकड़ी पर टिका हुआ था। मृतक के शव को थाना स्टाफ एवं डायल 112 के कर्मचारी द्वारा सीएचसी गंडई के मरचुरी में रखा गया एवं गंडई, पंडरिया एवं आसपास के ग्रामों में अज्ञात मृतक के शव के फोटो को दिखाकर पता तलाश किया गया।अज्ञात पुरूष के संबंध में कोई पता नहीं चला। शव का पीएम सीएचसी गंडई से कराकर अज्ञात मृतक के शव को पहचान कार्रवाई हेतु सीसचसी गंडई के मरच्युरी में रखा गया है।

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**मोहला।** डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 31 अगस्त 2024 तक आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार हेतु इच्छुक एवं पात्र कृषी कार्यालय उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोहला में निर्धारित तिथि तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

---

### तकनीकी त्रुटि व अस्पष्ट नियमों से हुआ अवरोध

## जनपद के नवनिर्मित दुकानों की नीलामी स्थगित

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर के मेनरोड किनारे जनपद पंचायत द्वारा नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों के लिए 7 अगस्त को आहुत नीलामी प्रक्रिया स्थगित हो गई है। नीलामी के लिए कुछ तकनीकी त्रुटि व अस्पष्ट नियमों की वजह से नीलामी के मौजूद बोलीदारों में अवरोध के चलते पीठासीन अधिकारी एसडीएम श्रीकांत कोराम ने आगामी निर्णय तक नीलामी स्थगित कर दिया। दरअसल जनपद पंचायत द्वारा लगभग एक वर्ष पुर्व शॉपिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया था। उक्त कॉम्प्लेक्स की दुकानों को नीलामी के लिए सामान्य सभा मे चर्चा उपरांत सभी सदस्यों के मध्य नीलामी प्रक्रिया के लिए सहमति बनी थी। उक्त सहमति के आधार पर कॉम्प्लेक्स के सभी 5 दुकानों की नीलामी के लिए पखवाड़ेभर पुर्व 23 जुलाई को विधिवत नीलामी सूचना प्रकाशित की गई थी। नीलामी सूचना के उपरांत इच्छुक लोगों द्वारा हिस्सा लेने नियमानुसार रसीद कटाया गया था। जनपद पंचायत व तहसील कार्यालय में भी अवलोकनार्थ जानकारी चस्पा कराई गई। उक्त प्रकाशन के उपरांत 7 अगस्त को नीलामी आहुत की गई थी। नीलामी में हिस्सा लेने नगर व अंचल के इच्छुक बोलीदारों भारी तादाद में जनपद सभागार पहुंचे थे। बहरहाल तकनीकी त्रुटि व अस्पष्ट नियमों की वजह से पीठासीन अधिकारी द्वारा नीलामी स्थगित कर दिया गया है। वहीं आगामी दिनों नीलामी के लिए नए तिथि का ऐलान जल्द करने की बात कही गई है।

**अस्पष्ट नियमों से आई बाधा –** उल्लेखनीय है कि नीलामी में लिए पंचायतीराज अधिनियम में स्थाई परिसंपत्तियों के अंतरण हेतु निहित प्रावधानों एवं नियम उपबन्धों को दृष्टिगत रखकर प्रक्रिया अपनाई गई। हालांकि दुकानों की नम्बरिंग नही होने से बोलीदारों को एक दुकान की नीलामी उपरांत बाकी दुकानों की नीलामी में हिस्सा लेने संबंधी नियमबद्ध अस्पष्टता उभरकर सामने आई। तब कुछ बोलीदारों ने दुकानों की नम्बरिंग नही होने से दूसरे क्रम की दुकान में बोली लगा पाने में संशय जाहिर की। इसके बाद बोलीदारों के मध्य भी वैचारिक टकराव सामने आए। अंततः नीलामी स्थगित कर दी गई।

**जपंसदस्यों द्वारा इस्तीफे की पेशकश –** नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होते ही भाजपाई जनपद सदस्यों ने नीलामी की सूचना नही मिलने एवं नगर के लोगों को नीलामी में हिस्सा लेने पर सवाल उठाते हुए नीलामी स्थगित करने की मांग कर डाली। जिससे सभागार में ठहाके लग गए। उपरांत भाजपाई सदस्यों ने एसडीएम को सामूहिक इस्तीफा भी लिखकर दे दिया। हालांकि इसके बाद भी नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया जारी थी, जिनमे कुछ भाजपाई पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे थे। तब नम्बरिंग को लेकर बोलीदारों में ही टकराव व तर्क कुतर्क के मद्देनजर नीलामी स्थगित कर दी गई।

## 12 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा



पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगांव क्षेत्र के बीजाभांठा स्थित आम बगीचा में एक 12 फीट का अजगर मिलने का मामला सामने आया है। फार्म हाउस मालिक ने उक्त अजगर को पकडक़र जंगल की ओर छोड़ दिया है। बीजाभांठा स्थित एक बगीचेमें एक आम पेड़ के नीचे बुधवार सुबह एक बड़ा और मोटा लगभग 12 फीट का अजगर दिखाई दिया। फार्म हाउस के मालिक जितेन्द्र वर्मा ने अजगर को सुरक्षित पकडक़र जंगल की ओर छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि बारिश के मौसम में आम बगीचा में सांपों का दिखाई देना आम बात है। वहीं फार्म में अजगर मिलने की यह तीसरी घटना है। हालांकि उक्त अजगर से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# पशु तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन शंखनाद

## 125 पुलिस जवान लेकर एसपी शशि मोहन सिंह पहुंचे सीमावर्ती गांव साईंटांगरटोली

### 10 तस्कर गिरफ्तार कर 37 गौ-वंश को मुक्त कराया गया

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

झारखंड सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला के साईं टांगरटोली मोहल्ला पुलिस की नजर में मवेशी तस्करों का गढ़ माना जाता था। जशपुर के एसपी शशि मोहन सिंह मवेशी तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। और इस अभियान के तहत ही जिले में अबतक की सबसे बड़ी पुलिसिया कार्रवाई मवेशी तस्करों के खिलाफ हुई। बुधवार की तड़के सुबह 4 बजे 125 पुलिस जवानों के साथ खुद एसपी और एएसपी टांगरटोली में घुंसे और ताबड़तोड़ कार्रवाई की।



पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के नेतृत्व में लगभग 125 अधि./कर्मचारियों द्वारा विभिन्न 05 टीम बनाकर बलवा ड्रील, अश्रु गैस सामग्री के लैस होकर बुधवार की सुबह 04:00 बजे जशपुर-झारखंड प्रांत के सीमावर्ती ग्राम साईटांगरटोली में वृहद स्तर पर ऑपरेशन शंखनाद चलाते हुए गौ-तस्करों के ठिकानों पर एक साथ चारों तरफ से घेराबंदी कर दबिश दिया गया, पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान ड्रोन से निगरानी की गई थी। दबिश देने के दौरान पुलिस टीम द्वारा 04 अलग-अलग बाड़े से कुल 37 गौ-वंश को तस्करों के कब्जे से जप्त किया गया, साथ ही गौ-तस्करी में संलिप्त कुल 10 तस्करों को अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त 09 पीकअप वाहन, 03 कार, 01 स्कार्पियो, 05 मोटर सायकल जप्त किया गया। तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। गिरफ्तार हुये आरोपियों के विरूद्ध अनेकों न्यायालय से स्थाई वारंट जारी किया गया था।

### एसपी ने पीढ़ी को दी समझाईश

विदित हो कि जब भी इस इस ग्राम में पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती है, तो तस्करों के परिजन एवं ग्रामीण महिलायें अनावश्यक पुलिस से उलझने का प्रयास करते हैं, परंतु पुलिस अधीक्षक के सख्त तेवर के सामने आरोपियों में भय का माहौल था। कुछ देर बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा गांव के युवापीढ़ी को संबोधित करते हुये उन्हें अपराध से दूर रहने की समझाईस दिया गया। यह ग्राम सीमावर्ती शंख नदी के किनारे स्थित है एवं ग्राम में समुदाय विशेष के लोगों की संख्या अधिक है। पुलिस के सख्त कार्यवाही से पशु तस्करों में व्यापक प्रभाव पड़ा है। आने वाले दिनों में पूरे जिले में वृहद स्तर पर गौ-तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### ये रहे कार्रवाई में शामिल

उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मण्डावी, उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत, उप पुलिस अधीक्षक भावेष समरथ, थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक राकेश यादव, निरीक्षक हर्षवर्धन चैरासे, उप निरीक्षक सरिता तिवारी सहित अन्य अधि./कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### तस्करी मुक्त जिला बनाएंगे

जशपुर पुलिस द्वारा साईंटांगरटोली में ऑपरेशन शंखनाद चलाते हुये 10 तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे 09 पीकअप वाहन, 04 कार, 05 मोटर सायकल जप्त किया गया है, आने वाले दिनों में पूरे जिले में इस तरह की कार्यवाही की जायेगी एवं जिले को पशु तस्करों से पूर्णतः मुक्त कराया जाएगा।

**शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# बी आर साव शास उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार बी आर साव शास उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय मुंगेली में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि मोहन मल्लाह उपाध्यक्ष (नगर पालिका परिषद मुंगेली), विशिष्ट अतिथि जितेंद्र दावड़ा (पार्षद नगर पालिका परिषद मुंगेली), गिरीश रामटेके (संयुक्त कलेक्टर मुंगेली), ज्वाला प्रसाद कौशिक (बीएमओ मुंगेली), श्रीदेवी प्रसाद (अध्यक्ष एसएमसी), अध्यक्ष के.बी. वैष्णव (पूर्व प्राचार्य बी आर साव स्कूल मुंगेली), डीके सोलंकी (पूर्व प्राचार्य बी आर साव स्कूल मुंगेली) विजय सोनी (प्राचार्य नगर पालिका स्कूल मुंगेली), संस्था के प्राचार्य पीसी दिव्य, आरएस क्षत्रिय( उप प्राचार्य), संकुल समन्वयक सुशील जांगड़े, संकुल के व्याख्याता / शिक्षक एवं संकुल के 408 पालक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गनपत घृतलहरे के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं स्वयं पहली से पीजी तक की शिक्षा सरकारी संस्थानों से ग्रहण किया है, छत्तीसगढ़ शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है कि प्रति 2 माह में पीटीएम का आयोजन पर जोर दिया। बीएमओ कौशिक ने कहा कि स्कूल में बच्चों की सभी प्रकार का स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय मुंगेली के टीम द्वारा किया जाएगा।

# अंतर्राज्यीय गौ तस्करो के विरूद्ध मुंगेली पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com





अंतर्राज्यीय गौ तस्करो के विरूद्ध मुंगेली पुलिस की बड़ी कार्यवाही सामने आई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ट्रक एवं मवेशियों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बादल पात्रे द्वारा 05 अगस्त को रात्री करीबन 1 बजे थाना में सूचना दिया गया कि पथरिया मोड के आसपास के मेन रोड में ट्रक में कुछ व्यक्ति गाय बछडा को ट्रक में लोड कर रहे है। सुचना प्राप्त होते ही थाना से टीम रवाना कर रायपुर रोड एवं संबलपुर रोड में नाकेबंदी किया गया। इसी दौरान रात्री करीब 1 बजे बादल पात्रे के द्वारा मवेशी गाडी को पीछा कर एवं रोककर पुछने पर मवेशी लोड करने वाले भागने लगे और ट्रक चालक ट्रक को, फिर से स्टार्ट कर भटगांव सें पथरिया से होते हुए रायपुर की ओर भागने लगा तभी पुलिस के सहयोग से मवेशी ट्रक को पुनः रोक लिया गया । बाद में पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम देवराज भौर्य पिता नोहर सिंह भौर्य उम्र 26 वर्ष निवासी अम्बागढ चैकी जिला राजनांदगांव का बताया। इसके बाद पुलिस स्टाफद्वारा आरोपी डाईवर एवं मवेशी भरे ट्रक को थाना परिसर सिटी कोतवाली मुंगेली में लाया गया और प्रार्थी बादल पात्रे के लिखित आवेदन पत्र के आधार पर ट्रक चालक देवराज भौर्य, ट्रक वाहन मालिक राकेश जसपाल निवासी इंदौर हाल मुकाम रायपुर, सहयोगी रिंकु साहू, भरत, निवासी रायपुर, रमेश्वर सतनामी बेलखुरी पथरिया, विकास बंजारा भथरी के विरूद्ध, अपराध कामय कर विवेचना में लिया गया। आरोपी डाईवर देवराज भौर्य को न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर जेल दाखिल किया जा रहा है। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक गिरीजा शंकर जायसवाल जिला मुंगेली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सालिक राम घृतलहरे मुंगेली, के निर्देश एंव मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर त्वरीत कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त कर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली निरीक्षक तेजनाथ सिंह प्रधान आरक्षक मनोज ठाकुर, प्रमोद वर्मा, आरक्षक टेकसिंह साहू, मनोज टंडन के द्वारा विवेचना हेतु रवाना हुए। ट्रक चालक आरोपी देवराज भौर्य पिता नोहर सिंह भौर्य उम्र 26 वर्ष निवासी अम्बागढ थाना जिला राजनांदगांव से पूछताछ कर ट्रक कमांक 04 जेडी 7825 के डाला में लोड मवेशियों का पंचनामा 05 अगस्त को पंचनामा गवाहो के समक्ष तैयार किया गया। जिसमें 1 देशी गाय लाल रंग, जिसकी सिंग 8 इंच उम्र करीब 6 वर्ष किमती करीब 10 हजार, 1 देशी गाय लाल रंग, जिसकी सिंग 6 इंच उम्र करीब 7,8 वर्ष किमती करीब 10 हजार रूपए , 1 सफेद गाय, सिंग 3 इंच उम्र करीब 4,5 वर्ष किमती करीब 10 हजार रूपए, 1 देशी गाय सफेद रंग, सिंग 3 इंच किमती करीब 10 हजार रूपए, 1 देशी गाय लाल रंग, सिंग 3 इच उम्र 5,6 वर्ष किमती करीब 10 हजार रूपये, 1 देशी गाय लाल रंग, सिंग 4 इच उम्र 4,5 वर्ष किमती 10 हजार रूपये,1 देशी गाय, सिंग 6 इंच उम्र 4,5 वर्ष घायल अवस्था में किमत लगभग 10 हजार, 1 गाय लाल रंग, जिसकी सिंग नही है उम्र 2 साल किमती करीब 5 हजार,1 बछडा लाल रंग, उम्र 2.3 वर्ष सिंग 3 इंच किमत करीब 7 हजार, 1 बछडा काला रंग, सिंह 1 इंच उम्र 2,3 वर्ष किमती लगभग 7 हजार,1 सालडा देशी काला रंग, सिंग 3 इंच उम्र 3..4 साल कीमत करीब 6 हजार, 1 देशी बछडा काला रंग, सिंग 2 इच उम्र 3,4 वर्ष किमती करीब 7 हजार एवं उक्त वाहन में, 1 सफेद रंग की गाय उम्र 9,10 वर्ष जिसकी मृत्यु ट्रक की डाला में मृत्यु हुई है कि किमती 10 हजार रूपए पूर्व गाय व बछडा जीवित हालात मे एवं 1 मृत गाय ,कुल 13 नंग गाय जप्त किया ।

# बहन को छोड़ने जा रहे भाई के साथ धमकी देकर मोबाईल लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सीतापुर क्षेत्र की रहने वाली 18 वर्षीय प्रार्थिया ने 5 अगस्त को थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि यह पत्थलगांव में अपने भाई के साथ किराये के मकान में रहकर रोजी-मजदूरी का कार्य करती है। 4 अगस्त की रात लगभग 09:15 बजे अपने रूम से इसका भाई इसे ढोढीटिकरा से बिलाईटांगर पैदल छोड़ने साथ में जा रहा था, ढोढीटिकरा पुलिया के पास पहुंचे थे उसी दौरान पुलिया के पास ढोढीटिकरा का बदमाश मुकेश कुमार उर्फ नान्हीं इनके पास आया और इसके भाई से किसी बात को लेकर अमर्यादित व्यवहार कर मारपीट का धमकी देकर हाथ में कड़ा पहना था उसी से इसके भाई के सिर में पीछे तरफ मार दिया एवं भाई के पास रखा वीवो कंपनी का मोबाईल कीमती 10 हजार रू. को लूटकर वहां से भाग गया। प्रार्थिया की उक्त रिपोर्ट पर मुकेश कुमार उर्फ नान्हीं के विरूद्ध उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान मुखबीर सूचना पर दबिश देकर मुकेश कुमार उर्फ नान्हीं को उसके निवास से अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में उसके द्वारा उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया एवं उसके मेमोरंडम कथनानुसार लूटे गये मोबाईल को पेश करने पर जप्त किया गया। आरोपी मुकेश कुमार उर्फ नान्हीं उम्र 29 साल निवासी ढोढीटिकरा थाना पत्थलगांव के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सूबत पाये जाने पर उसे 6 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# ओम नमः शिवाय मंत्र के करोड़ों जाप से पवित्र हो रहा है रायगढ़

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



सनातन धर्म और संस्कृति में श्रावण मास का विशेष महत्व है। देवों के देव महादेव का यह प्रिय मास है जिसमें महादेव के पूजन अर्चन का विशेष महत्व है श्रावण मास के साथ संयोग है जिससे यह और विशिष्ट हो गया है शिवभक्तों और श्रद्धालुओं को इस सुअवसर का लाभ पहुंचाने के लिए धर्म रक्षा समिति और हिंद सेवक समिति के तत्वाधान में राजामहल समलाई मंदिर प्रांगण में अखंड ओम नमः शिवाय महामंत्र जाप का 05 अगस्त को श्रीगणेश किया गया। अब इस पंचाक्षरी मंत्र की गूंज से समूचा रायगढ़ अंचल शिवमय होने लगा है। कार्यक्रम संयोजक विकास केडिया ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस अखण्ड ओम नमः शिवाय के जाप में शिवलिंग निर्माण में उपयोग में लाए गए हजारों रुद्राक्ष लाखों पंचाक्षरी मंत्रों से अभिमंत्रित होंगे। लाखों मंत्रों से अभिमंत्रित रुद्राक्ष की शक्ति कई गुणा अधिक बढ़ जायेगी, जिसका लाभ इसे धारण करने वाले शिवभक्त को शीघ्र प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि पूरे दिन पंडाल में शिवभक्तों की उपस्थिति बनी रहती है जिसमें विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से जाप करते देखना सुखद आध्यात्मिक अनुभव है। इस पुण्य अवसर पर संस्था के दो दर्जन के करीब पदाधिकारी व स्वयंसेवक अपने अथक प्रयास और समर्पण से इस धार्मिक आयोजन को और अधिक भव्य और पुण्य दायक बनाने की दिशा में दिन रात तत्पर हैं।

# श्रीरामलला दर्शन योजना : जिले के 64 तीर्थयात्री करेंगे अयोध्या दर्शन

## विधायक, कलेक्टर एवं एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर दल को किया रवाना

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत तीर्थयात्रियों को अयोध्या में रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल ने 64 यात्रियों के दल को जिला कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने तीर्थयात्रियों का गुलाल व पुष्पाहार से स्वागत कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। बसों में सवार ये तीर्थयात्री मुंगेली से बिलासपुर रेलवे स्टेशन जाएंगे और वहां से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। रवाना होने से पहले तीर्थयात्रियों में खासा उत्साह नजर आया। बस में बैठे महिला-पुरूष तीर्थ यात्री जय श्री राम का नारा लगाते हुए अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। ग्राम गोड़खाम्ही के 74 वर्षीय जुठेल निषाद ने कहा कि शासन की योजना के तहत उन्हें अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन करने का अवसर मिल रहा है, इससे वह काफी उत्साहित है। ग्राम पथरगढ़ी के 70 वर्षीय मनहरण ने बताया कि वह अयोध्या जाने के लिए कभी नहीं सोचा था, लेकिन शासन की योजना के तहत अयोध्या जाने का मौका मिलना सौभाग्य की बात है। वहीं ग्राम साल्हेघोरी की 75 वर्षीय सवनी बाई ने कहा कि शासन की योजना के वजह से ही वह अयोध्या जा पा रही है। सभी तीर्थयात्रियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए सरकार द्वारा की गई इस पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि इन तीर्थयात्रियों को दो बसों के माध्यम से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन तक भेजा गया। वहां से सभी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इन सभी तीर्थयात्रियों को रास्ते में खाने पीने, अयोध्या में ठहरने और दर्शन के बाद वापस घर तक निःशुल्क पहुंचाया जाएगा। तीर्थ यात्रा के दौरान दो कर्मचारी देखरेख के लिए लगाए गए हैं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# स्कूल जतन, जल जीवन मिशन के कार्यों को गंभीरतापूर्वक करें : कलेक्टर



**मुंगेली।** कलेक्टर जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में गांव, गरीब और आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने दूर-दराज से आए आम लोगों की समस्याओं को सुना और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल भी मौजूद रहे। जनदर्शन में कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम फुलवारी कला के तारन कुमार ने स्कूल जतन योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला की मरम्मत कराने की मांग की। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम सम्बलपुर तथा पौनी के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारी कार्य करें।

# जनसमस्या निवारण पखवाडा : जशपुर बालाजी मंदिर के सामने सामुदायिक भवन में हुआ शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छ.ग. शासन के निर्देशनुसार नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर के वार्ड क्रमांक 13 के नागरिकों की जन समस्या के निराकारण किये जाने के लिए सामुदायिक भवन, बालाजी मंदिर के समाने, में जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से 3.00 बजे तक किया गया। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में शंकर राम पिता स्व. लुथरू राम का पेंशन प्रकारण का स्वीकृति प्रदान कर निराकरण किया गया। शिविर में उपस्थित आम नागरिकों को पौधा वितरण की गई। शासन के द्वारा चलाई जा रही जन समस्या निवारण पखवाड़ा के संदर्भ में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री



आवास योजना, धनवंतरी योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, पेंशन योजना महतारी वंदन योजना आयोध्या घाम तिथि यात्रा योजनाओं की जानकारी उपस्थित आम नागरिकों को दी गई एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के संबंध में उपस्थित आम नागरीकों से अपील की गई की घरों के बाहर कचरा न फेंके, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई दीदीयों को गीला एवं सुखा कचरा अलग-अलग छाट कर देने तथा नगर को स्वच्छ रखने की अपील की गई। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में कुल 482 आवेदन प्राप्त हुई, जिसमें मांग के 427 आवेदन तथा शिकायत से संबंधित 55 आवेदन प्राप्त हुए। निर्माण से संबंधित 68 आवेदन, विद्युत से 29 आवेदन, सफाई से 39 आवेदन, पेंशन के 18 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास 89 आवेदन, जलप्रदाय के 56 आवेदन, राशनकार्ड के 83, जन्म-मृत्यू के 28, राजस्व के 05 प्रकारण, विवाह पंजीयन के 01 तथा महिला बाल विकास के 07, वन विभाग के 05, सामान्य प्रशसन के 02 प्रकारण, विद्युत विभाग के 05 आवेदन तथा राजस्व विभाग के 47 आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त शिकायत पर मुख्यनगरपालिका अधिकारी के निर्देशनुसार प्रभारी अधिकारीयों द्वारा तत्काल कार्यावाही करते हुए मौके पर ही 230 प्रकारण का निराकारण किया गया। जिसमें नाली सफाई, कचरा हटाना, विधुत पोल में स्ट्रीट लाईट लगवाना एवं नल में पानी न आने की समस्या का निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर स्थल पर ही आयुस्मान कार्ड बना कर हितग्राहीयों को प्रदाय किया गया।

# बालोद जिले में हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा और बाईक रैली का होगा आयोजन

## आगामी आने वाले दिनों में होने वाले कार्यक्रम की रुप रेखा तैयार करने भाजपा कार्यसमिति की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार और भाजपा जिलाध्यक्ष के द्वारा जिले के सभी मंडलों में हर बूथों पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम करने निर्देशित किया गया। बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा में जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिले के तीनों विधानसभा से आए हुए प्रदेश पदाधिकारी, जिले के पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के पदाधिकारी, समस्त जनप्रतिनिधि गण, सभी प्रकोष्ठ के संयोजक, सह संयोजक व समस्त जेष्ठ श्रेष्ट कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आगामी 11 से 14 अगस्त में होने वाले कार्यक्रम, हर घर तिरंगा, एक पेड़ मां के नाम, विभाजन की विभीषिका, यह तीनों कार्यक्रमों को विराट रूप देनें 9 अगस्त को सभी नव मंडलों में बैठक की जाएगी। हर कार्यक्रम में युवा मोर्चा की अहम भूमिका रहेगी। युवा मोर्चा द्वारा वृहद बाइक रैली पूरे 9 मंडलों में की जावेगी। सभी मंडलों के शहीद स्मारक एवं प्रतिमाओं व उनके आस पास साफ-सफाई (स्वच्छता अभियान) किया जाएगा। मौन जुलूस (विभाजन की विभीषिका), भव्य तिरंगा यात्रा का भी आयोजन पूरे मंडलों में होना तय हुआ है। इन सभी कार्यक्रम को जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, जनप्रतिनिधि गण, प्रकोष्ठ के संयोजक, सह संयोजक सभी मिलकर अपने अपने मंडलों में कार्यक्रम को विराट रूप से आयोजित करेंगे।



### तिरंगे को लेकर यह उत्साह उमंग हमें एक दूसरे से जोड़ती है

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों 15 अगस्त का दिन अब दूर नहीं और अब तो 15 अगस्त के साथ एक और अभियान जुड़ गया है, हर घर तिरंगा अभियान पिछले कुछ वर्षों से तो पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान के लिए सबका जोश हाई रहता है, गरीब हो, अमीर हो, छोटा घर हो, बड़ा घर हो, हर कोई तिरंगा लहरा कर गर्व का अनुभव करता है, जब कॉलोनी या समिति के एक-एक घर के पर तिरंगा लहराता है, तो देखते ही देखते दूसरे घरों पर भी तिरंगा दिखने लगता है, हर घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान में एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है, कुछ लोग तो तिरंगा अपने दोस्तों, पड़ोसियों को बांटते भी हैं, तिरंगे को लेकर यह उत्साह यह उमंग हमें एक दूसरे से जोड़ती है।

### वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर करेंगे माल्यार्पण

जिलाध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि 11 से 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। 12 से 14 अगस्त महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम करेंगे। 13 से 15 अगस्त महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों पर माल्यार्पण करेंगे। 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस है। भारत का विभाजन तथा अभूतपूर्व मानव स्थापना एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी इस अवसर पर संगोष्ठी सम्मेलन करते हुए विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक प्रतीक कार्यकर्ता करोड़ों देशवासियों के साथ मिलकर प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केंद्रों पर हर घर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, इन कार्यक्रमों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, ताकि वे राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत-प्रोत रहे। इस कार्यक्रम में हर कार्यकर्ता समाज के सभी वर्गों के लोगों को जोड़कर आम जनमानस की सहभागिता के साथ पार्टी के कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। इस कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राकेश छोटू यादव, चेमन देशमुख ने किया। आभार जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू ने किया। वही कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू, नेता यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णकांत पवार, अभिषेक शुक्ला, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, नेता यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष वरिष्ठ नेता लेखराम साहू, महामंत्री चेमन देशमुख, राकेश छोटू यादव, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, उपाध्यक्ष किशोरी साहू, त्रिलोकी साहू, देवेंद्र जायसवाल, नरेश यदु, अनीता कुमेटी, जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मीना सत्येंद्र साहू, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष शीतल नायक, जिला मंत्री शरद ठाकुर, अमित चोपड़ा, राजेश दसोडे, जयेश ठाकुर, कृतिका साहू, अंबिका यादव, कमल पनपालिया, संदीप सिन्हा, कमलेश सोनी, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर, मनीष झा, राकेश द्विवेदी, रुपेश सिन्हा, दुष्यंत सोनवानी, कौशल साहू, टिनेश्वर बघेल, प्रणेश जैन, मोर्चा से आदित्य पिपरे, अकबर तिगाला, तोमन साहू, शुभ सिंह एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्तिथ रहें।

# जनता से जुड़ी सभी जनकल्याणकारी नीतियों को दस्तावेज में शामिल किया जाएगा : ओपी चौधरी

## अमृत काल : छत्तीसगढ़ विजन-2047 विजन डाक्युमेंट तैयार करने स्टियरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग द्वारा अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन-2047 के तहत स्टियरिंग कमेटी की बैठक मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर में आयोजित की गई। बैठक वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी की अध्यक्षता एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन की सह-अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य 2047 तक छत्तीसगढ़ को एक विकसित राज्य बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और नीतियों पर चर्चा करना था। बैठक में राज्य नीति आयोग के सदस्य, सलाहकार, विभिन्न विभागों के सचिव और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, बुनियादी ढांचा, उद्योग और पर्यावरण संरक्षण, कृषि, टेक्नोलॉजी, कला और संस्कृति की पहचान सहित अन्य विषयों पर राज्य को विकसित राज्य बनाने की संकल्पना पर आधारित विषयों को प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया गया। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने अधिकारियों को विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विधानसभा बजट सत्र में घोषणा की थी कि राज्य स्थापना दिवस, 1 नवंबर 2024 को 'अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन /2047' दस्तावेज़ जारी किया जाएगा। इस विजन डॉक्यूमेंट में अगले 23 वर्षों में छत्तीसगढ़ के विकास की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिसमें राज्य के सभी सेक्टर्स के त्वरित विकास को सुनिश्चित किया जाएगा। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि सभी वर्गों के कल्याण के लिए केन्द्रीय बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन बजट प्रावधानों को भी ध्यान में रखते हुए हमारा विजन तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विजन दस्तावेज में सभी विभागों के विजन को शामिल करने के लिए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसके लिए सभी संभागों में युवा, महिला, कृषक और प्रबुद्धजनों के साथ जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर उनके विचारों को शामिल किया जा रहा है। साथ ही मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़ पोर्टल के माध्यम से लोगों के सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। मंत्री ओ.पी. चौधरी ने सर्विस सेक्टर को और ज्यादा बढ़ावा देने, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने, भविष्य में जल की जरूरतों को पूरा करने, राज्य के युवाओं के लिए उद्यमशिलता को बढ़ावा देने, राज्य में पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए उस पर फोकस करना है। वित्तीय स्त्रोतों को बढ़ाने के उपायों, ग्रीन एनर्जी की डिमांड, केन्द्रीय सरकार के भविष्य की नीति, पर्यटन के क्षेत्र में ब्रांड विकसित करने, जिसमें रोजगार और राजस्व का सृजन, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को दस्तावेज में शामिल कर सरल और सुशासित छत्तीसगढ़ बनाने तथा राज्य के नागरिक खुशहाल जीवन जी सके जैसे बातों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों द्वारा संबंधित क्षेत्रों के विकास के लिए बनायी जा रही नीतियों की भी जानकारी होनी चाहिए। स्वस्थ और खुशहाल छत्तीसगढ़ के लिए उन्होंने स्वास्थ्य और सुपोषण पर जोर देते हुए, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं तथा सभी को सस्ता और सुलभ ईलाज की उचित व्यवस्था को भी दस्तावेज में शामिल किए जाने की बात कही। उन्होंने राज्यों के कुछ शहरों को मेडीसिटी के रूप में विकसित करने, जनसंख्या आधारित स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यक्रम बनाने तथा सुपोषण के लिए अभियान चलाने की भी बात कही। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने छत्तीसगढ़ को कृषि और संबंधित सुपर फूड के पॉवर हब के रूप में विकसित करने, लाजिस्टिक सेवाओं के विस्तार, वायु और सड़क मार्ग की कनेक्टिविटी विकसित करने, हर्बल राज्य के रूप में विकास करने पर जोर दिया। बीपीओ और केपीओ सर्विस की बढ़ोत्तरी, वाईब्रेंड स्टार्टअप विकसित करने, एआई और आईटी सर्विस को बढ़ाने जैसे विषयों को विजन दस्तावेज में प्रमुखता से शामिल करने की बात कही। विजन डाक्युमेंट तैयार करने के संबंध में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, नीति आयोग के सदस्य एस.सुब्रमण्यम, सदस्य सचिव अनुप श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के सचिव अंकित आनंद, सचिव सुशासन और अभिसरण राहुल भगत ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव बैठक में दिए।

# श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइस में 'दीक्षित जीवनशैली-वजन घटाने तथा मधुमेह नियंत्रण' विषय पर वर्कशाप का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा 'दीक्षित जीवनशैली- वजन घटाने व मधुमेह नियंत्रण' विषय पर वर्कशाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग के जूनियर रेसीडेन्ट डॉ. मिथिलेस साहू द्वारा सभी अतिथियों का संबोधन के साथ किया गया। अतिथियों में बी.जे. गर्वमेंट मेडिकल कॉलेज पुणे के कम्यूनिटि मेडीसीन विभाग के प्रोफेसर मुख्य वक्ता, श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पीटल एवं कालेज के चेयरमेन डॉ. देवेन्द्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डायरेक्टर सीए नितिन पटेल, डीन डॉ. देवश्री सरकार सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं फैकल्टी अध्ययनरत मेडिकल स्टूडेन्ट बैच-2021 एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका साहू, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बिसेन थामस, असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ. श्रावणी आर, असिस्टेट प्रोफेसर डॉ. स्मिताभ बारीक व सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मिथिलेस द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. जे.वी. दीक्षित को मंच पर व्याख्यान देने के लिए आग्रह किया गया, उन्होंने बताया कि आज हमारे बीच में उपस्थित डॉ. जे.वी. दीक्षित है जो महाराष्ट्र सरकार के 'मोटापा के विरुद्ध कैंपेन' अभियान के ब्रांड एम्बेसडर है, जिन्होंने 40 से अधिक किताबें, 2 टेक्सटबुक मेडिकल स्टूडेन्ट, 1 टेक्स्टबुक नर्सिंग स्टूडेन्ट, 20 किताबें हेल्थ एजुकेशन के साथ ही 63 रिसर्च आर्टिकल पर लिखे हैं। डॉ. दीक्षित डब्ल्युएचओ व युनीसेफ जैसे संस्थाओं में बतौर कस्लटेन्ट भी कार्य किया है। डॉ. जे.वी. दीक्षित ने अपने व्याख्यान में मुख्य रूप से मोटापा रोकने व मधुमेह बचाव के बारे में बताया। उन्होंने मुख्यतः बताया कि दिन में केवल दो बार जब भूख लगे तभी खाना खाना चाहिए, साथ ही भोजन को 55 मिनट के भीतर ही कर लेना चाहिए। खाने में कार्बोहाइड्रेड युक्त भोजन की मात्रा कम करें तथा प्रोटीन युक्त भोजन को अधिक शामिल करे। खाने में शक्कर, गुड़ व इनसे बनी पदार्थ की वस्तुओं जैसे मिठाई व अन्य कम लेना चाहिए। प्रत्येक दिन कम से कम 4.5 किमी. पैदल चले व 45 मिनट के भीतर चले। उन्होंने बताया यह सभी क्रियाएं अपनी जीवनशैली में शामिल करते हैं तो मधुमेह को नियंत्रण में किया जा सकता है, साथ ही मोटापा को भी दूर किया जा सकता है। उन्होंने बताया यह जीवनशैली लगातार 6 महीने तक करने से कम से कम 3 से 5 किलो वजन कम हो जाएगा। डॉ. जे.वी. दीक्षित के बाद चेयरमेन डॉ. देवेन्द्र नायक ने डॉ. दीक्षित के द्वारा बताये गए मुख्य बिदुंओं पर प्रकाश डाला व कार्यक्रम के अंत में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## भारतीय डाक विभाग द्वारा रक्षाबंधन पर्व के लिए की गयी विशेष व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आगामी रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राहकों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं । इस व्यवस्था के तहत विशेष राखी लिफाफा का प्रकाशन कराया गया ताकि इस लिफाफे का उपयोग कर राखियों को शीघ्रता से स्पीड-पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किया जा सके। यह विशेष लिफाफा रायपुर प्रधान डाक घर सहित रायपुर संभाग के सभी डाकघरों में उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा राखी प्रेषण के लिए पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर स्थित नेशनल सार्टिंग हब में चौबीसों घंटे एवं प्रधान डाकघर में सुबह 08.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक और शहर एवं अन्य डाकघरों में स्पीड-पोस्ट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। अत्यधिक मात्रा में स्पीड-पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल बुकिंग के लिए रेलवे स्टेशन चौक के पास, गंज डाकघर परिसर में स्थित बल्क प्रोसेसिंग सेंटर में बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। जहां बल्क में राखियां प्रेषित की जा सकती हैं।

## किसानों को लक्ष्य का 81 प्रतिशत रासायनिक खाद वितरित

**रायपुर।** प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। 05 अगस्त 2024 की स्थिति में किसानों को 11 लाख 14 हजार मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जो लक्ष्य का 81 प्रतिशत है। वितरित किए गए उर्वरक में 5 लाख 36 हजार 84 मीट्रिक टन यूरिया, 2 लाख 49 हजार 740 मीट्रिक टन डीएपी, एक लाख 38 हजार 652 मीट्रिक टन एनपीके, 47 हजार 741 मीट्रिक टन पोटाश तथा एक लाख 42 हजार 83 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट का वितरण शामिल है। चालू खरीफ सीजन के लिए राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से किसानों को 13 लाख 68 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध अब तक 14 लाख 72 हजार मीट्रिक टन का भण्डारण करा लिया गया है।

## रायपुर नगर निगम, जोन 8 में हुआ जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार पूरे प्रदेशभर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहें हैं। इसी तारतम्य में रायपुर के विभिन्न वार्डो में जनसमस्या निवारण पखवाडा शिविरो का आयोजन रखा जा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक राजेश मूणत की विशेष उपस्थित में नगर निगम जोन 8 के माधव राव सप्रे वार्ड के रायपुरा श्रीराम चबूतरा में शिविर लगाया गया। इस दौरान विधायक राजेश मूणत ने अधिकारियों को नागरिको से प्राप्त सभी शिकायतों का शत प्रतिशत समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मूणत ने जनसमस्या निवारण शिविर मंच से श्री सांई महिला स्वसहायता समूह और किसानी महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से उनकी मांगे सुनी। जिसके उपरांत उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए क्रमशः 2 लाख 60 हजार और 3 लाख 50 हजार रूपए का चैक तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने उज्जवल महिला स्वसहायता समूह, सिद्धी विनायक महिला स्वसहायता समूह को प्रमाण पत्र प्रदत्त किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में आमजन राशन कार्ड का आवेदन देने पहुंचे थे। मूणत के आदेश के बाद तत्काल उन्हें राशन कार्ड समेत आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, समूह ऋण, व्यक्तिगत ऋण सहित सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट एवं अन्य जनसमस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध करवाया गया।

## नियामक आयोग ने विद्युत कंपनी मुख्यालय में स्मार्ट मीटरिंग का प्रस्तुतिकरण देखा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में स्मार्ट मीटरिंग की कार्यप्रणाली एवं प्रगति से संबंधित प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के साथ ही उपभोक्ताओं को भी स्मार्ट बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से प्राप्त होने वाले आंकड़ों का उपयोग वितरण कंपनी की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए किया जा सकता है। विद्युत सेवाभवन मे प्रबंध निदेशकगण भीमसिंह कंवर, एस.के. कटियार, राजेश कुमार शुक्ला सहित कार्यपालक निदेशक, मुख्य अभियंताओं व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में अतिरिक्त मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) अब्राहम वर्गीज ने पॉवर पाइंट के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर टाटा पॉवर और जीनस कंपनी के अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया गया है। आयोग को बताया गया कि जिन परिसरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है उसकी निरंतर समीक्षा की जा रही है। स्मार्ट मीटर की रीडिंग सटीक और वास्तविक है। पुराने मीटरों की रीडिंग व स्मार्ट मीटर की रीडिंग में मान्य सीमा के अंदर ही विचलन पाया गया जो 0.1 प्रतिशत से कम है। इस अवसर पर हेमंत वर्मा ने कहा कि यह योजना आधुनिक तकनीकी पर आधारित है जिसके सही उपयोग से उपभोक्ता को अपने घर की बिजली खपत की जानकारी, बिजली उपभोग की ट्रैकिंग, उपभोग की वास्तविक जानकारी व नियंत्रण करने का अधिकार मिलेगा। यह योजना संपूर्ण रूप से उपभोक्ता हित में बनाई गई है।

## पूरे प्रदेश में खुला जानवर बड़ी समस्या बन गए हैं : भूपेश बघेल

### खुले जानवर को लेकर 16 को पाटन एसडीएम कार्यालय में छोड़ा जाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि पाटन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसजनों की बैठक थी जहां सभी साथियों ने चिंता व्यक्त की कि जो छुट्टा जानवर है उससे लोग परेशान है। क्योंकि रोपाई हो चुका है किसान परेशान है अपने फसल बचाने के लिये। और फसल बचाने के लिये किसान एक गांव से छुट्टा जानवर को दूसरे गांव, तीसरे गांव ले जाते है। ऐसे करीब-करीब अधिकांश गांव की स्थिति है। पाटन विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने फैसला किया है कि एसडीएम को नोटिस दिया जाये। 15 अगस्त तक के जो छुट्टे जानवर है उसकी व्यवस्था कर ले, नहीं तो 16 अगस्त को पूरे क्षेत्र में छुट्टा जानवर पाटन एसडीएम के कार्यालय के सामने लाकर जंगी प्रदर्शन किया जायेगा। खुला मवेशी ये बड़ी समस्या है इसके निदान के लिये जब हम लोग सरकार में थे तो गोठान का निर्माण किया था। इसका मुख्य उद्देश्य फसल को बचाना और दूसरा गौवंश को बचाना और उसकी सेवा करना, दो उद्देश्य थे इसको लेकर गौठान की शुरूआत हुई थी, लगभग 10 हजार गौठान बनाये थे जिसमें 7 हजार गौठान स्वावलंबी हो चुके थे। लेकिन जो वर्तमान सरकार है उन्होने बिना सोचे गोठान संचालन बंद कर दिया। जो गोबर विक्रय किये थे उसका भुगतान नहीं हुआ है। जो वर्मी कमोस्ट बना है उसका भी भुगतान नहीं हुआ है। उन्होने गोठानों के जांच की घोषणा कर दी यह घोषणा विधानसभा के बजट सत्र में की गयी थी। जांच केवल फाइलो में है और न ही जांच हो रही है। आप लोगों ने कभी नहीं सुना होगा कि किसी गोठान में जाकर अधिकारी या जांच टीम जांच कर रही है। जांच बंद कर दिया गया है कि अब स्थिति यह है कि एक तरफ किसान फसल बचाने के लिये मजबूर है तो दूसरी तरफ छुट्टे जानवर है वो सड़को पर दिखाई दे रहे है। रोज एक्सीडेंट हो रहा है राष्ट्रीय मार्ग में हो रहा है, प्रदेश के मार्ग में हो रहा है, गांव में हो रहा है। किसी भी गांव जायेंगे तो 50-60 जानवर बैठे मिलेंगे। एक तरफ फसल बचाना और दूसरी तरफ रोड एक्सीडेंट से जान माल दोनों की नुकसान हो रहा है। इस मामले में उच्च न्यायालय ने संज्ञान में लिया है और सीएस को बुलाया भी था, इसकी जानकारी नहीं है क्या हुआ था? ऐसे में जब व्यवस्था है पिछले विधानसभा सत्र में मैं कहा भी था कि नई व्यवस्था थी हम लोगों ने भरपूर कोशिश की इसमें स्वयं संचालित हो सके, गोठान समितियां भी बनाई थी उसको भी हम लोग मानदेय दे रहे थे लेकिन ये सरकार एक झटके में बंद कर दिया। मैंने विष्णु देव साय जी से भी कहा था कि आपके पास कोई नई योजना हो उसे लागू करे, क्योंकि ये किसानों से जुड़ा हुआ मामला है, गौण से जुड़ा हुआ मामला है, लोगों की जानमाल से जुड़ा हुआ मामला है एक झटके में बंद मत करिये। आपको संकोच नहीं करना चाहिये, आप जांच के नाम से बंद कर दिये है ये गलत बात है। इसमें कुछ नया जोड़ना चाहते है तो जोड़िये जमीन आरक्षित होगी तो डेढ़ लाख एकड़ जमीन पूरे प्रदेश में करीब हर गांव में हर पंचायतों में आरक्षित हो गया। ये जमीन आरक्षित हो गया स्ट्रक्चर खड़ा हो गया इसका उपयोग होना चाहिये। कुछ नया करना चाहते करिये इसे बंद मत करिये। स्थिति ये है सरकार की हठधर्मिता से एक तो फसल बचाना मुश्किल हो गया है एक तो किसान आपस में झगड़ा शुरू करेंगे और दूसरा और सड़कों पर दुर्घटनायें बढ़ी है और तीसरा पशु है। तस्कर पशु को ट्रकों में भरकर बार्डर में ले जा रहे है बेच रहे है बहुत धड़ल्ले से काम हो रहा है।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403